वर्ष-31, अंक- 252, पृष्ठ-12 | असाढ़ शुक्ल पक्ष 04, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
29 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 10



## एक नजर

### रथ यात्रा पर राम की न्याय प्रियता पर गोष्ठी

**रांची** । रथ यात्रा के पावन अवसर पर राजा राम की न्याय प्रियता पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डा एस एस उपाध्याय (सेवा निवृत न्यायमूर्ति)थे। उन्होंने कहा कि यद्यपि कि राम का जन्म त्रेता में राज परिवार रघुकुल में हुआ था, लेकिन उनकी न्याय प्रणाली लोकतांत्रिक थी। रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो डॉ जंग बहादुर पाण्डेय ने कहा कि राजा राम की न्याय व्यवस्था निष्पक्ष, पारदर्शी और तटस्थ थी। गलती करने पर उन्होंने अपने प्रिय अनुज लक्ष्मण को राज्य से बहिष्कृत कर दिया था और लोक की आराधना के लिए जानकी तक का परित्याग कर दिया था। डॉ हीरानंद प्रसाद,डॉ विनोद सिंह गहरवार,डॉ विष्णु जायसवाल,डॉ प्रशांत गौरव,डॉ चंद्र मणि किशोर,डॉ मणिश शर्मा,डॉ प्रदीप कुमार वर्मा,डॉ सीमा कुमारी,डॉ पूनम किंकर , डॉ गौतम कुमार गुप्ता,शैलेन्द्र कुमार, मन्नु ओझा ,आसमां ओझा ,अंशिका त्रिपाठी के भी उद्बोधन हुए ।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




### इंचैम हनोई से एमओयू के बाद एफजेसीसीआई अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा-

# झारखंड-हनोई में हुए समझौते से बढ़ेंगे व्यापार के अवसर

- **अंतराष्ट्रीय दौरे में शामिल एफजेसीसीआई का प्रतिनिधिमंडल आमंत्रण पर गया था हनोई**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** अंतराष्ट्रीय दौरे में शामिल फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) का विशेष प्रतिनिधिमंडल शनिवार को वियतनाम के हनोई में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स इन वियतनाम, हनोई (इंचैम हनोई) के आमंत्रण पर पहुंचा था। एफजेसीसीआई और इंचैम हनोई के साथ एक बैठक भी हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य दोनों संगठनों के बीच व्यापारिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और औद्योगिक निवेश की संभावनाओं को सुदृढ़ करना था।

ज्ञात हो कि इंचैम हनोई वियतनाम में भारतीय व्यापारिक समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाला प्रमुख संगठन है। इसका उद्देश्य भारत और वियतनाम के बीच व्यापार, निवेश और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देना है। यह संस्था भारतीय दूतावास के सहयोग से व्यापारिक गतिविधियां, नेटवर्किंग इवेंट्स और द्विपक्षीय कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने में अहम भूमिका निभा रही है।

प्रवक्ता सुनील सरावगी के अनुसार, इस अवसर पर एफजेसीसीआई और इंचैम हनोई के बीच एक औपचारिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। इसका उद्देश्य झारखंड और वियतनाम के व्यापारिक समुदाय के बीच दीर्घकालिक सहयोग की नींव रखना है। एफजेसीसीआई के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि झारखंड चैंबर और इंचैम हनोई के बीच हुआ यह समझौता न केवल द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देगा, बल्कि दोनों देशों के लघु, मध्यम और स्टार्टअप

शेष पेज 11 पर...



### वियतनाम में व्यापार स्थापित करना सरल : संदीप आर्य

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) के अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में एफजेसीसीआई के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने वियतनाम में भारतीय दूतावास में भारत के राजदूत संदीप आर्य से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर भारतीय राजदूत आर्य ने वियतनाम के सामाजिक, आर्थिक एवं व्यापारिक परिदृश्य की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्पेशल इकोनॉमिक जोन में प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर की सराहना करते हुए बताया कि वियतनाम में व्यापार स्थापित करना सरल और सुविधाजनक है। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने वियतनाम में भारतीय राजदूत के साथ संपन्न हुई बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए इसे झारखंड के विकास के लिए सहायक बताया। भारतीय राजदूत ने वियतनाम के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम और देश के एकीकरण की पृष्ठभूमि की जानकारी साझा करते हुए वर्तमान राजनीतिक एवं कारोबारी स्थिरता को भारत के निवेशकों के लिए एक सुनहरा अवसर बताया। उन्होंने झारखंड के उद्यमियों को वियतनाम में व्यापारिक विस्तार, साझेदारी तथा निर्यात के लिए प्रोत्साहित किया। वार्ता के क्रम में उन्होंने विशेष रूप से उन क्षेत्रों का उल्लेख किया, जिनमें झारखंड के व्यापारी व उद्यमी वियतनाम के साथ मिलकर कार्य कर सकते हैं, जैसे खनिज आधारित उद्योग, कृषि प्रसंस्करण, हैंडीक्राफ्ट, फार्मास्युटिकल्स और शिक्षा सेवाएं। राजदूत ने झारखंड से उद्यमी-व्यापारी जगत के प्रतिनिधिमंडल के वियतनाम में आने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि वे हमेशा चाहते हैं कि भारत और वियतनाम के मध्य व्यापार की वृद्धि हो। बैठक का समापन राजदूत संदीप आर्य के सम्मान में सम्मान समारोह एवं भारतीय राष्ट्रगान की प्रस्तुति के साथ हुआ। चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि वियतनाम में उपलब्ध व्यापार अवसरों की जानकारी और राजदूत संदीप आर्य द्वारा प्रदान किया गया मार्गदर्शन निश्चित रूप से झारखंड के उद्यमियों के लिए नई राहें खोलेगा।

### यह व्यापार और सांस्कृतिक समृद्धि की नई मिसाल बनेगा : नवेंदु कुमार

इंचैम हनोई के चेयरमैन नवेंदु कुमार ने झारखंड के साथ सहयोग को लेकर गहरी रुचि और उत्साह प्रकट करते हुए कहा कि भारत और वियतनाम के बीच संबंधों का यह नया अध्याय व्यापार और सांस्कृतिक समृद्धि की नई मिसाल बनेगा।

### झारखंड को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम : मल्होत्रा

एफजेसीसीआई महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि यह पहल झारखंड को अंतराष्ट्रीय व्यापार मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह समझौता दोनों संगठनों को व्यापारिक मेल, निवेश सम्मेलनों, प्रतिनिधिमंडल यात्रा, तकनीकी सहयोग, स्टार्टअप एक्सचेंज और सांस्कृतिक साझेदारी जैसे विविध क्षेत्रों में साथ मिलकर कार्य करने की दिशा में प्रतिबद्ध करता है। एफजेसीसीआई के सह सचिव विकास विजयवर्गीय और नवजोत अलग ने संयुक्त रूप से कहा कि यह समझौता झारखंड के उद्यमियों के लिए वैश्विक मंचों पर प्रतिस्पर्धा करने का एक सुनहरा अवसर है। यह पहल झारखंड चैंबर की दूरदर्शिता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की दिशा में समर्पण को दर्शाता है।

### बिहार बना देश का पहला राज्य

# 6 नगरपालिका उपचुनाव में मोबाइल से हुआ मतदान

- **पहली महिला ई-वोटर बनी विभा, पुरुष मतदाता बने मुन्ना कुमार**

**पटना (हि.स.)।** बिहार ने भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक नई डिजिटल क्रांति की शुरुआत कर दी है। देश में पहली बार मोबाइल से ई-वोटिंग की सुविधा को जमीनी हकीकत में बदलते हुए, तीन जिलों की 6 नगरपालिका में हुए उपचुनावों में हजारों मतदाताओं ने घर बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

पूर्वी चंपारण जिले के पकड़ी दयाल की निवासी विभा देवी ने देश की पहली महिला ई-वोटर बनकर इतिहास रच दिया, जबकि मुन्ना कुमार पहले पुरुष ई-वोटर के रूप में वोट डाला। ई-वोटिंग के माध्यम से कुल 67 प्रतिशत लोगों ने अपने मातधिकार का प्रयोग किया। बक्सर जिले की प्रेमावती देवी, जो उम्र के कारण पहले मतदान केंद्र नहीं जा पाती थीं, उन्होंने भी आज मोबाइल से पहली बार वोट डालकर गर्व महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा, मोबाइल से वोट डालना आसान नहीं था, पर बच्चों ने सिखाया और मैंने घर बैठे ही लोकतंत्र में हिस्सा ले लिया। ई-वोटिंग सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक हुई। 67 प्रतिशत ई-वोटर्स ने मतदान में हिस्सा लिया। 80 साल या उससे अधिक उम्र के बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, दिव्यांग, असाध्य रोग से पीड़ित और प्रवासी बिहारियों को ई- मतदान का मौका दिया गया।

बिहार निर्वाचन आयोग के अनुसार यह एक पायलट प्रोजेक्ट है, जिसकी सफलता पूरे देश में ई-वोटिंग प्रणाली के विस्तार की संभावनाएं खोल सकती हैं।

नगर पंतायत के लिए हुए मतदान के नतीजे 30 जून को घोषित किए जाएंगे। बिहार राज्य चुनाव आयुक्त दीपक प्रसाद ने बताया कि 80 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग, दिव्यांग, गर्भवती महिला, असाध्य रोगों से ग्रसित व्यक्ति और प्रवासी बिहारी मतदाता मोबाइल के जरिए ई-वोटिंग प्रक्रिया का लाभ उठा सकते हैं। हालांकि, इसके लिए पहले ही रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होता है।

## नामकूम थाना प्रभारी के गाड़ी में बालू लादे ट्रक ने मारी टक्कर, प्रभारी सहित बॉडी गार्ड घायल

रांची। राजधानी रांची के नामकूम थाना प्रभारी का शनिवार को राउंड लगाने के सड़क हादसा हो गया।

दरअसल, थाना प्रभरी की में अवैध बालू लदे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिस कारण थाना प्रभारी मनोज कुमार और उनका बॉडी गार्ड घायल हो गए। दोनों का इलाज ऑर्किड अस्पताल में चल रहा है।

### प्रधानमंत्री ने की आईएसएस पर गए शुभांशु शुक्ला से बात

# आपकी यात्रा भारत के लिए नए युग का शुभारंभ : नरेन्द्र मोदी

- **शुभांशु ने कहा, अंतरिक्ष से भारत माता की जय**
- **सभी का प्यार पाकर बहुत अच्छा लग रहा है**



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष में गए भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से शनिवार को बात की। इस बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने उनका हालचाल जाना और कहा कि उनकी यह यात्रा नए युग का शुभारंभ है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) पर जाने वाले पहले भारतीय ने देश के लिए इस उपलब्धि को गर्व का क्षण बताया। बातचीत के अंत में उन्होंने 'अंतरिक्ष से भारत माता की जय' कहा।

पीएम मोदी ने शुभांशु शुक्ला से कहा, आप भारतभूमि से दूर हैं, लेकिन भारतवासियों के दिलों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभ आरंभ भी है। जब हम दोनों बात कर रहे हैं, लेकिन मेरे साथ 140 करोड़ भारतवासियों की भावनाएं भी हैं, मेरी आवाज में सभी भारतीयों का उत्साह और उमंग शामिल है। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराने के लिए मैं आपको हार्दिक बधाई देता और शुभकामना देता हूं।

पीएम मोदी ने शुभांशु से पूछा कि वहां सब कुशल मंगल तो है, इस पर शुभांशु ने पीएम मोदी का धन्यवाद देते हुए कहा कि वहां सब ठीक है। उन्होंने कहा, सभी के आशीर्वाद और प्यार पाकर बहुत अच्छा लग रहा है। मेरी यात्रा पृथ्वी से ऑर्बिट तक की 400 किमी की यात्रा बेहद अहम है। आज मैं गर्व महसूस कर रहा हूं कि मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व कर पा रहा हूं।

प्रधानमंत्री ने अपनी बातचीत में कहा कि हर भारतीय देख रहा है कि शुभांशु शुक्ला कितने 'डाउन टू अर्थ' हैं। पीएम ने पूछा कि उन्होंने अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों को भी गाजर का हलवा खिलाया या नहीं? उन्होंने शुभांशु से पूछा कि अंतरिक्ष की विशालता देखकर पहला ख्याल क्या आया? इसके जवाब में भारतीय

शेष पेज 11 पर...

### शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए मांगी जा रही विशेष दुआ, हो रही प्रार्थना

# दिशोम गुरु के स्वास्थ्य में तेजी से हो रहा सुधार : संजय सेठ

- **दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले संजय सेठ, अन्नपूर्णा देवी, कुणाल सारंगी**
- **प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलेश भी मिले**

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**





**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए शनिवार को मस्जिदों में विशेष दुआ का आयोजन किया गया। अन्य जगहों पर दुआ करने का आह्वान किया गया है। कांग्रेस के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी की अपील पर यह आयोजन हो रहा है। वहीं, लोग मंदिरों में उनके जल्द स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना भी कर रहे हैं। राज्य के श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि गुरुजी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के अभिभावक हैं। उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं होना पूरे राज्य के लिए चिंता का विषय है। इसलिए हर सुबह वे मां दुर्गा भवानी से प्रार्थना कर रहे हैं कि गुरुजी शिबू सोरेन जल्द ठीक हो जाएं।



वहीं, रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के संजय सेठ ने शनिवार को नई दिल्ली में सर गंगाराम अस्पताल जाकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुलाकात के बाद संजय सेठ ने बताया कि दिशोम गुरु के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। बहुत जल्द ही वे झारखंड को आशीर्वाद देने के लिए हम सबके बीच होंगे। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के बाद उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर बताया कि दिल्ली स्थित गंगाराम अस्पताल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भेंट कर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। ईश्वर से प्रार्थना है कि 'गुरुजी' शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ हों। इधर, झामुमो नेता कुणाल सारंगी ने भी दिल्ली में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की और गुरुजी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। कुणाल सारंगी ने भी कहा कि गुरुजी का स्वास्थ्य स्थिर है और चिंता की बात नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया

शेष पेज 11 पर...

## इंडिया

# वो फिरायालाल चौक वाला परमवीर अलबर्ट एक्का



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का बाक़ी यही निशां होगा ।पर बिना शहीद हुए बिना किसी योगदान के राजनीतिक दबाव में ऐसे लोगों के नाम पर सड़क,फ्लाई ओवर या मूर्तियां यदि कहीं लगें तो युवा पीढ़ी सवाल करती है कि ये महापुरुष कौन थे ? स्थिति यह है कि रांची के मेन रोड को महात्मा गांधी रोड के रूप में कोई नहीं जानता,धुर्वा इलाके में कैलाशपति मिश्र की मूर्ति पर भी कुछ लोगों ने विवाद किया था . इसी तरह झारखंड के प्रायः सभी शहरों में मनमाने ढंग से प्रमुख स्थलों के नामकरण किए गए और अभी भी विभिन्न पार्टियों सहित अनेक प्रभावशाली लोग अपने चेहेतों के नाम सड़क,चौक चौराहों का नामकरण कराने के लिए दबाव बना रहे हैं . कुछ लोग खुद से ही किसी भी चौराहे पर नाम पोत कर इसकी घोषणा कर रहे हैं . नामकरण का अचानक होना इंगित करता है कि इसकी कोई स्पष्ट नीति नहीं बनी हुई है जिससे यह हास्यास्पद स्थिति बनी हुई है या नगर निकायों के नियमों की अनदेखी की जा रही है . 3 दिसंबर 1971 को 20 गोलियां लगने के बाद भी अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने प्राणों की बाजी लगाकर दुश्मन पाकिस्तान के बंकर को नष्ट करनेवाले बिहार झारखंड के एकमात्र परमवीर अलबर्ट एक्का की मूर्ति राजधानी रांची के महात्मा गांधी सड़क के चौराहे पर लगी है पर इस चौराहे को राजनीतिक झंडों से विकृत करने वाले नेताओं, सरकारों और मीडिया ने भी पांच दशकों बाद भी चौराहे को फिरायालाल चौक के रूप में ही याद रखा है,जो शहीदों का अपमान लगता है.इसी प्रकार रिम्स बने दो दशक से अधिक हो गए पर आरएमसीएच का बोर्ड सड़क पर अभी भी मुंह चिढ़ा रहा है .कांके रोड सीएम आवास के पास जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक अभी भी हॉट लिप्स चौक के रूप में याद किया जाता है,महात्मा गांधी रोड की तरह इसपर स्थापित लाला लाजपत राय चौक शायद ही कोई बता सके .सुजाता चौक सभी जानते हैं,महाराजा अग्रसेन चौक अभी भी लालपुर चौक ही है.इन सभी चौक चौराहों को पर्व त्योहारों के समय सरकारी विज्ञापनों में पुराने नामों से ही याद किया जाता है . अलबर्ट एक्का को श्रद्धांजलि देते गुमला के उनके जन्मस्थान जारी को 19 मार्च 2010 को अलबर्ट एक्का प्रखंड बनाया गया जिसके पांच पंचायतों में 60 गांव हैं. 30 हजार 926 आबादी वाले कुछ गांवों में सोलर से बिजली जलती है. पर ग्रामीण विद्युतीकरण अधिकांश गांवों में बिजली नहीं ठीक से नहीं पहुंचा पाई है. टेन प्लस टू स्कूल में महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं. स्वास्थ्य एवं चिकित्सा जैसे विभाग पूर्व के डुमरी से संचालित हो रही हैं, लोग 70 किमी दूर गुमला या छत्तीसगढ़ के जशपुर में जाकर इलाज कराते हैं. अस्पताल भी अधूरा है. परमवीर चक्र विजेता शहीद अलबर्ट एक्का के नाम से बने गुमला के जारी प्रखंड में अभी भी बहुत सारी कमियां हैं . सबसे घनी जनजातीय आबादी वाला गुमला जिला का यह क्षेत्र परमवीर अल्बर्ट एक्का के नाम पर बहादुर सैनिकों की भर्ती का बड़ा केंद्र हो सकता था और लोगों का प्रेरणा स्रोत भी लेकिन दिखावटी राजनीति और सरकारों की उपेक्षा के कारण सिर्फ सजावटी विकास का प्रतीक बनकर रह गया है अल्बर्ट एक्का प्रखंड.पंजाब को वीर भूमि कहा जाता है और वहां शहीदों को सम्मान देने के लिए मंदिरों, गुरुद्वारों जैसे प्रमुख स्थलों में शहीदों के नाम की पट्टिकाएं लगाई जाती हैं और लोग बहुत श्रद्धा से उन्हें याद करते हैं जबकि झारखंड, बिहार जैसे राज्यों में मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों में अपनी नाम पट्टिका लगाने की होड़ मची रहती है जिसमें नेता सबसे आगे रहते हैं. उसके लिए लड़ाई हो जाती है. जिस समाज में शहीदों का सम्मान न होता हो शहीदों की शहादत को प्रेरणा न माना जाता हो और उनकी विधवाओं या आश्रितों को मिलने वाले मुआवजे या अन्य लाभ के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हो वहां नौकरी की इच्छा करने वाले सैनिक तो शायद बहुत मिल जाएंगे लेकिन अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश के लिए अपना बलिदान देने वाला अल्बर्ट एक्का शायद दुर्लभ हो सकता है. यह अलग बात है कि झारखंड भी वीरों की भूमि है और अपने आत्मसम्मान, स्वाभिमान और देश की रक्षा के लिए कुर्बानी देने वालों का बहुत बड़ा इतिहास है लेकिन सवाल समाज, सरकारों और मीडिया से भी जो इन शहीदों के प्रतीकों को आज भी पुराने व्यावसायिक नामों से याद करते हैं और इसीलिए नई पीढ़ी के बच्चे पूछते हैं कौन अल्बर्ट एक्का फिरायालाल चौक वाला?




# भारतीय शूरवीरों शत-शत नमन

**राष्ट्रीय नवीन मेल**




**पुष्पांजलि मिश्रा**

हे भारत के प्रहरी! हमारे जल-थल-नभ सेना के शूरवीरों, आपके अदम्य साहस, इच्छाशक्ति और पराक्रम के समक्ष हम नतमस्तक हैं। आप हमारे देश की आन-बान-शान हैं। पड़ोसी देश से संचालित, घटित आतंकवाद की घटना के विरोध में सभी भारतवासियों का खून खौल रहा था। सभी प्रतिशोध चाहते थे और हम सबके प्रतिनिधिस्वरूप जिस तरह आपने इस सैन्य कार्रवाई को अंजाम दिया, दुश्मन के आतंकी ठिकाने को ध्वस्त किया, यह काबिलेतारीफ है। आपने पूरे विश्व के समक्ष एक उदाहरण प्रस्तुत किया कि जब बात देश और देशवासियों की होगी, तो भारतीय सेना हुंकार भरेगी और सिंह गर्जना के साथ दुश्मन का नामो निशान मिटा देगी। आपने अपना लोहा मनवाया, दिखा दिया कि भारतीय सेना सक्षम है, उनमें समन्वय है, साहस है, धैर्य है। आपने पूरे विश्व को बता दिया कि जो भारत पर गलत दृष्टि डालेगा, उसका परिणाम क्या होगा। आप भारत देश की सीमा पर प्रहरी के रूप में खड़े हैं, जिसकी वजह से हम देशवासी चैन की नींद सो पाते हैं। आप से हमारे देश की शान है। हम सिर्फ आपको ही नहीं, आपके परिवारजनों को भी नमन करते हैं, जिन्होंने आपको देश सेवा के लिए समर्पित किया। 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए आपको बहुत-बहुत बधाई। हमें आप पर गर्व है। जय हिंद, जय हिंद की सेना।

# ट्रेन की चपेट में आकर महिला होमगार्ड जवान गंभीर रूप से घायल, दोनों पैर कटे



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** कोसीआरा रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से महिला होमगार्ड जवान अनुराधा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे में उनके दोनों पैर कट गए। वह हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दुअरा गांव निवासी वीरेंद्र यादव की पुत्री हैं और गिरिडीह में ड्यूटी कर रही थीं। जानकारी के अनुसार, उन्हें देवघर में नई ड्यूटी के लिए कमान लेने मेदिनीनगर जाना था। इसी दौरान ट्रेन से उतरते समय वह हादसे की शिकार हो गईं। घायल अवस्था में उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# मुख्य नहर में जलप्रवाह रोकने से किसानों की चिंता बढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** गुरुवार को खरीफ सीजन के लिए भीमबराज से दायीं मुख्य नहर में छोड़ा गया 271 क्यूसेक पानी शुक्रवार को अचानक बंद कर दिया गया। यह निर्णय औरंगाबाद के मुख्य अभियंता के आदेश पर तकनीकी गेट खराबी के कारण लिया गया। इससे सिमरसोत व हैदरनगर क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान बिचड़ा डालने व खेत की तैयारी में जुटे थे। अब नहर में 1 जुलाई से दोबारा जलप्रवाह शुरू होने की उम्मीद है।



**कोयल नदी में छोड़ा जा रहा 4897 क्यूसेक पानी**

भीमबराज बैराज से दो गेट खोलकर कोयल नदी में 4897 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। स्थिति पर कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश की निगरानी में टीम द्वारा तीन शिफ्ट में लगातार नजर रखी जा रही है।

# परता में मनाया गया माहवारी स्वच्छता दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय परता में जल सहियाओं द्वारा माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया गया। जल सहिया गीता देवी ने छात्राओं को मासिक धर्म प्रबंधन, साफ-सफाई के महत्व और इससे जुड़ी भ्रांतियों पर जानकारी दी। उन्होंने स्कूल में आराम कक्ष की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में बताया गया कि हर माह की 28 तारीख को यह दिवस मनाया जाता है ताकि किशोरियों में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

# नशा मुक्ति के नारे के बीच शराब नीति बना मजाक : रविंद्र सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह और बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिमलेश सिंह ने झारखंड सरकार की नई शराब नीति को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार नशा मुक्ति अभियान चला रही है, दूसरी ओर शराब दुकानों का समय रात 10 बजे से बढ़ाकर 11 बजे कर दिया गया है। अब पंचायत स्तर तक शराब की दुकानें खोली जाएंगी। उन्होंने इसे सरकार की दोहरी नीति बताते हुए कहा कि यह नीति राज्य को नशे में झोंकने की साजिश है। शराब दुकानों में बैठकर पीने की सुविधा देना नशा नियंत्रण नहीं, बल्कि बढ़ावा देने की व्यवस्था है। नेताओं ने इसे दिखावटी अभियान और भ्रष्टाचार का जरिया बताया।

# कानू समाज की बैठक में नये प्रखंड अध्यक्ष प्रदुम्न, सचिव रामलाल चुने गए



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झरगड़ा पंचायत सचिवालय परिसर में शनिवार को कानू समाज की बैठक आयोजित की गई। इसमें जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रदुम्न साव को प्रखंड अध्यक्ष और रामलाल साव को सचिव मनोनीत किया गया। अन्य पदाधिकारियों में मुन्ना साव (उपाध्यक्ष), रजनीश कुमार (मीडिया प्रभारी) और धनंजय गुप्ता (कोषाध्यक्ष) शामिल हैं। जिला अध्यक्ष ने 30 जून को मेदिनीनगर में आयोजित शिक्षा सम्मान सह मोटिवेशनल कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती व समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

# स्टेशन रोड बना दलदल, दो दशक बाद भी नहीं हुआ नवीकरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय स्टेशन रोड की हालत बरसात में बेहद जर्जर हो गई है। पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम के कोटे से दो दशक पूर्व बने इस पीसीसी पथ के जगह-जगह उखड़ जाने के कारण सड़क की स्थिति दयनीय हो गई है। वहीं इसी सड़क पर डेली मार्केट, बैंक और स्कूल होने के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं, जिन्हें कीचड़ और जलजमाव से भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार रोड की बदहाली का प्रमुख कारण थर्ड रेल लाइन विस्तारीकरण और स्टेशन भवन निर्माण के दौरान क्षमता से अधिक वजन वाले वाहनों का आना-जाना है, जिससे सड़क टूट चुकी है।



### कचरा निपटान का अभाव भी बड़ी वजह

डेली मार्केट में नियमित सफाई नहीं होने और कचरा प्रबंधन व्यवस्था ठप होने के कारण दुकानदार कूड़ा-कचरा रोड पर ही फेंक देते हैं, जिससे स्थिति और भी बिगड़ जाती है। पूर्व में कूड़ेदान और कूड़ा गाड़ी की व्यवस्था की गई थी, लेकिन उचित प्रबंधन के अभाव में कूड़ा गाड़ी पंचायत मुख्यालय में खड़ी है। मुखिया कमला देवी ने बताया कि शीघ्र ही कूड़ा गाड़ी को पुनः चालू कर स्टेशन रोड और डेली मार्केट क्षेत्र की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाएगी।

# 'जात-पात मिटाओ, इंसानियत बचाओ' अभियान शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड (पलामू)।** कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार ने ₹जात-पात मिटाओ, इंसानियत बचाओ₹ विषय पर जनजागृति अभियान की शुरूआत की। इस अभियान का उद्देश्य समाज में जातिगत भेदभाव को समाप्त कर इंसानियत, समानता और भाईचारे को बढ़ावा देना है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने कहा कि जात-पात की संकीर्ण सोच समाज को बाँटती है, जबकि इंसानियत जोड़ती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने व्यवहार में समानता रखें और सभी को इंसान समझकर सम्मान दें। अरविंद कुमार ने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस अभियान को सोशल मीडिया के माध्यम से आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि जब जातिवाद खत्म होगा, तभी सच्चा लोकतंत्र और मजबूत समाज विकसित होगा।

# पांकी थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी (पलामू)।** पांकी थाना परिसर में मुहर्रम पर्व के मद्देनजर थाना प्रभारी राजेश रंजन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, बीडीओ ललित प्रसाद सिंह, सीओ राजकुंवर सिंह, जनप्रतिनिधि और विभिन्न समुदायों के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने सभी अखाड़ा समितियों से पर्व की तैयारियों व जुलूस मार्ग की जानकारी ली। उन्होंने अपील की कि ताजिया की ऊंचाई सीमित रखें और उसमें धातु का प्रयोग न हो ताकि किसी दुर्घटना से बचा जा सके। अफवाहों पर ध्यान न दें और न फैलाएं। बीडीओ ने कहा कि जुलूस मार्ग को अतिक्रमण मुक्त रखें। बैठक में कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से प्रेम प्रसाद, गुड्डू सिंह, नेहाल अंसारी, नूर हसन, आफताब आलम सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### मुहर्रम को लेकर पंडवा थाना में शांति समिति की बैठक



**पंडवा (पलामू)।** पंडवा थाना परिसर में आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी ने की, जिसमें थाना के अन्य कर्मियों के अलावा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से कहा कि मुहर्रम एक धार्मिक पर्व है, जिसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि त्योहार के अवसर पर किसी प्रकार की अफवाह फैलाने या अशांति उत्पन्न करने की कोशिश पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की परेशानी की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। मौके पर उपस्थित अंचलाधिकारी ने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि जुलूस उसी मार्ग से निकलेगा जो पहले से निर्धारित है या परंपरागत रूप से उपयोग में लाया जाता रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### नया भवन, नई शुरूआतः पीएनबी अब बाजार परिसर में



**नौडीहा बाजार।** थाना परिसर के अंदर संचालित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा को अब बाजार के मध्य दुर्गा मंदिर के समीप शिफ्ट कर दिया गया है। बैंक के शाखा प्रबंधक आकाश कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुभारंभ किया और सत्यनारायण कथा के बाद प्रसाद वितरण किया। उन्होंने बताया कि पहले बैंक थाना परिसर में होने से ग्राहकों को परेशानी होती थी, लेकिन अब बाजार परिसर में आने से ग्राहकों को सहूलियत होगी और बैंकिंग कार्य तेजी से होंगे। शुभारंभ कार्यक्रम में बैंककर्मी मकसूद अली आलम, राहुल राज, इंदल यादव, रामनारायण गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### दाह संस्कार के बाद स्नान के दौरान तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

**नावाबाजार।** थाना क्षेत्र के तमदागा गांव निवासी 55 वर्षीय शेषमन सिंह की शुक्रवार को तालाब में डूबने से मौत हो गई। वे एक दाह संस्कार के बाद स्नान कर रहे थे। स्नान के दौरान वह तालाब के गहरे हिस्से में चले गए और कीचड़ में फंस गए। शनिवार सुबह उनका शव तालाब से बरामद किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुज राम, मुखिया पति छोटू सिंह समेत कई लोग मौके पर पहुंचे। थाना पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी कर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### प्रथम अखबार विक्रेता की धर्मपत्नी का निधन, शोक में डूबा बाजार क्षेत्र

**हैदरनगर।** बैंक रोड, हैदरनगर निवासी एवं क्षेत्र के प्रथम पुस्तक व अखबार विक्रेता स्व. रामवृक्ष गुप्ता की धर्मपत्नी फूला कुवंर (98 वर्ष) का शनिवार सुबह निधन हो गया। उनके निधन से व्यापारिक एवं सामाजिक जगत में शोक की लहर है। सैकड़ों लोगों ने उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी और अंतिम यात्रा में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उनका अंतिम संस्कार जपला स्थित सोन नदी तट पर किया गया।

# वृद्ध चौकीदार को एसडीपीओ ने दी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हैदरनगर थाना सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब ने वृद्ध चौकीदार बिरजा राम को अग्रिम विदाई दी। बिरजा राम की सेवा निवृत्ति 30 जून को होनी है। विदाई के दौरान एसडीपीओ ने उनके कर्तव्यनिष्ठ कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में निर्भीकता और निष्ठा से सेवा दी है। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी संतोष कुमार, थाना प्रभारी अफजल अंसारी समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर नावाजिश खान, सज्जू खान, पप्पू पासवान, मतीन खान, अशरफ हसन समेत कई लोग मौजूद रहे।



### शत्रु संपत्ति घोषित भूमि की नीलामी, पारदर्शिता पर सवाल

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर अंचल के मोकहर कला गांव के करीमनडीह में स्थित 8.6 एकड़ जमीन को शत्रु संपत्ति घोषित कर 26 जून 2025 को ई-नीलामी के जरिए बेच दिया गया। बताया गया कि यह संपत्ति 1969 में पाकिस्तान चले गए एक परिवार से संबंधित थी। स्थानीय मुखिया नाजमा खातून, नावाजिश खान व रिजवान खान ने बताया कि नीलामी की सूचना ग्रामीणों से छुपाई गई। 23 जून को अंचल कार्यालय में पोस्टर लगाया गया, जबकि 22 जून ही पंजीकरण की अंतिम तिथि थी। ग्रामीणों ने नीलामी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं।

**बैठक** मुहर्रम पर्व पर शांति समिति की बैठक, सोशल मीडिया पर सतर्कता की अपील

# रूट मैप व समय पालन अनिवार्य, असामाजिक तत्वों पर होगी सख्त कार्रवाईः एसडीपीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** मुहर्रम को लेकर हैदरनगर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने की। बैठक में सीओ संतोष कुमार, जनप्रतिनिधियों व स्थानीय गणमान्य लोगों ने भाग लिया। एसडीपीओ ने कहा कि मुहर्रम पर्व सौहार्दपूर्वक मनाया जाए, अफवाहों से बचा जाए और सोशल मीडिया पर संयम बरता जाए। ताजियादारों को फोटो, मोबाइल नंबर व जुलूस का रूट मैप सहित आवेदन देना अनिवार्य बताया गया। उन्होंने कहा कि जो भी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करेगा, उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने भी अपील की कि समयबद्ध ढंग से जुलूस का आयोजन हो और पुरानी परंपरा की मयार्दा कायम रहे।

### मोहर्रम पर्व को लेकर ऊंटारी रोड थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**ऊंटारी रोड।** मोहर्रम को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर ऊंटारी रोड थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंचलाधिकारी बासुदेव राय, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रावण कुमार भगत, और थाना प्रभारी प्रदीप दुबे मौजूद रहे। बैठक में दोनों समुदायों के गणमान्य लोग एवं ताजियादार शामिल हुए। प्रशासन ने लोगों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने और अफवाहों से बचने की अपील की।

# मोहम्मदगंज स्टेशन पर गरीब रथ के ठहराव की उम्मीद फिर जगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** डीडीयू मंडल संसदीय समिति की बैठक में मोहम्मदगंज स्टेशन पर रांची-नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस के ठहराव की मांग फिर उठाई गई है। सांसद विष्णुदयाल राम द्वारा पूर्व में भी इस दिशा में प्रयास किए गए हैं। गरीब रथ के ठहराव से आसपास के इलाकों के लोगों को एम्स, प्रयागराज और कानपुर जैसी जगहों तक पहुंचना आसान होगा। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने सांसद के प्रयासों की सराहना की है।

### वज्रपात की चपेट में दो घायल, स्थिति बेहतर

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के माधे कचहरी गांव में शुक्रवार शाम वज्रपात की घटना में दो लोग घायल हो गए। 35 वर्षीय मीना देवी और 14 वर्षीय प्रीति कुमारी घर के पास थीं, तभी तेज बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आ गईं। परिजनों ने दोनों को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया गया। परिजनों ने बताया कि महिला के पैर की गति पर असर पड़ा है, जबकि किशोरी की स्थिति सामान्य है।

# डीआईजी नौशाद आलम ने छतरपुर एसडीपीओ कार्यालय का किया निरीक्षण

- ओझा-गुनी प्रथा पर रोक लगाने के निर्देश, पुलिस-पब्लिक संबंध सुधारने पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू रेंज के उपमहानिरीक्षक नौशाद आलम ने शनिवार को छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एस डीपीओ अवध कुमार यादव, हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार, छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद समेत अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने कार्यालय की कार्य प्रणाली, लंबित केस डायरी, संसाधन व्यवस्था और रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की बारीकी से जांच की। इस अवसर पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया और उपस्थित पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

निरीक्षण के पश्चात डीआईजी नौशाद आलम ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फिलहाल कार्य प्रणाली सामान्य प्रतीत हो रही है, परंतु इसे सामान्य मानकर कार्य करने की गलती न करें। सभी पुलिस पदाधिकारी अपने क्षेत्र में कुशलता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। डीआईजी ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती ओझा-गुनी प्रथा और डायन कुप्रथा पर चिंता जताते हुए कहा कि इसकी वजह से डायन-बिसाही जैसी घटनाएं आम हो रही हैं। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में ओझा-गुनी से संबंधित व्यक्तियों के साथ बैठक करें, काउंसलिंग करें और ग्रामीणों को जागरूक करें कि वे बीमारियों के इलाज के लिए चिकित्सकों के पास जाएं, अंधविश्वास की ओर न मुड़ें। उन्होंने कहा कि इस दिशा में जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि ग्रामीण समाज में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिल सके।

डीआईजी ने निरीक्षण के दौरान लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि लंबित केस डायरी का त्वरित निष्पादन प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कहा कि वे निर्धारित समयसीमा में विवेचना पूर्ण करें ताकि न्यायिक प्रक्रिया में देरी न हो। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास का रिश्ता मजबूत करना समय की मांग है। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्र में अधिक से अधिक जनसंपर्क करें, आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लें और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

## मध्यमा और वार्षिक मदरसा परीक्षा 1 जुलाई से, परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू

**मेदिनीनगर।** मध्यमा परीक्षा एवं वार्षिक मदरसा परीक्षा 2025 का आयोजन 1 जुलाई से दो पालियों में किया जाएगा। पहली पाली सुबह 9:45 से दोपहर 1 बजे तक एवं दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 तक निर्धारित है। परीक्षा के दौरान निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा घोषित की है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत घोषित इस निषेधाज्ञा में घातक हथियार, जुलूस, बिना अनुमति लाउडस्पीकर, भीड़ इकट्ठा करना और अनधिकृत प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है। मध्यमा परीक्षा के लिए आरके गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय एवं आरके सर्वोदय बालिका उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। वहीं वार्षिक मदरसा परीक्षा के लिए चैनपुर स्थित आरके श्री सद्गुरु प्रताप हरि प्लस टू विद्यालय, बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय आबादगंज, आरके जीएलए उच्च विद्यालय और आरके ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय निर्धारित किए गए हैं।

## लोक अदालत में 83 मामलों का निपटारा 57.45 लाख रुपये की राशि सेटल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पाण्डेय के निर्देश पर किया गया, जिसमें सुलह-समझौते के आधार पर कुल 83 मामलों का निपटारा हुआ। इनमें कुल 57,45,555 की राशि सेटल की गई। इस संबंध में जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रभारी सचिव निशिकांत ने दी। लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए कुल 10 पीठों का गठन किया गया था। पीठ संख्या दो में विद्युत विभाग से संबंधित 27 मामलों का निपटारा हुआ, जिससे 3,28,000 की राजस्व वसूली हुई। पीठ संख्या तीन में एमएसीटी (मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण) से संबंधित 4 मामलों का निस्तारण किया गया, जिनमें 48,25,000 की राशि सेटल हुई। पीठ संख्या चार में 40 आपराधिक मामलों का निपटारा किया गया, जिनमें उत्पाद विभाग के 15, वन विभाग के 1, जीआर के 8, और मोटर वाहन अधिनियम के तहत 16 मामले शामिल रहे। इसमें वन विभाग को 50,000, उत्पाद विभाग को 1,33,600 और मोटर वाहन विभाग को 26,050 की राजस्व प्राप्ति हुई। पीठ संख्या सात में रेलवे विभाग से संबंधित 3 मामलों का निस्तारण किया गया, जिससे 1,500 का राजस्व प्राप्त हुआ। पीठ संख्या नौ में प्रीलिटिगेशन के 9 मामलों का निपटारा किया गया। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (चतुर्थ) पवन कुमार, स्वेता ढींगरा, सीजेएम मनोरंजन कुमार, जेएम रवि शंकर पांडेय, रश्मि चंदेल, रेलवे जेएम प्रग्येश निगम, एसडीजेएम कमल प्रकाश, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, सदर एसडीएम सुलोचना मीना, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के प्रमुख अमिताभ चंद सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, असिस्टेंट वीर विक्रम बक्स राय, नीतू सिंह, कुमार शिवाजी सिंह, संजय कुमार सिन्हा, सतीश कुमार दुबे, संतोष तिवारी, महिमा श्रीवास्तव सहित दर्जनों अधिवक्ता, वन, उत्पाद, टेलीफोन विभाग के पदाधिकारी और वादकारी उपस्थित थे।

# पलामू ज़ोन में चोरी की घटनाओं पर डीआईजी का कड़ा रुख

- बंद घरों की सुरक्षा अब सिर्फ जनता की जागरूकता पर निर्भर, पुलिस को सौंपी नई जवाबदेही

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बंद घरों में लगातार हो रही चोरियों को लेकर पुलिस महकमे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। पलामू क्षेत्र में हाल के दिनों में चोरी की घटनाओं में अचानक उछाल दर्ज हुआ है। इसे लेकर पुलिस उप-महानिरीक्षक नौशाद आलम ने प्रमंडल के सभी थानों और पुलिस पोस्ट को सख्त चेतावनी जारी करते हुए निर्देश दिया है कि वे जनता को सतर्क करें और चोरी की घटनाओं पर जवाबदेही लें। डीआईजी द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि पुलिस गश्त के बावजूद अपराधी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, ऐसे में केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, आम जनता की सक्रियता भी ज़रूरी है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को आदेश दिया है कि वे अपने-अपने इलाकों में अविलंब जनसंपर्क सभाएं आयोजित करें और पोस्टर, पम्पलेट, सोशल मीडिया जैसे माध्यमों से एक सघन जन-जागरूकता अभियान चलाएं। इस अभियान के तहत नागरिकों से अपील की जाएगी कि वे लंबी अवधि के लिए घर से बाहर जाने की स्थिति में इसकी पूर्व सूचना संबंधित थाने को दें ताकि ऐसे घरों की विशेष निगरानी की जा सके। साथ ही पुलिस गश्त और बीट पुलिसिंग को प्रभावी बनाने का आदेश दिया गया है।

चौंकाने वाली बात यह है कि डीआईजी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि बीट क्षेत्र में कोई अप्रिय घटना घटती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित पुलिस पदाधिकारी की मानी जाएगी। यानी अब लापरवाही पर सीधा एक्शन तय है।

प्रत्येक थाना को यह भी कहा गया है कि मिलने वाली सूचनाओं का एक अतिरिक्त रजिस्टर में विधिवत अंकन किया जाए और अभियान की प्रगति की रिपोर्ट डीआईजी कार्यालय को अनिवार्य रूप से भेजी जाए।

बहरहदल, यह निर्देश पलामू क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर पुलिस की चिंता और प्रशासन की गंभीरता दोनों को दर्शाता है। अब देखना यह होगा कि क्या इस अभियान से बंद घरों की चोरियों पर अंकुश लग सकेगा, या फिर यह भी एक औपचारिक निर्देश बनकर रह जाएगा।

## शादी के 20 दिन बाद पत्नी जेवर-नकद लेकर फरार, बॉयफ्रेंड संग जाने की आशंका

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र से एक नवविवाहिता शादी के महज 20 दिन बाद ही 72 ग्राम सोने के जेवर और 90,000 नकद लेकर फरार हो गई। पति गणेश्वर, जो एक आभूषण कारीगर हैं, ने बताया कि विवाह 8 जून को पुणे (महाराष्ट्र) निवासी युवती से उनकी सहमति से हुई थी। विवाह से एक दिन पूर्व युवती के कथित बॉयफ्रेंड ने फोन कर शादी रोकने को कहा था, पर युवती ने इनकार किया। घटना 28 जून को तब सामने आई जब पति काम से लौटने पर घर में पत्नी को न पाकर थाने में शिकायत दर्ज कराई। शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल राजवार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में महिला को सूटकेस के साथ जाते हुए देखा गया है, मामले की जांच जारी है।

# मुहर्रम को लेकर पलामू क्षेत्र में अलर्ट, डीआईजी ने जोन के सभी जिलों को दिए सख्त दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर पलामू क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्यालय से पलामू, गढ़वा और लातेहार के पुलिस अधीक्षकों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। 6 जुलाई को प्रस्तावित इस पर्व को साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से अति संवेदनशील मानते हुए आदेश में कहा गया है कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए।

डीआईजी नौशाद आलम ने स्पष्ट कहा है कि त्योहार के दौरान पूर्व में उपजे तनावों को देखते हुए इस बार की तैयारी पहले से ही कड़ी और सतर्क होनी चाहिए।

आदेश के अनुसार, सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से कर विवादित बिंदुओं का समाधान पूर्व में ही सुनिश्चित किया जाए। सभी समुदायों के सम्मानित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं और अंजुमन कमेटियों से समन्वय स्थापित कर शांति और सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की जाए।

पुराने विवादों, साम्प्रदायिक मामलों या अफवाह फैलाने में संलिप्त रहे असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने को कहा गया है। वहीं पशु तस्करी, अवैध बूचड़खानों और प्रतिबंधित मांस की बिक्री पर कड़ी नजर रखने तथा विधिसम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पर्व के दौरान अवैध शराब के सेवन को साम्प्रदायिक तनाव का कारक बताते हुए संबंधित विभाग से शराबबंदी सुनिश्चित कराने को कहा गया है।

पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के खलीफा, सदर, अंजुमन कमेटी सचिव व अन्य प्रतिष्ठित लोगों से सतत संपर्क में रहें और आवश्यक सूचनाएं लें। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कहा गया है कि किसी भी ग्रुप में आपत्तिजनक पोस्ट वायरल न हो इसके लिए व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन से बैठक कर दिशा-निर्देश जारी किए जाएं और यदि कोई अफवाह फैलती है तो उसे तत्काल पुलिस को सूचित कर, वायरल होने से रोका जाए। विवादित और संवेदनशील धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त बल की तैनाती के लिए पूर्व से ही पूर्वाभास प्रतिवेदन तैयार करने को कहा गया है। साथ ही दोपहिया व चारपहिया वाहनों की औचक तलाशी लगातार जारी रखने के निर्देश हैं।

साम्प्रदायिक घटनाओं में पूर्व में संलिप्त लोगों की सूची तैयार कर धारा-126 बी एनएसएस के तहत संभावित कार्रवाई की तैयारी रखने का भी निर्देश जारी किया गया है। छोटी-मोटी घटनाओं का तत्काल निपटारा स्थानीय दंडाधिकारी के माध्यम से करने की बात कही गई है। सूचना संकलन हेतु चौकीदारों व एसपीओ से लगातार रिपोर्ट ली जाए और किसी भी प्रकार की अफवाह या विशेष परिस्थिति में वरीय अधिकारियों को तुरंत अवगत कराया जाए। सावन माह की धार्मिक गतिविधियों को देखते हुए सभी धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त चौकसी बरतने का भी निर्देश है। यह आदेश अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) रांची तथा पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) झारखंड रांची को सूचनार्थ प्रेषित किया गया है।

## जहरीला पदार्थ खाने से गर्भवती महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**मेदिनीनगर।** बरवाडीह की 19 वर्षीय गर्भवती महिला अनीता कुमारी की जहरीला पदार्थ खाने से एमएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार शाम जहर खाने के बाद अनीता को परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से हालत गंभीर देख उसे एमएमसीएच रेफर किया गया। शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। अनीता की शादी दो वर्ष पूर्व विनय परहिया से हुई थी। महिला के भाई प्रमोद ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी उसके पति द्वारा दी गई। परिजन अस्पताल में कुछ भी कहने से बचते रहे। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## उपेक्षा का शिकार चंद्रशेखर आज़ाद (रेड़मा) चौक निगम के कायाकल्प की राह देख रहा क्षेत्र



**मेदिनीनगर।** नगर निगम गठन के आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी मेदिनीनगर प्रवेश का प्रमुख द्वार माने जाने वाला चंद्रशेखर आज़ाद चौक (रेड़मा चौक) अब भी विकास से अछूता है। इस चौक से होकर रांची रोड, पांकी रोड और बायपास से बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं, लेकिन चौक और उससे जुड़ी सड़कों की जर्जर स्थिति के कारण जाम की समस्या आम हो गई है। यहां कई शिक्षण संस्थान और मॉल स्थित हैं, जिससे आवागमन लगातार बढ़ा है। संकरी सड़कों के कारण ट्रैफिक पुलिस को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। नगर निगम की पूर्व मेयर अरुणा शंकर के कार्यकाल में अन्य चौकों का सौंदर्यीकरण हुआ, लेकिन यह चौक उपेक्षित रहा। सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने जानकारी दी कि तीन माह पूर्व रेडमा और बैरिया चौक के विकास के लिए डीपीआर तैयार कर भेजा गया है, बजट स्वीकृति के बाद कार्य प्रारंभ होगा।

## झमाझम बारिश से बदला मौसम जलजमाव ने बढ़ाई परेशानी



**मेदिनीनगर।** शनिवार शाम हुई लगभग आधे घंटे की झमाझम बारिश ने मेदिनीनगर के मौसम में बदलाव ला दिया। तेज बारिश से जहां लोगों को उमस से राहत मिली, वहीं शहर के कई हिस्सों में जलजमाव की समस्या खड़ी हो गई। पैदल चलने वालों और दोपहिया चालकों को पानी के छींटों का सामना करना पड़ा। बीते कई दिनों से बादलों की मौजूदगी के बावजूद हल्की फुहारें ही हो रही थीं। शनिवार को मौसम विभाग ने 11.5 मिमी वर्षा दर्ज की। विभाग ने आगामी दिनों में भारी बारिश की संभावना जताई है। फिलहाल अधिकतम तापमान 30C और न्यूनतम तापमान 25C के आसपास बना हुआ है।

# कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिए कई निर्देश



- विभागीय प्रगति लाने, प्रचार-प्रसार और लाभार्थियों तक योजनाएं पहुंचाने पर रहा जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस. ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय प्रगति में तेजी लाने और योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर विशेष बल देते हुए सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं का अनुश्रवण गंभीरता से करें और लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाएं।

उपायुक्त ने सरना, हड़गड़ी और जाहेर स्थलों की चारदीवारी निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांचने तथा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश भी दिया। साथ ही उन्होंने साइकिल वितरण, प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति, कब्रिस्तान चारदीवारी, धुमकुड़िया भवन निर्माण, अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों में धार्मिक स्थलों की घेराबंदी जैसी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत अब तक 28,390 में से 22,539 छात्रों को साइकिल वितरित की जा चुकी है। वहीं 1.67 लाख छात्रों को प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि दी गई है। पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु सत्यापन प्रक्रिया जारी है।

बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, नजारत उपसमाहर्ता विक्रम आनंद सहित विभिन्न प्रखंड कल्याण पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ट्रैफिक जांच अभियान, बिना हेलमेट व लाइसेंस वाले 11 दोपहिया वाहन जब्त

- डीटीओ से आया ₹15,800 का जुर्माना चालान

**मेदिनीनगर।** शहर के व्यस्त छः मुहान चौक पर पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए वाहन जांच अभियान में बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन चालकों की लापरवाही सामने आई। अभियान के दौरान कई चालक बिना हेलमेट और बिना वैध लाइसेंस के वाहन चलाते पाए गए। ट्रैफिक नियमों की अनदेखी पर सख्ती दिखाते हुए 11 दोपहिया वाहनों को जप्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षात्मक तौर पर रखा गया है।

सभी जेबीटी गाड़ियों को जिला परिवहन कार्यालय, पलामू भेजा गया, जहां से 28 जून 2025 को 10 दोपहिया मोटरसाइकिलों पर कुल 12,150 का चालान जुर्माना निर्धारित किया गया। इसके अतिरिक्त 2 ई-रिक्शा/सवारी टेंपो वाहनों पर 3,650 का चालान फाइन निर्धारित हुआ।

इस प्रकार कुल 15,800 की चालान राशि का विवरण जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त हुआ है। इस संबंध में यातायात प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त कार्रवाई व लगातार जागरूकता और नियमों के प्रचार-प्रसार के बावजूद कई वाहन चालक अभी भी सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर रहे हैं। ऐसे में आगे भी इसी प्रकार के नियमित अभियान चलाकर नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

# आपदा सहायता में तेजी लाने के लिए उपायुक्त ने दिए निर्देश



**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस. ने शनिवार को समाहरणालय सभागार में आपदा प्रबंधन से संबंधित समीक्षा बैठक की। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपदा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को सहायता राशि 15 दिनों के भीतर अवश्य प्रदान की जाए और तत्पश्चात उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करें। बैठक में वज्रपात, सर्पदंश, डूबने और सड़क दुर्घटना से हुई मौतों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बताया कि 2025-26 के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार वज्रपात से मरे 13 लोगों के परिजनों को मुआवजा स्वीकृत किया गया है। इसके अलावा 6-6 व्यक्तियों की मौत डूबने और सर्पदंश से हुई है, जिनके लिए उप आवंटन कर दिया गया है। सड़क दुर्घटना से मृत 41 लोगों से संबंधित अभिलेखों को भी स्वीकृति दी गई है, जिनकी सहायता राशि अगले एक सप्ताह में संबंधित अंचल अधिकारियों को भेजी जाएगी।

**संभावना** | गृह विज्ञान विषय में घट रही छात्राओं की रुचि

# एक दशक में कम हुआ नामांकन, परंतु रोजगार की हैं अपार संभावनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गृह विज्ञान विषय में छात्राओं की रुचि लगातार कम होती जा रही है। जहां एक दशक पूर्व तक यह विषय छात्राओं के बीच लोकप्रिय था, वहीं अब इसकी स्थिति चिंताजनक हो गई है। विश्वविद्यालय में केवल योद्धा सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में ही गृह विज्ञान विषय में स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई होती है, परंतु हर वर्ष नामांकन की संख्या घटती जा रही है।

जानकारों का मानना है कि गृह विज्ञान को लेकर समाज में आज भी एक सीमित धारणा बनी हुई है, जिसमें इसे केवल खाना बनाना, सिलाई-कढ़ाई या घरेलू कार्यों से जोड़ा जाता है। इसी सोच के कारण छात्राएं अब अन्य विषयों की ओर रुझान दिखा रही हैं।

महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर 60 सीटें निर्धारित हैं, जो किसी तरह भर जाती हैं। लेकिन स्नातकोत्तर स्तर पर छात्राओं की संख्या काफी कम रह जाती है। शिक्षा में रुचि की कमी, जागरूकता का अभाव, और पाठ्यक्रम की अद्यतन कमी को इसका प्रमुख कारण माना जा रहा है। साथ ही 10वीं के बाद छात्राएं कला के बजाय विज्ञान या वाणिज्य की ओर भी रुख कर रही हैं। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे गृह विज्ञान को एक व्यावसायिक और रोजगारपरक विषय के रूप में देखें और इसमें दाखिला लेकर अपने करियर को सशक्त बनाएं।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लेने के बाद करियर के अनेक विकल्प : मिनी टुडू

गृह विज्ञान की शिक्षिका मिनी टुडू का कहना है कि इस विषय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लेने के बाद करियर के अनेक विकल्प उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि पोषण विशेषज्ञ, फैशन डिजाइनर, इंटीरियर डिजाइनर, काउंसलर, शिक्षिका, जैसे कई क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं हैं। इसके अलावा यूजीसी नेट, पीएचडी के माध्यम से शिक्षण व शोध के क्षेत्र में भी भविष्य बनाया जा सकता है। सरकारी सेवाओं में भी सीडीपीओ (बाल विकास परियोजना पदाधिकारी), आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका जैसी पदों पर गृह विज्ञान की डिग्रीधारियों की आवश्यकता होती है।

## शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ की कामना में बंशीधर मंदिर में विशेष पूजा

**श्री बंशीधर नगर।** झामुमो संस्थापक एवं राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना में रविवार को विश्व प्रसिद्ध बंशीधर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया गया। वैदिक विधि-विधान से हुई इस पूजा का नेतृत्व श्रीकांत मिश्रा और आचार्य सत्यनारायण मिश्रा ने किया। इस मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि गुरुजी ने झारखंड आंदोलन और आदिवासी समाज के उत्थान के लिए जीवन समर्पित किया है। उनके स्वस्थ होने की कामना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, प्रदीप सिंह, नेत्री किरण देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## मकरी पंचायत में 40 किसानों के बीच धान बीज का वितरण

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत मकरी पंचायत में शुक्रवार को धान बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 40 किसानों को उन्नत किस्म का धान बीज प्रदान किया गया। बीज वितरण बीटीएम राकेश कुमार एवं मुखिया प्रतिनिधि धनंजय साह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर किसानों को आधुनिक खेती के तौर-तरीकों, सही बीज चयन, कम लागत में अधिक उपज तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बीटीएम राकेश कुमार ने कहा कि सरकार किसानों को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। किसान मित्र सुनील रावत ने भी किसानों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस कार्यक्रम से किसानों में उत्साह देखा गया। उपस्थित किसानों ने कहा कि समय पर बीज मिलने से खेती की शुरूआत समय से हो सकेगी, जिससे अच्छी पैदावार की संभावना है। मौके पर किसान मित्र रविंद्र साह, रामदास राम, जुगुत राम, वीरेंद्र राम, हरिकिशुन राम समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## झामुमो नेताओं ने की दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना

**खरौंधी (गढ़वा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर शनिवार को खरौंधी प्रखंड के चंदनी स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजा और हवन का आयोजन किया गया। पूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। पूजा का नेतृत्व झामुमो नेता एवं जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने किया। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जीवन आदिवासी, पिछड़े और गरीब समुदायों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना हम सभी की सामूहिक प्रार्थना है। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर, उपप्रमुख देवदत्त आर्य, बिनोद यादव, हिफाजत अंसारी, डॉ. रामचरित्र मेहता, अशोक ठाकुर, श्याम सुंदर राम, विजय मेहता, सचिन यादव, ग्रीश यादव समेत बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रूप से गुरुजी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

## चिरका ने रानीचेरी क्रिकेट टूर्नामेंट पर किया कब्जा, मुखिया गोपाल यादव बोले - खिलाड़ी हैं गांव का भविष्य

**चिनिया।** प्रखंड के रानीचेरी गांव स्थित चैतु वादामर मैदान में आयोजित नन युवक क्लब क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन शनिवार को शानदार आयोजन के साथ हुआ। एक सप्ताह तक चले इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में चिरका की टीम ने गनियारी कला को चार विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विलैतीखैर पंचायत के मुखिया गोपाल यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और बल्ला थामकर खेल का उद्घाटन किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गनियारी कला ने 10 ओवर में 68 रन बनाए। जवाब में चिरका ने संतुलित बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य को केवल 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। मुखिया यादव ने अपने संबोधन में कहा कि ह्लगांव में ऐसे आयोजनों से युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। ये आयोजन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और फिटनेस के विकास का माध्यम भी हैं। पंचायत स्तर से खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव मदद दी जाएगी।ह्व खेल समापन पर विजेता टीम को ?10,000 नगद और एक बड़ा कप, जबकि उपविजेता को ?6100 और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिथिलेश सिंह (चिरका) को और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जगदयाल सिंह (गनियारी कला) को मिला। इस मौके पर राजेश्वर सिंह, रामवृक्ष सिंह, महावीर सिंह, सबाज मंसूरी, अली अंसारी, छवि सिंह, राजेश सिंह, शौकत मंसूरी, फैयाज अहमद, अंजार हसन, हसनैन मंसूरी, मनोज सिंह, विमलेश सिंह, सीबी सिंह समेत बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## मोहर्रम को लेकर मेराल थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**मेराल।** मोहर्रम पर्व को लेकर शनिवार को मेराल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विष्णुकांत ने की जबकि संचालन जिला परिषद प्रतिनिधि करीब अंसारी ने किया। थाना प्रभारी ने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देशानुसार डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और किसी भी जुलूस में हथियार लेकर आने की अनुमति नहीं होगी। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सभी जुलूस पूर्व निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएंगे। प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि मोहर्रम एक श्रद्धा का पर्व है, इसे भाईचारे और शांति के साथ मनाया जाना चाहिए। विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन, जिला परिषद प्रतिनिधि करीब अंसारी, झामुमो नेता अतहर अली अंसारी, रूपु महतो, उदय कुशवाहा, संजय भगत आदि ने भी बैठक को संबोधित करते हुए शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। बैठक में सीआई जॉनसन गिद्धि, प्रधान सहायक सुनील कुमार, एसआई रवि कुमार, संजय सिंह, एएसआई अखिलेश्वर सिंह, नितीश कुमार, रकिबुल अंसारी, अखिलेश्वर तिवारी, मुखिया रामसागर महतो, मंदीप सिंह, मुखिया पति हरेंद्र चौधरी, रविंद्र गुप्ता, धर्मराज राम, शिवकुमार चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, समाजसेवी जहूर रंगसाज, मोहम्मद नूरूल हुदा अंसारी, पूर्व मुखिया महबूब अंसारी, जैनेन्द्र सिंह, कलाम खान, जगदीश राम, विजय प्रसाद साव, अशोक राम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 100 किसानों के बीच धान बीज का वितरण, उन्नत खेती को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित

**भंडरिया।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम के तहत कोरवा, परहिया व अन्य किसानों को खरीफ सीजन के लिए धान बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम में भंडरिया पंचायत के मुखिया विनय सिंह के हाथों कुल 100 किसानों के बीच प्रति किसान 3 किलोग्राम उन्नत किस्म का धान बीज वितरित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को खेती की आधुनिक तकनीकों, सही बीज चयन, कम लागत में अधिक उत्पादन और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बीटीएम शशिकांत शर्मा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों को हर स्तर पर सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। समय पर बीज, खाद और कृषि यंत्र उपलब्ध कराकर किसानों को सशक्त किया जा रहा है। किसानों ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि समय पर बीज मिलने से खेती की तैयारी में सहूलियत होगी और बेहतर फसल की उम्मीद है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि रूपनिरंजन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि बिरझु सिंह, कांग्रेस नेता निर्मल ठाकुर, उपमुखिया रविंद्र सिंह, झामुमो नेता रविशंकर कश्यप, किसान मित्र अवधेश उपाध्याय, संतोष प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आरसीएम की नई यूनिट का शुभारंभ, रोजगार और आत्मनिर्भरता को बताया लक्ष्य

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय के सामने शनिवार को आरसीएम (रीयल कंज्यूमर मार्केटिंग) की नई यूनिट का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ नागरिक रघुवीर राम, जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, युवा समाजसेवी शशांक शेखर, निर्मल विश्वकर्मा और सदर बाबू खान द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर आरसीएम के वरिष्ठ स्टार एचीवर अभिमन्यु मेहता और दीनानाथ मेहता ने संगठन की कार्यशैली पर प्रकाश डाला। अभिमन्यु मेहता ने कहा कि आरसीएम केवल एक व्यवसायिक मंच नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत जैसे लक्ष्यों के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था को लेकर कुछ भ्रामक प्रचार जरूर हुए हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि आरसीएम लाखों परिवारों को आर्थिक मजबूती दे रहा है। इस प्रेरक बैठक में लव कुमार कुशवाहा, शम्भू मेहता, राम जी विश्वकर्मा, सुमन ठाकुर, एसके मेहरा, सूरज चौधरी, ओम प्रकाश वर्मा, विनोद कुमार, शिव सिंह, सुभाष मेहता, अमोल मेहता, राम प्यारे मेहता, शशांक शेखर पुजारी, हरिद्वार मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सरांग हत्याकांड का खुलासा: देवर ने ही की थी रेखा देवी की हत्या

● **गांव की बदनामी का दिया हवाला, डंडे से पीटकर मार डाला**

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के सरांग गांव में हुई रेखा देवी हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। महिला की हत्या उसी के देवर विकेश चंद्रवंशी ने की थी। इस संबंध में शुक्रवार को एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और हत्या में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया गया है। पूछताछ में विकेश ने स्वीकार किया कि रेखा देवी के गांव के कुछ पुरुषों से संबंधों की वजह से परिवार की बदनामी हो रही थी। कई बार समझाने के बावजूद स्थिति नहीं सुधरी, जिससे नाराज होकर उसने डंडे से मारकर हत्या कर दी। गौरतलब है कि रेखा देवी 22 जून की रात घर से डोरी चुनने निकली थीं और दो दिन बाद 24 जून को उनका शव मिला था। घटना की जांच विशुनपुरा थाना में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की गई थी। प्रेसवार्ता में पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी राहुल सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।



# एसडीओ ने की निमार्णाधीन सड़क की जांच गुणवत्ता में अनियमितता पर जताई नाराजगी

**बाबुडीह से बुल्का सड़क पर दस करोड़ की लागत से हो रहा है निर्माण**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बाबुडीह से बुल्का तक करीब 12 किमी सड़क के निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत पर शनिवार को एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने स्थल का निरीक्षण किया। जीप अध्यक्षा शांति देवी ने निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत की थी। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने सिलिदाग मोड़ पर सड़क किनारे डाली गई मिट्टी हटाकर पत्थर का भीस डालने का निर्देश दिया। साथ ही पीसीसी की गुणवत्ता और पुलिया में दरार की जांच के लिए नमूने लिए गए। मौके पर उपस्थित संवेदक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण में एई निश्चल रंजन, जेई संजीव कुमार समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



## मध्य विद्यालय में मलेरिया से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**केतार।** मलेरिया रोधी माह के तहत शनिवार को मध्य विद्यालय मुकुंदपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया, कालाजार और डेंगू जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीएचओ डॉ. शंकर ने विद्यार्थियों को स्वच्छता, मच्छरदानी उपयोग और जलजमाव रोकने जैसे उपाय बताए। मुखिया मूंगा साह ने भी बच्चों को संबोधित करते हुए स्वच्छता अपनाने और गांव-समाज को जागरूक करने की अपील की। इस अवसर पर एएनएम सुलेखा कुमारी, विद्यालय प्रभारी विजय कुमार, स्वास्थ्य सहिया रिंकी देवी, सरोजा देवी, सरिता देवी समेत अन्य उपस्थित रहे।

## बंदूवा गांव में परंपरागत ज्ञान और ग्रामीण विकास पर हुई विशेष बैठक

**चिनिया।** प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव बंदूवा में सहभागी शिक्षण केंद्र की ओर से शनिवार को एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों की परंपरागत समझ और विकास के बीच समन्वय स्थापित करना था। बैठक में बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं ने खेती, जल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। बुजुर्गों ने पुराने अनुभव साझा किए जिन्हें युवाओं ने बड़े उत्साह से सुना। बैठक में तय किया गया कि भविष्य में भी इस तरह की ग्राम आधारित बैठकें की जाएंगी। इस मौके पर ब्लॉक कॉर्डिनेटर दीपक कुमार, पंचायत कॉर्डिनेटर लव कुमार, सीआरपी सुरेंद्र प्रकाश, सविता देवी और हरेंद्र कोरवा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सर्प के डसने से युवक की मौत, परिजनों में छाया मातम

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** प्रखंड के केतमा गांव निवासी 24 वर्षीय गोपी कुमार सिंह की शुक्रवार तड़के विषैले सर्प के काटने से मौत हो गई। मृतक रोजगार की तलाश में गढ़वा में रहकर मजदूरी करता था और कुछ दिन पूर्व ही गांव से गया था। परिजनों के अनुसार, गुरुवार रात काम से लौटने के बाद वह भोजन कर सो गया। शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे उसे विषैले सांप ने काट लिया। साथ में रह रहे मजदूरों ने तुरंत उसे गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे की सूचना गांव पहुंचते ही मातम पसर गया। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गोपी सिंह अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गया है। घटना ने पूरे गांव को शोकग्रस्त कर दिया है।



# सीएचसी में सीबीसी जांच मशीन शुरू, मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से शुक्रवार को सीबीसी जांच मशीन की शुरूआत की गई। इस सुविधा के शुरू होने से अब क्षेत्रीय मरीजों को खून की जांच के लिए निजी लैब या गढ़वा मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश सिंह ने बताया कि सीबीसी जांच से शरीर में खून की कमी, संक्रमण और अन्य बीमारियों की सटीक जानकारी मिलती है, जिससे समय पर उपचार संभव हो सकेगा। यह मशीन सामान्य से गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक जांच में उपयोगी होगी। गौरतलब है कि भवनाथपुर सीएचसी में पहले से ही टीबी जांच, डिजिटल एक्स-रे और ईसीजी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब सीबीसी मशीन जुड़ने से इलाज और भी सुगम और प्रभावी हो गया है।

## सरकारी जमीन होने के बावजूद सड़क से वंचित घांसी टोला, ग्रामीण बोले - शादी-ब्याह में भी होती है परेशानी

**रंका।** सोनदाग पंचायत के पाल्हे गांव स्थित घांसी टोला के ग्रामीणों को अब तक आवागमन के लिए पक्की सड़क नसीब नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के पास सरकार की 62 एकड़ जमीन होते हुए भी वहां कोई संपर्क मार्ग नहीं है। इस भूमि पर आसपास के कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जो ग्रामीणों को उस रास्ते से आने-जाने नहीं देते। स्थिति यह है कि किसी की तबीयत बिगड़ जाए तो मरीज को साइकिल या डोली से रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाना पड़ता है। बारातें गांव के बाहर ही वाहन से उतरकर पैदल चलती हैं, जिससे लोग अब वहां शादी-ब्याह करने से भी कतराने लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विधायक द्वारा भेजा गया बोरिंग मशीन भी सड़क के अभाव में गांव तक नहीं पहुंच पाया और लोग अब भी कुएं का पानी पीने को मजबूर हैं। मुखिया रीमा देवी ने कहा कि वह जेसीबी भेजकर कई बार रास्ता बनवाने की कोशिश कर चुकी हैं, लेकिन अतिक्रमणकारियों के विरोध के चलते रास्ता नहीं बन पा रहा है। मामला प्रखंड और अंचल प्रशासन को बताया गया है। भाजपा के दक्षिणी मंडल महामंत्री मनोज कुमार ठाकुर ने बताया कि विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी ने कई बार इस गांव के लिए सड़क निर्माण का आग्रह किया है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अंचल अधिकारी शिवपूजन तिवारी ने बताया कि एक ग्रामीण ने इस मामले में उनसे संपर्क किया था, परंतु अब तक कोई आधिकारिक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। यदि आवेदन प्राप्त होता है तो स्थल निरीक्षण कर समाधान की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

## वज्रपात की चपेट में आने से महिला की मौत

**खरौंधी।** प्रखंड अंतर्गत राजी टांडी गांव में शनिवार शाम वज्रपात की चपेट में आने से 52 वर्षीय ममता देवी की मौके पर ही मौत हो गई। वह अपने पति विजय चौधरी के साथ रहती थीं और रोज की तरह उस दिन भी खेत में बकरी चरा रही थीं। इसी दौरान करीब 4 बजे अचानक बारिश के साथ तेज वज्रपात हुआ, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मृतका के परिवार को सांत्वना दी। मुखिया पति संतोष कुमार सिंह ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी और मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने अपने खर्चे पर शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजवाया। घटना की जानकारी मिलते ही खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी ने एएसआई आनंद कुमार को पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर भेजा। उन्होंने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौके पर बबलू चौधरी, लल्लू चौधरी, उदय चौधरी, जोखन साह, बीरेंद्र गुप्ता, रामचंद्र चौधरी, अशोक चौधरी, हरिवंश पासवान, अनुज पासवान, राजकुमार मेहता, उमेश चौधरी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता की शिकायत, बीडीओ से की गई जांच की मांग

**केतार।** प्रखंड अंतर्गत बलिगढ़ पंचायत के खोनहर गांव निवासी अजय गुप्ता ने बीडीओ प्रशांत कुमार को एक आवेदन देकर प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता की शिकायत की है। अजय गुप्ता ने आरोप लगाया है कि आवास मित्र मंगलेश गुप्ता की पत्नी अनिता देवी के नाम पर स्वीकृत आवास खोनहर गांव में न बनाकर केतार पंचायत क्षेत्र में बनवाया जा रहा है। उन्होंने इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना (पर्यटन मद)**

**संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/11/2025-26(2nd call)**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत बरवाडीह प्रखण्ड में स्थित कमलदह झील को विकास कार्य योजना(शौचालय, बैठने की व्यवस्था, गजेबो, पेयजल, दुकान एवं पेबर ब्लॉक का अधिष्ठापन कार्य) | 2290018 | 46000 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 01.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 01.07.2025 से दिनांक 07.07.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –09.07.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार

PR 356112 (Rural Development)25-26*D



## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

**धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

गढ़वा जिले के अनुसूचित जनजाति बहुल गाँवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Block) में मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार का पत्रांक D.O.No-j-01013/48/2024-Fy द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में अनुसूचित जनजाति बहुल गाँवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Block) में जनजाति परिवारों का अधिकाधिक कवरेज करते हुए उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति सुधार करने हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2028–29 तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) प्रारंभ की गई है। इस योजना में केन्द्र प्रायोजित–प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अधीन अनुसूचित जनजाति कोटि के लाभुकों को योजना इकाई लागत का 60% सरकार का अनुदान दिया जाएगा एवं शेष राशि लाभुक अंशदान होगा। मत्स्य निदेशालय झारखण्ड, राँची के पत्रांक 987 दिनांक 16.06.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 अन्तर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) हेतु चयनित गाँवों और आकांक्षी प्रखण्डों (Aspirational Block) के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु योजनायें निम्नवत् है–

| क्र0 | PMMSY योजना क्र0 | योजना का नाम | इकाई लागत (लाख में) | संभावित लक्ष्य कोटि अ0ज0 जा0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1.1 | कार्प हैचरी अधिष्टापन कार्य | 25.00 | 02 |
| 2 | 1.4 | नया ग्रो आउट तालाब | 7.00 | 15 |
| 3 | 1.12 | बॉयोफ्लॉक तालाब निर्माण | 14.00 | 10 |
| 4 | 5.1 | बड़े आर0ए0एस0 इकाई की स्थापना (कमसे कम 30 घनमीटर प्रति क्षमता वाले 08 टैंक एवं 40टन/कार्प मछली उत्पादन की क्षमता) | 50.00 | 01 |
| 5 | 5.2 | मध्यम आर0ए0एस0 इकाई की स्थापना –08 टैंक। | 25.00 | 02 |
| 6 | 5.1 | 50 टैंक वाले बॉयाफ्लॉक की स्थापना | 50.00 | 01 |
| 7 | 5.2 | 25 टैंक वाले बॉयाफ्लॉक की स्थापना | 25.00 | 05 |
| 8 | 5.3 | 07 टैंक वाले बॉयाफ्लॉक की स्थापना | 7.50 | 10 |
| 9 | 5.5 | Installation of Cage in Reservoirs | 3.00 | 400 |
| 10 | 6.1 | 20 टन क्षमता वाले शीत गृह (कोल्ड स्टोरेज) आईस प्लांट निर्माण। | 80.00 | 02 |
| 11 | 6.3 | रेफ्रिजेरेटेड वाहन | 25.00 | 02 |
| 12 | 6.5 | आईसबॉक्स के साथ मोटरसाईकिल | 0.75 | 10 |
| 13 | 6.7 | मछली बिक्री के लिए आईस बॉक्स के साथ तीन पहिया वाहन (ई–रिक्शा भी) | 3.00 | 05 |
| 14 | 6.8 | जिन्दा मछली बिक्री केन्द्र | 20.00 | 01 |
| 15 | 6.9.2 | फिश फीड मिल (प्रतिदिन 08 टन उत्पादन क्षमता) | 100.00 | 01 |
| 16 | 1.5 | Input for fresh water aquaculture including composite fish culture Scampi, Pangasius, Tilapia etc. | 4.00 | 25 |

वित्तीय वर्ष 2025–26 में उक्त योजना का लाभ लेने हेतु गढ़वा जिले के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में दिनांक 26.07.2025 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में निःशुल्क उपलब्ध है।

**नोट** :– इस योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय एवं सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) के लिए चयनित ग्राम/पंचायत/प्रखण्ड की सूची कार्यालय, के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**नियम व शर्तें :–**
1. धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) के लिए चयनित ग्राम/पंचायत/प्रखण्ड के लोग ही आवेदन करेंगे।
2. आवेदक के पास संबंधित योजना के लिए निजी प्रयाप्त जमीन होना आवश्यक है।
3. आवेदक अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो।
4. आवेदक अनुसूचित जनजाति कोटि के हो।
5. आवेदक आवेदन के साथ अपना आधार/पासबुक/पैन/जमीन का रसीद/अपना अंशदान लगाने संबंधी शपथ पत्र/ पासपोर्ट साईज फोटो/जाति प्रमाण पत्र आदि संलग्न करेंगे।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

PR.NO.356097 Fish(25-26):D



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## जिला गव्य विकास कार्यालय, चतरा।

**"पशुपालकों के लिए आम सूचना"**

चतरा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के गव्य विकास की योजनाओं से लाभान्वित/चयनित लाभुकों/दुग्ध उत्पादकों/पशुपालकों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/सखी मंडल के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के राज्यादेश 05रा0 (वि0) दिनांक 16.06.2025 एवं प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (गव्य विकास) राँची के पत्रांक 275 दिनांक 26.06.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 अन्तर्गत चतरा जिला के लिए राज्य के अंदर संस्थागत दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन निम्नलिखित तिथियों के अनुसार प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, सेक्टर–2, धूर्वा, राँची में किया जाना है। इच्छुक पशुपालक प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, चतरा से निःशुल्क आवेदन–पत्र प्राप्त कर एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा पहचान–पत्र (आधार कार्ड का छायाप्रति), दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम का सुस्पष्ट बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति एवं IFSC कोड के साथ आवेदन कार्यालय में जमा करना चाहेंगें। प्रशिक्षण संस्थान धूर्वा, राँची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों द्वारा किये गये मार्ग व्यय एवं रू0 100/– प्रतिदिन की दर से दैनिक भत्ता की राशि को सीधे उनके बैंक खाता में DBT के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।

वित्तीय वर्ष 2025–26 का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत है।

प्रशिक्षण का नाम :– दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण (छः दिवसीय)।

| क्र0 | दिनांक प्रशिक्षण अवधि | समान्य जाति (OSP) पुरूष | समान्य जाति (OSP) महिला | समान्य जाति (OSP) कुल | अनुसूचित जाति (SCSP) पुरूष | अनुसूचित जाति (SCSP) महिला | अनुसूचित जाति (SCSP) कुल | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01.07.2025 से 07.07.2025 | 10 | 05 | 15 | 02 | 02 | 04 | 19 |
| 2 | 22.07.2025 से 28.07.2025 | 10 | 05 | 15 | 02 | 02 | 04 | 19 |
| 3 | 05.08.2025 से 11.08.2025 | 10 | 05 | 15 | 02 | 02 | 04 | 19 |
| 4 | 26.08.2025 से 01.09.2025 | 10 | 05 | 15 | 02 | 02 | 04 | 19 |
| 5 | 11.11.2025 से 17.11.2025 | 10 | 05 | 15 | 02 | 02 | 04 | 19 |
| 6 | 25.11.2025 से 01.12.2025 | 10 | 05 | 15 | 02 | 02 | 04 | 19 |
| 7 | 02.12.2025 से 08.12.2025 | 10 | 04 | 14 | 02 | 02 | 04 | 18 |
| 8 | 30.12.2025 से 05.01.2026 | 10 | 04 | 14 | 02 | 01 | 03 | 17 |
| 9 | 06.01.2026 से 12.01.2026 | 10 | 04 | 14 | 02 | 01 | 03 | 17 |
| 10 | 27.01.2026 से 02.02.2026 | 10 | 04 | 14 | 02 | 01 | 03 | 17 |
| 11 | 10.02.2026 से 16.02.2026 | 10 | 04 | 14 | 02 | 01 | 03 | 17 |
| कुल | | 110 | 50 | 160 | 22 | 18 | 40 | 200 |

नोट :–
1. योजनाओं से लाभान्वित/चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जाएगा।
2. प्रशिक्षण अवधि छः दिवसीय निर्धारित है।
3. उम्र न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 55 वर्ष के अन्दर हो।
4. महिलाओं को अपने साथ बच्चा ले जाने की अनुमति नहीं होगी।
5. प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण में अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक खाता की मूल प्रति लाना अतिआवश्यक है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
चतरा।

PR 356146 Chatra(25-26)D

# भारी बारिश में ढहा मकान, सुरक्षित निकले परिवार के सभी सदस्य



नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** सिक्कीदाग पंचायत अंतर्गत मेघरणीया गांव में मूसलाधार बारिश के कारण मानिकचंद भारती का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। घटना के समय घर में सभी सदस्य मौजूद थे, लेकिन सभी सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे। मानिकचंद भारती ने बताया कि वह दैनिक मजदूरी कर परिवार पालते हैं और अब वे घर के पुनर्निर्माण में असमर्थ हैं। उन्होंने प्रशासन से सहायता और मुआवजा देने की मांग की है ताकि परिवार को फिर से बसाया जा सके।

# 71 ग्रामीणों को 10 लाख का मुआवजा हाथियों के हमले से हुई थी क्षति

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ (लातेहार)।** वन विभाग ने जंगली हाथियों से क्षति झेलने वाले 71 ग्रामीणों के बीच 10 लाख रुपए का मुआवजा वितरित किया।

रेंजर नंद कुमार महतो ने बताया कि बालूमाथ, हेरहंज और बारियातू क्षेत्र में बीते कुछ माह में हाथियों ने फसलों और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया था।

मारंगलोईया की मृतका सुनीता देवी के परिजन धर्मदेव उरांव को दो किस्तों में एक लाख रुपए की सहायता दी गई।



कार्यक्रम में जिप सदस्य सुनीता देवी, मुखिया विमला देवी, वनरक्षक सिकंदर राम, अरुण कुमार, प्रभारी वनपाल आनंद चौधरी, और दर्जनों लाभुक उपस्थित थे।

# आम्रपाली परियोजना के ट्रक मालिकों ने उपायुक्त को सौंपा आवेदन, जांच व कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** शनिवार को आम्रपाली परियोजना क्षेत्र के विस्थापित व प्रभावित वाहन मालिकों ने सैकड़ों लोगों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन उपायुक्त चतरा को सौंपा। आवेदन में कहा गया है कि अवैध उगाही की जो खबरें फैलाई जा रही हैं, वे पूरी तरह भ्रामक व तथ्यहीन हैं।

मालिकों ने बताया कि परियोजना से विस्थापित परिवारों के पास आजीविका का एकमात्र स्रोत ट्रक संचालन ही है। सभी वाहन मालिकों की सहमति से एक निर्धारित राशि बतौर चंदा तय की जाती है, जिससे लगभग सौ स्थानीय बेरोजगारों को मजदूरी दी जाती है।

कुछ असंतुष्ट तत्वों द्वारा जानबूझकर संघ के खिलाफ झूठी अफवाहें फैलाई जा रही हैं। उन्होंने इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस आवेदन की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक, सांसद, विधायक, एसडीओ सिमरिया, एसडीपीओ और टंडवा थाना प्रभारी को भी दी गई है।

बताया गया कि कुछ वाहन मालिक सहयोग राशि देने से मना करते हुए सुविधा लेना चाहते थे, जिससे टकराव की स्थिति बनी।

### रविवार को बैठक में भाग लें : आशुतोष मिश्रा

संघ के प्रतिनिधि आशुतोष मिश्रा ने बताया कि रविवार दोपहर 2 बजे संघ कार्यालय में बैठक निर्धारित की गई है। इसमें विरोध करने वाले वाहन मालिकों को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने सभी पक्षों से संयमित व तथ्यपूर्ण चर्चा की अपील की है।

## पानी पटाने और बैल जोतने के विवाद में महिला की हत्या

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के डुमरवार गांव के तेतरटांड़ टोला में शुक्रवार को बोरिंग से पानी पटाने और बैल जोतने को लेकर हुए विवाद में एक महिला की हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान कबूतरी देवी (उम्र 50 वर्ष) पत्नी द्वारिका यादव के रूप में हुई है। पति द्वारा थाने में दिए आवेदन में मृतका के भतीजे रूपेश यादव पर हत्या का आरोप लगाया गया है। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि महिला का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस छापेमारी कर रही है।

## मुहर्रम को लेकर चंदवा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**चंदवा (लातेहार)।** मुहर्रम को लेकर थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी रंधीर कुमार सिंह ने की और संचालन अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने किया। बैठक में तय किया गया कि जुलूस पूर्वनिर्धारित रूट से निकाला जाएगा। हाईकोर्ट के निर्देश पर ताजियों की ऊंचाई सीमित रखने की जानकारी दी गई। प्रत्येक मुहर्रम कमिटी को 15 सदस्यीय सूची प्रशासन को देने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में झामुमो नेता मनोज चौधरी, कांग्रेस अध्यक्ष असगर खान, समाजसेवी रामयश पाठक, बाबर खान, डॉ. शम्स रजा, अलौदिया मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो सहित दोनों समुदायों के कई गणमान्य उपस्थित थे।

## पोखरी कला में भूलू चौक का चुनाव सम्पन्न, खलीफा बने अतीफुल रहमान

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पोखरी कला के भूलू चौक में खलीफा और लाइसेंसधारी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। इसमें अतीफुल रहमान को खलीफा तथा मोहम्मद सलाम अंसारी को लाइसेंसधारी चुना गया। चुनाव उपरांत चौक के सदस्यों ने नवचयनित प्रतिनिधियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मनान अंसारी, नेजाम अंसारी, रोज मोहम्मद अंसारी, इदरीश अंसारी, खुर्शीद अंसारी, साबिर अंसारी, आफताब अंसारी, नऊसाद अंसारी, रहमान अंसारी, गुलाम रब्बानी अंसारी, सरवर अंसारी, हदीस अंसारी, हकमुद्दीन अंसारी, आबिद अंसारी, जाहिद अंसारी, मोहम्मद हुसैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## सांसद के प्रयास से आज लातेहार में लगेगा निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर

**लातेहार।** सांसद कालीचरण सिंह के 'स्वस्थ लातेहार, समृद्ध लातेहार' अभियान के तहत 29 जून को सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार में एकदिवसीय निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। सांसद प्रतिनिधि डॉ. चंदन ने बताया कि शिविर में रांची के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा हृदय, नेत्र, त्वचा, हड्डी, स्त्री, शिशु और दंत रोगों की जांच की जाएगी। बीपी, शुगर, रक्त जांच व निःशुल्क दवा वितरण की व्यवस्था भी रहेगी। यह शिविर पूरी तरह आम जनता के लिए निःशुल्क होगा। डॉ. चंदन ने सभी से इस अवसर का लाभ लेने की अपील की है।

## बीज दुकान में उमड़े किसान अच्छी फसल की जताई उम्मीद

लातेहार। जिले में हुई झमाझम बारिश के बाद खेतों में पानी भर गया है और किसान खेतों की ओर लौट आए हैं। कई किसानों ने धान की बुवाई की तैयारी शुरू कर दी है। जिला मुख्यालय सहित कई प्रखंडों के बीज दुकानों पर किसानों की भीड़ देखी गई। बीज विक्रेता राजीव रंजन गुप्ता ने बताया कि सुबह से शाम तक किसान कई प्रकार के बीज खरीद रहे हैं। किसानों मुनेश्वर, नंदलाल और पच्चू ने बताया कि अगर आगे भी समय पर बारिश हुई तो अच्छी फसल की संभावना है।

## 108 एम्बुलेंस सेवा विफल, सांप काटने के शिकार युवक को नहीं मिला समय पर इलाज

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के मेदवाडीह गांव में सांप काटने की घटना के बाद पीड़ित युवक को सरकारी 108 निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा का लाभ नहीं मिल पाया। परिजनों ने कई बार 108 पर कॉल किया, लेकिन घंटों तक कॉल नहीं लग सका। ग्रामीणों ने इस असंवेदनशीलता पर नाराजगी जताते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रचारित आपातकालीन चिकित्सा सेवा संकट के समय फेल हो रही है। सरकार जहां त्वरित मेडिकल सेवा देने की बात करती है, वहीं ऐसे मामले में देरी से लोगों की जान पर बन आती है। इस घटना ने ग्रामीणों में असंतोष और चिंता बढ़ा दी है।

## लोध फॉल में पर्यटक मित्रों को करना पड़ रहा कठिन ड्यूटी, छह माह से नहीं मिला मानदेय

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रमुख पर्यटन स्थल लोध फॉल में पर्यटकों की सेवा में लगे पर्यटक मित्र आर्थिक और संरचनात्मक संकट से जूझ रहे हैं। उनका कहना है कि छह माह से मानदेय नहीं मिला है, जिससे वे कर्ज में डूब गए हैं। जीवन रक्षक जैकेट, रेनकोट, यूनिफॉर्म जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। ड्यूटी का समय सुबह 9:30 से शाम 4:30 तक है, पर अवकाश नहीं मिलता। भीड़ में ड्रेस न होने के कारण पहचान की समस्या भी आती है। बावजूद इसके, पर्यटक मित्र सेवा भावना से डटे हैं। उन्होंने सरकार से शीघ्र मानदेय भुगतान, सुरक्षा उपकरण और छुट्टियों की मांग की है।

## संजय भुईया बने कांग्रेस मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ताओं ने जताया विश्वास

**कुंदा (चतरा)।** अखिल भारतीय भुइया कल्याण समिति के प्रखंड अध्यक्ष संजय भुईया को कांग्रेस कमेटी कुंदा मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। इस नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और उनके नेतृत्व में काम करने का भरोसा जताया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि संजय भुईया लंबे समय से संगठन में सक्रिय हैं और समाजिक तथा राजनीतिक स्तर पर उनका अनुभव सराहनीय है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। संजय भुईया ने अध्यक्ष बनने के बाद कहा कि वे संगठन विस्तार, पार्टी मजबूती और जनसंपर्क को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि वे वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में काम करेंगे और पार्टी की नीति व विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की

**बालूमाथ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के सर्वोच्च नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। सरना भवन, बालूमाथ में आयोजित इस प्रार्थना सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू ने की। इस अवसर पर जिला संयुक्त सचिव ऐश्वर्या उरांव, प्रखंड सचिव कपिलदेव उरांव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीना उरांव, पंचायत अध्यक्ष धाधू बिरणदेव उरांव, चेतन अमित उरांव, राजेंद्र गंझू, साबिर अंसारी, पूनम देवी, गुड़िया देवी, सिकंदर उरांव, वीरेंद्र उरांव, संजय उरांव, अमन भोक्ता, फूलमती देवी, माइकल कुजूर, सुधा कुमारी, अजीत उरांव, रामलाल उरांव और मीडिया प्रभारी मो. अतीक समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना में दुआ

**चंदवा (लातेहार)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तबीयत बिगड़ने की खबर से राज्य के अल्पसंख्यक समुदाय में चिंता का माहौल है। झामुमो के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी जुनैद अनवर ने गुरुजी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन झारखंड राज्य निर्माण के अग्रणी नेता रहे हैं और उन्होंने महाजन प्रथा एवं सामंती व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष किया। राज्यभर में खासकर लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा, लोहरदगा, हजारीबाग, गुमला, रांची सहित कई जिलों में उनके लिए विशेष दुआएं की जा रही हैं और मज़ारों पर चादर चढ़ाई जा रही है। जुनैद अनवर ने कहा कि राज्य की खुशहाली और जन अधिकारों के लिए गुरुजी का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## केड़ पंचायत में जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने से बच्चों की पढ़ाई पर संकट

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के केड़ पंचायत में लोहरा समाज के लोग अब भी जाति प्रमाण पत्र जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। करीब 25–30 परिवारों का कहना है कि वे आदिवासी समुदाय से संबंध रखते हैं, लेकिन खतियान में ₹घट लोहार₹ दर्ज होने के कारण प्रशासन उन्हें लोहार मानते हुए प्रमाण पत्र देने से इनकार कर रहा है। इससे बच्चों की शिक्षा, छात्रवृत्ति और सरकारी योजनाओं का लाभ बाधित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मनिका, महुआडांड़ व गारू जैसे प्रखंडों में लोहरा जाति को आदिवासी मानकर प्रमाण पत्र दिए जा चुके हैं। समाजसेवियों का कहना है कि यदि पूर्वजों के खतियान की समीक्षा की जाए तो इस समस्या का समाधान संभव है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है।

# देवबार विद्यालय में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कैंप का आयोजन




**लातेहार (मनिका)।** प्रखंड क्षेत्र के शिंजो पंचायत अंतर्गत देवबार विद्यालय में शनिवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत एक दिवसीय शिविर आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मुखिया निर्मला देवी ने की। शिविर में वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, आधार, आयुष्मान कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान योजना, शौचालय, जल जीवन मिशन, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, जनधन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना जैसे कई सरकारी योजनाओं का लाभ वंचित लोगों तक पहुंचाने हेतु फॉर्म भरा गया।

सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे, जिनमें चंदन कुमार, चिकेश्वर राम सहित कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे। शिविर का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना था।

# होली क्रॉस कॉलेज टीम का संत जेवियर्स कॉलेज महुआडांड़ में प्रेरणादायक शैक्षणिक दौरा

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार)।** 28 जून को होली क्रॉस वीमेंस कॉलेज अंबिकापुर की प्राचार्य डॉ. सिस्टर शांता जोसेफ और प्राध्यापक प्रतिनिधिमंडल ने संत जेवियर्स कॉलेज, महुआडांड़ का शैक्षणिक दौरा किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य फादर एम.के. जोस ने की।

सिस्टर शांता जोसेफ ने कॉलेज के ग्रामीण आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां का शैक्षणिक वातावरण अनुकरणीय है।

दौरे में एनएएसी तैयारियों, गुणवत्ता मापदंडों और पारदर्शिता पर चर्चा की गई।

प्रोफेसर शालिनी बाड़ा, सुरभि सिन्हा, मन्नु शर्मा, फादर समीर टोप्पो आदि उपस्थित रहे।

दौरा संवाद और भविष्य की सहभागिता के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

# मुहर्रम कमेटी के लिए खलीफा और नायब खलीफा का चुनाव संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़ (लातेहार)।** स्थानीय जामा मस्जिद में शुक्रवार को मुहर्रम इंतजामिया कमेटी की बैठक में खलीफा (अध्यक्ष) और नायब खलीफा (उपाध्यक्ष) का चुनाव शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से तनवीर अहमद उर्फ रिंकू को खलीफा और शमशाद अंसारी को नायब खलीफा चुना गया। बैठक में मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु रूट, सुरक्षा, स्वयंसेवक तैनाती समेत सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

नवनिर्वाचित खलीफा तनवीर अहमद ने कहा कि मुहर्रम का पर्व भाईचारे और एकता का प्रतीक है, इसे गरिमामय तरीके से मनाया जाएगा। शमशाद अंसारी ने कहा कि सभी की सहभागिता से पर्व को व्यवस्थित ढंग से मनाया जाएगा। स्थानीय समुदाय ने नई कमेटी के प्रति विश्वास जताते हुए सफल आयोजन का आश्वासन दिया।

# झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी की शाखा चंदवा में, नामांकन शुरू



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा (लातेहार)।** अन्वी एजुकेशन को झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी की शाखा के रूप में मान्यता मिलने से चंदवा सहित आसपास के क्षेत्र के छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के नए द्वार खुल गए हैं। क्रेटिव एकेडमी व अन्वी एजुकेशन के निदेशक मनु कुमार गुप्ता ने बताया कि संस्थान अब चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी, आरकेडीएफ, एशियन यूनिवर्सिटी, जोधपुर इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी सहित 50 से अधिक कॉलेजों में नामांकन सुविधा प्रदान करेगा। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की व्यवस्था भी है।

संस्थान का स्कूली शिक्षा केंद्र क्रेटिव एकेडमी, चंदवा मेन रोड पर स्थित है, जो निःशुल्क नामांकन सुविधा भी उपलब्ध करा रहा है। अन्वी एजुकेशन का यह कदम क्षेत्रीय छात्रों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए सशक्त विकल्प देगा।


## न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,सदर मेदिनीनगर पलामू

नोटिस

विविध वाद सं0 – 10/2025–26

1. अंजन कुमार दत्ता,पिता–स्व0 अरूण दत्ता,निवास–अरूण अर्पाटमेन्ट,लिली कॉलनी लेन, लालपुर, रॉची।

– प्रथम पक्ष

बनाम

1. प्रमोद सिंह,
2. शंकर सिंह पिता–अर्जुन सिंह
3. दिलीप सिंह,पिता–सुभाश सिंह
4. डब्लू सिंह, पिता–अर्जुन सिंह
5. नरेश सिंह,पिता रामवृक्ष सिंह
6. रविन्द्र सिंह,पिता–अवध किशोर सिंह

सभी ग्राम–चियांकी,टोला–तेतरीया टोला,पो0–चियांकी,थाना–मेदिनीनगर,पलामू।

– विपक्षी

एतद द्वारा सूचित करना है कि अपीलार्थी/आवेदक ने मेरे न्यायालय में उपर्युक्त विविध वाद दायर किया है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है तथा आपको दिनांक – 09.05.2025 को सूचना निर्गत की गयी जिसकी सुनवायी की तिथि 19.05.2025 निर्धारित थी परन्तु उपरोक्त वाद में निर्धारित तिथि को आप उपस्थित नहीं हुये। वाद में अगली तिथि दिनांक 03.07.2025 निर्धारित है।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब दें/अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने पर एकतरफा सुनवाई करते हुए निर्णय लिया जा सकता है। बाद में कोई सुनवाई नहीं होगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
सदर मेदिनीनगर

PR 356096 (District)25-26*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

**अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05 RIV/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है।

दिनांक–26.06.2025

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/DALTONGANJ/10/2024-25 | मुख्य पथ रामबांध से बरवाडीह टोला होते हुए मुख्य पथ नहर पंचायत सचिवालय तक पथ निर्माण कार्य। 1.70कि0मी0 | 200.292 | दो करोड़ उन्नतीस लाख दो सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 2 | EE/RWD/DALTONGANJ/11/2024-25 | पंचायत पंसा के बरडीहा हरिजन टोला से बजरंगबली डोमा बाबा मंदिर तक पथ निमार्ण। 1.60कि0मी0 | 177.111 | एक करोड़ सत्तहतर लाख ग्यारह हजार एक सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 3 | EE/RWD/DALTONGANJ/12/2024-25 | सडेया से चन्द्रपुर स्कूल तक पथ निर्माण कार्य। 1.20कि0मी0 | 134.413 | एक करोड़ चौतींस लाख एक्कतालीस हजार तीन सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 4 | EE/RWD/DALTONGANJ/13/2024-25 | मंगलडीह कोनापर से महादेव शर्मा के घर तक पथ निर्माण कार्य। 1.40कि0मी0 | 138.006 | एक करोड़ अड़तीस लाख छः सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 5 | EE/RWD/DALTONGANJ/14/2024-25 | पंचायत पोलडीह ग्राम–बहेरा भोला मोड़ से कुंदन मोड़ तक पथ निर्माण कार्य। 1.35कि0मी0 | 182.046 | एक करोड़ बेरासी लाख चार हजार छः सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 02.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 15.07.2025 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 17.07.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 356092 (Rural Development)25-26*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

**अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 13RI/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है।

दिनांक–26.06.2025

1. कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/DALTONGANJ/60/2024-25 | पंचायत पंसा, ग्राम–पंसा महावीर मंदिर से कोयल नदी तक पथ निर्माण कार्य। 1.60कि0मी0 | 163.455 | एक करोड़ तिरसठ लाख पैतालीस हजार पांच सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 2 | EE/RWD/DALTONGANJ/61/2024-25 | मंझौली मेन रोड से बरवाडीह हरिजन टोला तक पथ निर्माण कार्य। 1.10कि0मी0 | 132.160 | एक करोड़ बत्तीस लाख सोलह हजार रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 3 | EE/RWD/DALTONGANJ/62/2024-25 | पंचायत महुवरी नवीनगर मुख्य पथ से ग्राम बसारी पी0डब्लू0डी0 पथ तक पथ निर्माण कार्य। 1.975कि0मी0 | 222.183 | दो करोड़ बाईस लाख अठ्ारह हजार तीन सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |
| 4 | EE/RWD/DALTONGANJ/63/2024-25 | हैदरनगर देवीधाम शिव मंदिर से ग्राम जमुआ खूर्द होते हुए रतनबीघा शिव सिंह के घर तक पथ निर्माण कार्य। 1.50कि0मी0 | 184.407 | एक करोड़ चौरासी लाख चालीस हजार सात सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 02.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 15.07.2025 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 17.07.2025 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 356091 Rural Development(25-26)#D

# स्वास्थ्य विभाग वार्षिक योजना बनाकर कार्य करें : उपायुक्त



- टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए माइक्रोप्लान बनाकर धरातल पर कार्य करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने स्वास्थ्य विभाग की योजना और उनके कार्यों की समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को वार्षिक कार्य योजना के अनुसार कैलेंडरवार कार्य करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रखण्डवार माइक्रोप्लान तैयार कर सुदूरवर्ती प्रखण्डों के टीबी के मरीजों की पहचान के लिए स्क्रीनिंग की शुरूवात करने का निर्देश दिया गया। इस योजना को धरातल पर उतारने के लिए इसमें सहिया,आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका और एएनएम को शामिल कर उनको दायित्व सौंपने का निर्देश दिया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को सालों भर विशेष दिवसों और अवसरों पर पर कार्यक्रम आयोजित कर आमजनों को जागरुक करने का भी निर्देश दिया गया। वर्तमान तक जिले में टीबी पीड़ित मरीजों की पहचान व उनके उपचार के लिए उठाए गए आवश्यक कदम की जानकारी उपायुक्त द्वारा ली गई। उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा संस्थागत प्रसव हेतु गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार करते हुए उनका फॉलोअप करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, डीपीएम नाजिश अख्तर, सदर अस्पताल प्रबंधक, जिला समन्वयक (टीबी), डीडीएम समेत अन्य उपस्थित थे।

## छात्र ने बाइक समेत कार पर लगाई छलांग, बाल-बाल बचा

**लोहरदगा।** शहर के समाहरणालय चौक पर शुक्रवार को एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जब एमबी डीएवी स्कूल के एक छात्र ने बाइक समेत कार पर छलांग लगा दी। गनीमत रही कि छात्र को केवल मामूली चोटें आईं और वह बाल-बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इंजीनियर श्याम बिहारी यादव, जो लोहरदगा के सर्किट हाउस की ओर से अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से समाहरणालय चौक पार कर रहे थे, उसी समय एमबी डीएवी स्कूल का छात्र प्रियांश कुमार सिंह (पिता रवि सिंह, निवासी विद्युत कॉलोनी, पतराटोली) तेज़ रफ्तार से बाइक चला रहा था। एसपी आवास की ओर से आते वक्त छात्र ने अचानक कार के हेड लाइट के पास जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के साथ ही उसकी बाइक उछली और वह बाइक समेत कार के ऊपर से छलांग लगाकर पार हो गया। यह दृश्य वहां मौजूद लोगों के लिए हैरान कर देने वाला था। दुर्घटना में प्रियांश को केवल हल्की चोटें आईं जबकि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इंजीनियर श्याम बिहारी यादव ने छात्र को संयमित गति से वाहन चलाने की सलाह दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ शुरू कर दी। छात्र के अभिभावक भी मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## रथयात्रा और मेले का शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी का आभार : डीसी

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने लोहरदगा जिला में रथयात्रा और इस अवसर पर लगने वाले मेले के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए जिले के सभी प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि,रथ यात्रा आयोजन समिति के सदस्यों,मीडियाकर्मियों, समाज के प्रबुद्धजनों, आमजनों व सभी समुदाय के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला में ऐतिहासिक परंपरा रथयात्रा का त्यौहार बहुत ही शांतिपूर्ण, प्रेम और आपसी सद्भाव के साथ मनाया गया। यही सामाजिक समरसता है। लोहरदगा जिला हमेशा से लोगो के बीच आपसी प्रेमभाव के लिए जाना जाता रहा है। जिला प्रशासन को पूर्ण भरोसा है कि आगामी आने वाले अन्य त्यौहारों में भी आप सभी इसी तरह का सहयोग देते रहेंगे। जिला के प्रशासनिक पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों का धन्यवाद है जिनकी बदौलत विधि व्यवस्था कायम रखते हुए असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सकी। रथ यात्रा और मेला आयोजन के स्थलों में दण्डाधिकारी व पुलिस बल तैनात किए गए और सभी की सतर्कता की वजह से ही हर प्रकार की अनहोनी पर नजर रखी जा सकी। सभी ने बेहतर कार्य किया। मीडियाकर्मियों ने हमेशा से सतत प्रहरी का कार्य किया है। समाज को सचेत करने के साथ साथ हमारे ऐतिहासिक परंपरा और लोकपर्व के आस्था को जन जन तक पहुंचने में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का बहुत बड़ा योगदान रहा है। जिले के प्रेस के मित्रों का इसके लिए विशेष धन्यवाद है। जन प्रतिनिधिगणों ने हमेशा से आमजनों के बीच रहकर प्रत्येक सामाजिक आयोजनों में सहयोगी व सहभागी रहे हैं जिसका लाभ समाज को हमेशा से मिलता रहा है।

## दो अपराधियों को हथियार के साथ ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा ।** भंडरा थाना क्षेत्र के कुम्हारिया अंबा टोली चौक के पास रात के 9 बजे लूटपाट करते दो अपराधियों को ग्रामीणों ने पकड़कर भंडरा पुलिस को सौपा है। जानकारी के अनुसार मणिलाल उरांव पिता जवाजित मिंज अपने दोस्त अजय उरांव एवं सोनम उरांव ग्राम चन्दलगी थाना पेसरार के साथ रथ यात्रा मेला देखने आए थे। रथ मेला देखने के बाद तीनों व्यक्ति अपने दोस्त दीपक उरांव के घर खारुमाटू कुम्हरिया जा रहे थे। इसी क्रम में कुम्हरिया अंबा टोली स्कूल चौक के पास पहुंचते ही एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति प्रमोद कुजूर एवं दीपक यादव ने अपने मोटरसाइकिल से पीछा करते हुए ओवरटेक कर रोका और मोबाइल पैसा एवं मोटरसाइकिल लूटने का प्रयास करने लगे। लूट का विरोध करने पर दोनों ने पिस्तौल निकाल कर धमकी दिया और मोबाइल पैसा एवं मोटरसाइकिल लूटने का प्रयास करने लगा। इसी नोक झोक में रास्ता में चलने वाले अन्य व्यक्ति पहुंच गए एवं गांव के अन्य लोग निकल गए।

ग्रामीणों की भीड़ को देखते हुए दोनों अपराधी भागने का प्रयास किया परंतु सभी ने मिलकर दोनों अपराधियों को पकड़ लिया। एक अपराधी प्रमोद कुजूर पिता मांगरा उरांव बाड़मरा टोली थाना कुडू निवासी है. दूसरा अपराधी दीपक यादव पिता अनिरुद्ध महतो मकांडू कुडू का निवासी है।

दोनों व्यक्ति बजाज सी टी 100 मोटरसाइकिल से पीछा कर लूट की घटना को अंजाम दे रहे थे. इस संबंध में थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली कि दो अपराधियों को हथियार के साथ पकड़ा गया है. इसके बाद हम लोगों ने पुलिस बल के साथ जाकर दोनों अपराधी एवं हथियार , मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर थाना लाए।

## आधार सीडिंग और आधार एक्टिव करने हेतु पंचायतों व वार्डों में शिविर 01 व 02 जुलाई को

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के वैसे छूटे लाभुक (18 से 50 वर्ष) जिनका आधार बैंक खाता आधार से एनपीसीआई से मैप्ड नहीं है एवं आधार इनएक्टिव है। वैसे लाभुकों के लिए दिनांक 01 एवं 02 जुलाई 2025 को सभी प्रखंडों; लोहरदगा प्रखंड, भंडरा, कैरो, किस्को, कुडू, पेशरार, सेन्हा एवं लोहरदगा नगर परिषद के सभी वार्डों में कैम्प का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि मार्च 2025 के बाद सिर्फ आधार लिंक्ड सिंगल बैंक खाता के माध्यम से ही मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना की राशि भुगतान की जा रही है। उक्त कैम्प 19 व 20 जून को निर्धारित था परंतु जिला में भारी बारिश की वजह से आयोजित नहीं हो सका था।

## चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का झारखंड अध्यक्ष चुनाव आज

**लोहरदगा।** अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव आज 29 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक केतकी पैलेस, लोहरदगा में होगा। मतदान झारखंड के कई जिलों में एक साथ हो रहा है, आज ही परिणाम भी घोषित किया जाएगा। पूर्व राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक किशोर कुमार वर्मा इस पद के लिए सबसे मजबूत उम्मीदवार माने जा रहे हैं। पहली बार लोहरदगा जैसे पिछड़े जिले से कोई शिक्षाविद प्रदेश अध्यक्ष पद की दौड़ में है। वर्मा का कहना है कि वे समाज को शिक्षा के जरिए आगे बढ़ाएंगे और मेधावी छात्रों के लिए रांची में हॉस्टल निर्माण की पहल करेंगे।

## अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना पहली जिम्मेदारी : डॉ. नेहा ज्योति

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के बुधु भगत सभागार में स्वास्थ्य परामर्श/हमारी संस्कृति हमारा उत्सव विद्या भारती योजनानुसार कन्या भारती/किशोर भारती के तहत कार्यक्रम हुआ। मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल लोहरदगा सदर अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर नेहा ज्योति मधुर , नीलिमा सिंह, मधुमिता शर्मा, प्रमेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ नेहा ज्योति ने कहा कि विद्यालय स्तर पर स्वास्थ्य परामर्श में बहनों को शारीरिक,



मानसिक, सामाजिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए विशेष जानकारी दी। खासकर बहनों को उनके शारीरिक परिवर्तन से लेकर प्रचूर मात्रा में आयरन युक्त में भोजन लेने की सलाह दी। एनीमिया ,थायराइड, त्वचा रोग इत्यादि के बारे में मार्गदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और समस्याओं का सामना करने से छात्रों का आत्मविश्वास आत्मसम्मान बढ़ता है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के भैया को हमारे संस्कृति हमारे उत्सव के बारे में जानकारी दी गई जिसमें भारत के विभिन्न धर्म, क्षेत्र से संबंधित लोगों के अलग-अलग भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की पहचान, ऐतिहासिक, धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य/ दीदी जी एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## मंजूरमती हाई स्कूल को मिला "एटीएल स्कूल ऑफ द मंथ" का सम्मान

**लोहरदगा।** मंजूरमती हाई स्कूल महादेव आश्रम, लोहरदगा को अटल इनोवेशन मिशन द्वारा मार्च 2025 के लिए "एटीएल स्कूल ऑफ द मंथ" चुना गया है। यह सम्मान स्कूल द्वारा छात्रों में नवाचार, रचनात्मकता और प्रायोगिक शिक्षण को बढ़ावा देने के उत्कृष्ट प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है। अटल इनोवेशन मिशन की ओर से स्कूल को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया है, जिसे विद्यालय में प्रदर्शित किया जाएगा। यह सम्मान न केवल स्कूल के शैक्षणिक वातावरण की गुणवत्ता को दर्शाता है, बल्कि अन्य संस्थानों के लिए एक प्रेरणा भी है।


**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।**

ज्ञापांक ............ दिनांक ....................

अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 21/2025–26

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत बड़ा तालाब में जलकुम्भी की सफाई किया जाना है। इच्छुक संवेदक/व्यक्ति निविदा/कोटेशन दिनांक 07.07.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन दिनांक 07.07.2025 को 2:00 बजे अपराह्न नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 356132 District(25-26)D


## गड्ढों से भरी सड़क बनी ग्रामीणों की मुसीबत, बरसात में हालात और भी बदतर

- कुजरा होन्दगा गांव से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली सड़क बनी जानलेवा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड क्षेत्र के कुजरा होन्दगा गांव की मुख्य सड़क इन दिनों गड्ढों और कीचड़ से इस कदर भर गई है कि आम आवागमन ठप सा हो गया है। हाल ही में हुई बारिश ने इस कच्ची सड़क की हालत और भी बदतर कर दी है। सड़क पर कई जगह बड़े-बड़े जलजमाव वाले गड्ढे बन गए हैं, जिनमें फिसलने का खतरा बना रहता है। हेंदलासो भोगता रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। यह सड़क कुजरा, होंडगा, किसको प्रखंड सहित लातेहार जिले के नारी, नावाडीह समेत दर्जनों गांवों को जोड़ती है। इसी मार्ग से कसयादीह माइंस, तिसिया, सलैया, खटियाटोली, रघुनाथपुर, सिमरदी वाला टोली, हृदय टोली और पूरे पहाड़ी क्षेत्र के लोग भोगता स्टेशन तक पहुंचते हैं, लेकिन खराब सड़क ने लोगों की जान जोखिम में डाल रखी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार प्रशासन से सड़क मरम्मत की मांग की गई, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय ग्रामीण सफदर अंसारी, हफीज अंसारी, शाहिद अंसारी, हफ़ीजुल अंसारी, नूर अंसारी, उमेश साहू, दिनेश कुमार, समसुल अंसारी, मुमताज़ अंसारी, सीता उरांव, बूटू भगत, गबर साहू, शमीम अहमद आदि ने बताया कि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को अस्पताल ले जाने में काफी परेशानी हो रही है। चुनाव से पहले विधायक रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू सहित कई नेताओं ने गांवों का दौरा कर सड़क बनवाने का वादा किया था, लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई सुध लेने नहीं आया। जनता अब स्वयं को ठगा महसूस कर रही है और प्रशासन से मांग कर रही है कि इस मुख्य सड़क की मरम्मत तुरंत की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। गड्ढों और कीचड़ से भरी इस सड़क पर पैदल चलना तो दूर, साइकिल, बाइक और चारपहिया वाहनों से चलना बेहद जोखिम भरा है।

## पहले प्रेमिका की गला रेतकर हत्या, फिर प्रेमी ने की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के सेरेंगदाग थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां प्रेम प्रसंग के चलते एक युवक ने अपनी नाबालिग प्रेमिका की गला काटकर निर्मम हत्या कर दी और फिर खुद जंगल में जाकर आत्महत्या कर ली। यह वारदात शुक्रवार की है, जिसने इलाके में सनसनी फैला दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक नाबालिग लड़की अपनी मौसी के घर रहकर पढ़ाई कर रही थी और उसी दौरान उसका प्रेमी से संबंध स्थापित हुआ था। शुक्रवार को क्षेत्र में पहाड़ मेला लगा था, जहां दोनों साथ घूमने गए थे। लौटते समय किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। गुस्से में आकर 18 वर्षीय युवक ने 16 वर्षीय लड़की का चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद वह मौके से भागकर कुछ दूरी पर स्थित जंगल गया और पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जब देर शाम तक दोनों घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में



अलग-अलग स्थानों से दोनों के शव बरामद हुए। सूचना मिलते ही सेरेंगदाग थाना प्रभारी रामाशीष यादव दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया। घटना की पुष्टि करते हुए लोहरदगा एसपी सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत होता है। पुलिस ने दोनों के परिजनों से पूछताछ की है और ग्रामीणों के बयान भी दर्ज किए गए हैं। मामले की जांच जारी है। बहरहाल इस हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीणों में शोक और आक्रोश दोनों की भावना देखी जा रही है। पुलिस घटना की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।


**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

लोहरदगा जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में पठन–पाठन से संबंधित सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक **07.07.2025** के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा जिला कल्याण कार्यालय, लोहरदगा में निर्धारित अवधि तक जमा कर सकते हैं। दिनांक **07.07.2025** के अपराह्न 12.30 बजे कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रह सकते हैं। आपूर्ति संबंधित सामग्रियों की विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते लोहरदगा जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा

PR 356123 Lohardaga(25-26)#D


# भंडरा के ऐतिहासिक रथ मेले में उमड़ी भीड़

- लोगों ने लिया, झूले व मौत का कुआं का आनंद

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरा।** ऐतिहासिक व प्रसिद्ध भंडरा रथ मेला के दूसरे दिन मेला में भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने मेला का जम कर लुत्फ उठाया। इस दौरान महिलाओं और बच्चों में उत्साह नजर आया। बच्चों ने खेल खिलौने खरीदे और चार्ट आदि का जायका लिया। माता-पिता की अंगुली पकड़ कर मेला पहुंचे बच्चों उत्साहित नजर आए। छोटे चरखी वाला झूला और ट्रेन वाले झूले के साथ मिक्की माउस झूले पर बच्चों की खासा भीड़ नजर आई। बच्चों ने झूलों का जम कर लुत्फ उठाया। वहीं बड़ी बिजली झूला, नाव वाला झूला, टोरा-टोरा झूला, ब्रेक डांस आदि झूलों पर युवाओं की खासा भीड़ नजर आए। महिलाओं ने भी झूलों का आनंद लिया। वहीं सौंदर्य प्रशाधन की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने चूड़ी, कंगन आदि सामान की खरीदारी की। वहीं बच्चों और युवाओं ने एअरगन से गुब्बारे आदि में निशाने लगा कर बंदूक चलाने का शौक पूरा किया। वहीं युवतियों और युवाओं समेत बच्चों में मेले में सेल्फी की भी होड़ लगी रही। महिलाओं ने टिक्की, डोसा और गोलगप्पे का जायका लिया। वहीं बच्चों ने सॉफ्टी का जायका लिया। बच्चों ने खेल खिलौने खरीदे।

भीड़ को देखते हुए मेला भंडरा पुलिस चौकस रही। मेले मे जगह जगह पर पुलिस मुस्तैद रही। मेला का मुख्य आकर्षण झूलों के साथ मौत का कुआं और बिजली के झूले भी है। मौत का कुआं में तमाशा देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। लोगों ने टिकट लेकर मौत का कुआं देखा। मौत का कुआं में छह मारुति कार और चार बाइकें एक साथ चलती देख लोग हतप्रभ रह गए। कई महिलाएं तो घबरा कर पीछे ही हट गईं। वही ब्रेक डांस, बिजली के झूले का भी लोगो ने जम कर लुफ्त उठाया।


**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू**
**(जिला नजारत शाखा)**

**(अल्पकालीन निविदा)**

उपायुक्त, पलामू के पत्रांक– 56/खा0म0, दिनांक 04.06.2025 के द्वारा नये कचहरी परिसर में ब्लॉक– c के पीछे संचालित कैंटीन का निविदा (Auction) कराने हेतु पारित आदेश के आलोक में कैंटीन खोलने वाले योग्य एवं अनुभवी इच्छूक व्यक्तियों से खुली डाक द्वारा अल्पकालीन निविदा दिनांक 16.07.2025 के अपराह्न 12.30 बजे तक निम्न शर्तो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा दिनांक 16.07.25 को समय 3 बजे (अप0) में खोली जायेगी। निविदा खोले जाने के समय निविदादाता/अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रह सकेंगे। तकनीकी रूप से सफल निविदादाताओं का निलामी की प्रक्रिया शुरू कि जायेगी।
2. कैंटीन हेतु खुली डाक/नीलामी के लिए न्यूनतम सुरक्षित राशि 200000/– (दो लाख) रू0 है इससे आगे के डाकवक्ता द्वारा लगाये जानी वाली बोली का न्यूनतम अन्तर .10000/– (दस हजार) रू0 होगा। तथा निलामी की राशि को उच्च वक्ता निलामी के अगले दिन दिनांक 17.07.2025 को 5.00 बजे अप0 तक जमा करना होगा अन्यथा कार्यादेश निर्गत नहीं किया जायेगा एवं पुनः द्वितीय वक्ता को अवसर प्रदान किया जायेगा जो दिनांक 18.07.2025 तक वैद्य होगा, इसी प्रकार अनुपलब्धता की स्थिति में अगले वक्ता को अवसर दिया जायेगा तथा अधिकतम डाकवक्ता को अनुबंध की तिथि से एक वर्ष के लिए कैंटीन संचालन हेतु भवन आवंटित किया जायेगा।
3. कैंटीन खोलने के इच्छुक व्यक्ति अपना पैन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड तथा पुलिस अधीक्षक, पलामू द्वारा जारी चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. फर्म/प्रतिशठान का जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र तथा जी0एस0टी0 रिर्टन मासिक/त्रैमासिक एवं पिछले तीन साल का आई0टी0 रिर्टन का स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. निविदादाता को कैंटीन चलाने/खाद्य संबंधित कार्य का पूर्व का अनुभव प्रमाण पत्र एवं खाद्य सुरक्षा का लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन संलग्न करना होगा।
6. बिना कोई कारण बताये निविदा को स्थगित/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा, जिसके विरूद्व न्यायालय में वाद दायर नहीं किया जा सकता है।
7. फर्म/प्रतिशठान के द्वारा काली सूची में नहीं रहने संबंधित शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा।

नजारत उप समाहर्त्ता, पलामू — उपायुक्त, पलामू।

ज्ञापांक /नजा0 दिनांक

PR 356130 (Palamu) 25-26 (D)

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा: परमवीर अल्बर्ट एक्का के पैतृक गांव को जोड़ने वाली 10 किमी सड़क पहली बारिश में टूटी

**नवीन मेल संवाददाता**

**जारी।** गुमला जिले के चैनपुर से जारी तक 26 करोड़ 32 लाख 90 हजार रुपये की लागत से बनी 10 किलोमीटर लंबी सड़क पहली ही बारिश में जगह-जगह से टूटने लगी है। यह प्रमुख सड़क जो जारी को चैनपुर से जोड़ती है और परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के पैतृक गांव तक जाती है, अब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है और उन्होंने उच्च स्तरीय जांच तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वही चैनपुर बरवे मैदान के समीप रोड में जल जमाव होने से स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण है परेशान।



● **सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल**

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है और गुणवत्ता से समझौता किया गया है। जगह-जगह पड़ रही दरारें और सड़क का धँसना स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि ठेकेदार ने सिर्फ लीपा-पोती कर अपना काम पूरा किया है। ग्रामीणों का कहना है कि इतने बड़े बजट की सड़क का पहली बारिश में ही टूटना विभागीय लापरवाही या ठेकेदार की मिलीभगत को उजागर करता है।

● **महत्वपूर्ण मार्ग पर आवागमन प्रभावित**

यह सड़क केवल चैनपुर और जारी को ही नहीं जोड़ती, बल्कि यह झारखंड को छत्तीसगढ़ से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग भी है। प्रतिदिन हजारों वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं। इसके अलावा, स्कूली बच्चे, सरकारी कर्मचारी और स्थानीय लोग भी इसी सड़क का इस्तेमाल करते हैं। लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी, और अब जब यह बन गई है, तो यह पैसे की बर्बादी साबित हो रही है।

चैनपुर मण्डल अध्यक्ष बुधराम नायक मुद्दे पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एक स्थानीय नेता ने कहा, "यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि परमवीर अल्बर्ट एक्का जैसे महान सपूत के पैतृक गांव को जाने वाली सड़क में भी इस तरह का भ्रष्टाचार हुआ है। यह सिर्फ पैसे की बर्बादी नहीं, बल्कि शहीदों का अपमान भी है। हम सरकार से मांग करते हैं कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। दोषी ठेकेदार के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज हो और जिन सरकारी अधिकारियों की लापरवाही या मिलीभगत रही है, उन्हें भी बख्शा न जाए।"

ग्रामीणों ने कहा कि"जब जनता के पैसे का इस तरह दुरुपयोग होता है, तो विकास कार्यों पर से विश्वास उठ जाता है। यह सड़क हजारों लोगों की आवाजाही का मुख्य साधन है और इसका इस तरह से क्षतिग्रस्त होना अस्वीकार्य है। हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक इस मामले में न्याय नहीं मिल जाता और दोषियों को सजा नहीं मिल जाती।"ग्रामीणों ने सरकार से अपील की है कि वे तुरंत इस मामले का संज्ञान लें और एक जांच समिति का गठन करें। उनकी मुख्य मांगें हैं सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच की जाए।दोषी ठेकेदार को करवाई किया जाए और उस पर कानूनी कार्रवाई की जाए।निर्माण कार्य की निगरानी में लापरवाही बरतने वाले सरकारी कर्मियों पर भी कार्रवाई की जाए।क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत गुणवत्तापूर्ण तरीके से

## न्यूज बॉक्स

### चार अलग-अलग जगहों पर जहरीले पदार्थ खाने से एक हुई मौत और तीन अस्पताल में भर्ती



**गुमला ।** जिले में बीते 24 घंटे के भीतर जहरीले पदार्थ खाने की चार अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। महुआ टांड़ के जोरी गांव में 20 वर्षीय सीता कुमारी ने चूहे मारने की दवा खा ली, सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वहीं पालकोट के तपकरा गांव में 18 वर्षीय लालू टेटे ने घरेलू विवाद में कीटनाशक खा लिया। परिजन उसकी मानसिक अस्वस्थता की बात कह रहे हैं। सदर थाना क्षेत्र के मुरकुंडा गांव की 21 वर्षीय गुड्डन कुमारी और सोसो महली टोली की दुर्गा कुमारी (21) ने भी कीटनाशक खा लिया। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। इन दोनों मामलों के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग मामले की जांच में जुटा है।

### अबुआ आवास गृह प्रवेश व आम महोत्सव के कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**बसिया(गुमला)।** बसिया में आज अबुआ आवास योजना के तहत गृह प्रवेश एवं आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए स्थानीय विधायक जिगा सुसारन होरो ने कहा कि अबुआ आवास एक महत्वाकांक्षी योजना है और इस कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से अंतिम पायदान पर खडे हर जरूरतमंद लोगों को पक्का मकान देने का लक्ष्य रखा गया है। बागवानी के क्षेत्र में यहां के किसानों की उपलब्धि पर चर्चा करते हुए उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार के द्वारा जो भी योजनाएं चल रही है वह बसिया प्रखंड के सभी जरूरतमंद लोगों तक निश्चित तौर से पहुंचेगी। आयोजित कार्यक्रम के उपरांत विधायक ने कोनबीर पंचायत के सुनीता कुमारी और प्रकाश महतो के घर जाकर उनके अबुआ आवास का भौतिक उद्घाटन भी किया। इसी तरह इस पूरे कार्यक्रम के दौरान कई किसानों के आम बागवानी क्षेत्रों के भौतिक निरीक्षण की बातें भी सामने आई। इस अवसर पर बसिया की एसडीओ जयवंती देवगम, एलआरडीसी शेखर कुमार, बीडीओ सुप्रिया भगत, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अलीम खान सुकरात उरांव सहित बडी संख्या में अबुआ आवास के लाभुकों व किसानों की उपस्थिति दर्ज की गई।

### टीबी उन्मूलन हेतु पोषण कीट का किया गया वितरण



**बसिया(गुमला)।** रेफरल अस्पताल बसिया में आज प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत चिन्हित टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। मिली जानकारी के अनुसार इस अवसर पर 22 निश्चय मित्रों के सहयोग से 27 टीवी मरीजों को पोषण सामग्री उपलब्ध कराया गया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सा प्रभारी डाक्टर विजय लकडा ने निश्चय मित्र बनकर टीबी मरीजों के लिए पोषण कीट उपलब्ध कराने वालों की सराहना करते हुए कहा कि टीवी एक गंभीर बीमारी है और इसके खिलाफ लड़ाई में समाज की भागीदारी बहुत जरूरी है। इस अवसर पर टीवी रोगियों को उचित समय पर दवाई, समय-समय पर जांच, उचित पोषण और मानसिक संबल की आवश्यकता पर भी उन्होंने विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि बीडीओ सुप्रिया भगत ने टीबी उन्मूलन हेतु किए जा रहे सामाजिक प्रयासों की सराहना करते हुए आम लोगों से इस रोग के प्रति जागरूक होने की अपील की।

### गड्ढे में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के खरवागढ़ा बाजार के पास शनिवार सुबह एक खेत के गड्ढे में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की खबर से मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने शव की पहचान करने की भरसक कोशिश की, लेकिन चेहरा सूजा होने और गले में गमछा बंधे होने के कारण पहचान नहीं हो पाई। सूचना पाकर थाना प्रभारी कंचन प्रजापति पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। शव कान के पास कुचला हुआ पाया गया, साथ ही चेहरा बुरी तरह सूज गया था, जिससे पहचान करना मुश्किल हो गया। गले में गमछा बंधा हुआ देख कर प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने बताया कि शुक्रवार को खरवागढ़ा कुसुम्बाहा में साप्ताहिक बाजार लगा था, जिससे इलाके में काफी भीड़ थी। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि शव किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से भी हो सकता है।

राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर उपायुक्त ने की समीक्षा

## लंबित कार्यों में तेजी लाने का सख्त निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजमार्ग योजनाओं की प्रगति को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एवं जिला भू-अर्जन कार्यालय के माध्यम से संचालित विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में गुमला जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित चार प्रमुख योजनाएं और राजकीय राजमार्ग से संबंधित 11 योजनाएं कार्यरत हैं। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि भूमि अधिग्रहण से संबंधित सभी रैयतों को त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिन योजनाओं में कार्य लंबित या धीमी गति से चल रहे हैं, उन्हें समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के लिए प्रभावी समन्वय और सतत निगरानी को अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं का समय पर निष्पादन न केवल जिले की आधारभूत संरचना को सशक्त करेगा, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित, सुगम एवं तीव्र यातायात सुविधा भी उपलब्ध कराएगा। बैठक में परियोजना निदेशक, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं तकनीकी कर्मी उपस्थित रहे।



### प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

**गुमला।** शनिवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति को लेकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान रेल टेस्ट के अंतर्गत विद्यालयों में छात्रों की अधिगम स्थिति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने गुणवत्तापूर्ण परीक्षा आयोजन तथा आंकड़ों के अद्यतन को सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### खाद्य आपूर्ति व्यवस्था में सुधार को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक

**गुमला।** जिले में खाद्य आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में शनिवार को खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन कार्यालय प्रकोष्ठ में किया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, एजीएम, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के संचालक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी पीडीएस दुकानों में साफ-सफाई, सुव्यवस्थित स्टॉक प्रबंधन तथा उपभोक्ताओं के अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राशन वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण आवश्यक है। राशन वितरण में गति और गुणवत्ता लाने के लिए उपायुक्त ने दिए कई निर्देश - सभी राशन कार्डधारियों की केवाईसी प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। सभी डीलरों को एक सप्ताह के भीतर चना आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। नए राशन कार्ड जारी करने एवं पुराने निरस्त करने की प्रक्रिया का नियमित फॉलोअप किया जाए। पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना के तहत समय पर राशन वितरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। पलायन करने वाले नागरिकों का ई-केवाईसी प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। डीलरों के माध्यम से उचित मूल्य पर खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली जनकल्याण की एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ग्रामीणों ने ऑनलाइन साझा की समस्याएं

## डीडीसी ने दिया त्वरित समाधान का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** शनिवार को गुमला जिला प्रशासन द्वारा साप्ताहिक ई-जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में किया गया। उपायुक्त के निर्देश पर आयोजित इस ऑनलाइन कार्यक्रम में जिले के बसिया, पालकोट, गुमला एवं भरनो प्रखंडों के नागरिकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं। कार्यक्रम में करीब 20 आवेदकों ने पुल निर्माण, जलमीनार, सड़क निर्माण, पेयजल संकट, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, आधार कार्ड सुधार, आवास योजनाओं से वंचित रहने जैसी जनजीवन से जुड़ी समस्याएं साझा कीं। उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल समाधान योग्य शिकायतों पर ऑन द स्पॉट निर्देश जारी करते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। विशेष रूप से आधार कार्ड में सुधार, जर्जर विद्यालय भवन की मरम्मत, आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत, बिजली के खतरनाक पोलों को हटाना, गार्डवाल निर्माण जैसी मांगें ग्रामीणों द्वारा प्रमुखता से रखी गईं। कुछ शिकायतों का समाधान तुरंत प्रखंड स्तर पर कर दिया गया, जबकि अन्य शिकायतों की जांच कर शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया गया। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रशासन जनता की समस्याओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। जो समस्याएं स्थानीय स्तर पर हल की जा सकती हैं, उनका तुरंत समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### घाघरा अंचल में प्रत्येक मंगलवार को ऑनस्पॉट पंजी सुधार कैंप का किया जायेगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा (गुमला)।** ऑनलाइन पंजी-II सुधार से जुड़ी बढ़ती हुई जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु अंचलाधिकारी घाघरा की पहल पर अब प्रत्येक मंगलवार को मुख्यालय दिवस के दिन ऑनस्पॉट पंजी-II सुधार कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह कैम्प सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें उपस्थित रैयतों के आवेदन का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।

रैयतों को मंगलवार सुबह 10:00 बजे कार्यालय में उपस्थित होकर कैम्प पंजी में अपना नाम दर्ज कराना होगा। इसके बाद क्रम के अनुसार उपस्थित रैयतों का ऑनलाइन पंजी-II सुधार कार्य ऑनस्पॉट किया जाएगा। जो रैयत इस समय सीमा में शामिल नहीं हो पाते हैं, उन्हें अगले मंगलवार के कैम्प के लिए अग्रसारित किया जाएगा।

यह व्यवस्था प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को नियमित रूप से कैम्प मोड में जारी रहेगी, जिससे रैयतों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अंचलाधिकारी घाघरा ने कहा कि यह पहल ग्रामीणों को लंबी प्रक्रियाओं और अनावश्यक प्रतीक्षा से राहत दिलाने के उद्देश्य से की गई है। पारदर्शी और त्वरित सेवा की दिशा में यह कदम अंचल प्रशासन की जनपक्षीय सोच को दर्शाता है।

रैयतों से अपील की गई है कि वे समय पर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं और अपने भू-अभिलेख से संबंधित त्रुटियों का समाधान शीघ्रता से प्राप्त करें।

### भरनो के रायकेरा में तेज रफ्तार स्कूटी ने ली मासूम की जान

**भरनो (गुमला)।** भरनो-चट्टी मुख्य मार्ग पर रायकेरा गांव के पास शनिवार को एक तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने सड़क किनारे खेल रहे 10 वर्षीय मासूम को जोरदार टक्कर मार दी। नशे की हालत में धुत चालक की लापरवाही से घटना स्थल पर ही बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। मृत बच्चे की पहचान चारो उरांव के पुत्र रोशन उरांव (10 वर्ष) के रूप में हुई है, जो रायकेरा स्थित सरकारी विद्यालय में कक्षा 4 का छात्र था। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने स्कूटी सवार को पकड़ लिया और बच्चे को तत्काल भरनो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की सूचना मिलते ही अस्पताल में मां फूलों उराईन का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। गांव और आसपास के इलाकों में शोक की लहर फैल गई है।

### दो बाइकों की टक्कर में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल

**भरनो (गुमला)।** शनिवार शाम भरनो–तुरीअम्बा मुख्य सड़क पर मठ तुरीअम्बा तालाब के समीप दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में लोहरदगा जिले के बिडलानी गांव निवासी परमेश्वर लोहरा (45 वर्ष) एवं उसका 6 वर्षीय पुत्र अंकित लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार परमेश्वर लोहरा अपने पुत्र के साथ लापुंग थाना क्षेत्र के दौलैचा बाजार गया हुआ था। लौटते समय जैसे ही वह मठ तुरीअम्बा तालाब के पास पहुंचा, सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई।

गुमला में मासिक अपराध समीक्षा बैठक संपन्न

## अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी ने दिए सख्त निर्देश

● **अवैध बालू-चिप्स उत्खनन व तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर विधिसम्मत कार्रवाई हो**

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** 28 जून 2025 – पुलिस अधीक्षक कार्यालय, चन्दाली, गुमला के सभागार में पुलिस अधीक्षक गुमला की अध्यक्षता में मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (चैनपुर, गुमला, बसिया), परिवीक्षाधीन पुलिस उपाधीक्षक, अंचल निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं सभी संबंधित शाखा प्रभारियों ने भाग लिया। बैठक की शुरुआत में सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आम जनता की समस्याएं सुनें और त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान निम्न प्रमुख बिंदुओं पर दिए गए निर्देश (संक्षिप्त रूप में) -सड़क सुरक्षा को लेकर तेज रफ्तार, बिना हेलमेट व नशे में वाहन चलाने के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जाए डायल 112 के तहत प्राप्त मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ई-साक्ष्य ऐप से संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच कर साक्ष्य सुरक्षित रखें। अवैध बालू-चिप्स उत्खनन व तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर विधिसम्मत कार्रवाई हो। मादक पदार्थों की बिक्री व तस्करी की रोकथाम को लेकर छापामारी व निगरानी तेज हो,डायन प्रथा व महिला अपराध के प्रति सप्ताह जागरूकता अभियान चलाया जाए। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन हो।,जेल से रिहा अपराधियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी व आवश्यक कार्रवाई की जाए।,मानव तस्करी और पलायन की रोकथाम को लेकर आमजन के बीच व्यापक जागरूकता फैलाई जाए।,प्रतिबंधित संगठनों (जेजेएमपी, पीएलएफआई, झांगुर गुट) से जुड़ी सूचनाएं एकत्र कर कार्रवाई की जाए।

**कार्यालयः– नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**
Emai-npsbnagar@gmail.com

**आम–सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि कृषि योग्य भूमि पर होल्डिंग टैक्स शून्य है। अतः नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रान्तर्गत सभी कृषि योग्य भूमि मालिक अपना कृषिगत भूमि से संबंधित दस्तावेजों के साथ दिनांक– 02.07.2025 से 04.07.2025 तक, समय 11:00 बजे सुबह से शायं 04:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचातय, श्री बंशीधर नगर में अपना–अपना कृषि योग्य भूमि से संबंधित दावा पेश कर सकते है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 356164 Rural Development(25-26)#D

**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा**

**आम सूचना**

लोहरदगा जिला अन्तर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (टाटी, कैरो/मेढ़ो, सेन्हा एवं ओनेगड़ा, पेशरार) का संचालन प्रारम्भ किया जाना है। जिसमें तत्कालीन रूप से अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता है, जिसके लिये स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, कला एवं क्राफ्ट शिक्षक एवं शारीरिक शिक्षक (महिला/पुरूष) का चयन हेतु पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र की स्व0 अभिप्रमाणित प्रति तथा पासपोर्ट साईज फोटो के साथ विहित प्रपत्र में दिनांक 07.07.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक केवल निबंधित/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सशर्त आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विज्ञापन, नियम एवं शर्तें तथा आवेदन हेतु प्रपत्र लोहरदगा जिला के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,लोहरदगा

PR 356120 (Lohardaga)25-26*D

**कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा।**

**आम सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि चतरा जिला के वैसे निवासी जो आर्मी के Ex-Services Man हैं यदि वे चतरा जिला में पारा लीगल वोलेंटियर के रूप में कार्य करना चाहते हैं तो दिनांक 03.07.2025 तक या उससे पूर्व जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के कार्यालय में आकर सम्पर्क कर सकते हैं।

इस संबंध में अन्य जानकारी के लिए भी जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

दूरभाष संख्याः 9304858218

आदेशानुसार
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
चतरा।

PR 356116 (Law) 25-26 (D)

## हमारी हवाई यात्रा

हमारी सरकार की यह बहुत बड़ी देन है कि अब हवाई जहाज़ भी आम आदमी की ज़िंदगी में घुसपैठ कर चुका है—बिना पंख के सपनों को पंख मिल गए हैं। तो जनाब, हम भी उड़ने निकल पड़े—राँची से दिल्ली, फिर वहां से भोपाल। रांची एयरपोर्ट पर हम वक़्त से पहले ही पहुँच गए थे, मगर प्लेन... वो तो मौसम के मिज़ाज पर था। सूचना आई—"फ्लाइट लेट है, अब 8.30 की जगह 9:55 बजे उड़ान भरेगी।" हमारे पीछे एक परिवार चल रहा था। औरत बोली—"प्लेन लेट हो जाए तो चलता है, लेकिन इसका इंजन दुरुस्त होना चाहिए!" मैं हँस पड़ी। वो भी मेरी तरफ देखकर मुस्कुराई। खैर, रात 11:30 बजे हम दिल्ली पहुंचे। आगे की फ्लाइट सुबह 5:00 बजे की थी। नींद तो वैसे भी आजकल मोबाइल ने छीन ली है, तो एयरपोर्ट पर ही मोबाइल और कुर्सियों की गोदी में झपकी ली। सुबह दिल्ली से भोपाल की उड़ान भरकर हम सही-सलामत पहुँच गए। वापसी भी तय थी—भोपाल से दिल्ली, और फिर राँची। भोपाल बोर्डिंग काउंटर पर पहुंचे, टिकट की कॉपी निकाली। वहाँ मौजूद कर्मचारी ने बस मुस्करा कर इशारा किया—"सब ठीक है।" मैंने पूछा—"मेरा लगेज सीधे राँची मिलेगा न?" वो फिर मुस्कराया। मेरे पीछे एक बिहारी भाई टिकट दिखा रहे थे। कर्मचारी ने फिर इशारों में बात की। बिहारी भाई ने अपनी पत्नी से कहा, "लगता है बाबू गूंगा है।" पत्नी बोली-"नाही, ऊ शांति बनाए रखने के कह रहा है।" भाई साहब बोले-"ई का बात हुआ, आदमी हाल-चालो न पूछे?" मुझे अचानक जॉनी लीवर की फिल्म 'नया दौर' की याद आ गई-"पहले हाल-चाल, फिर टिकट... और कैसे हैं आप! ये लो जी आप टिकट। अब हम फिर फ्लाइट में थे-भोपाल से दिल्ली की ओर। जैसे ही पायलट ने विमान ज़मीन पर उतारा, पीछे बैठे सज्जन बोले-"भाई ज़रा आराम से चलाओ!" ऐसा लगा जैसे इंडिगो के पायलट को सब सुनाई दे रहा है। दिल्ली में अब हमें टर्मिनल-1 से टर्मिनल-3 जाना था।हम इलेक्ट्रिक बस से टर्मिनल -3 पहुंचे।बाहर निकले, अंदर घुसे, और फिर लाइनें देखकर ऐसा लगा मानो हर शहर की अपनी-अपनी बस की कतारें लगी हों। मगर एक बात थी-बिहारी सब पर भारी। लाइन कोई भी हो, आवाज़ पटना और रांची से ही आ रही थी। अब हम फ्लाइट में दिल्ली से रांची की उड़ान के लिए सवार हो चुके थे- प्लेन रनवे पर सरसराने लगा तो पीछे बैठे सज्जन चिंतित हो उठे - "ई सरवा का इंजन खराब है का? अभी से कर रहा है चों-चों-चों!" रांची में मौसम खराब होने के कारण पायलट प्लेन को ऊंचा उड़ा रहा था। पीछे बैठे सज्जन ने कहा -"उड़ाइए पायलट साहब खूब ऊंचा लेकिन एतना ऊंचा नहीं की ऊपरे पहुंच जाएं। उस वक़्त मुझे एहसास हुआ कि चाहे जितनी भी टेक्नोलॉजी आ जाए, आम आदमी की सोच में इंजीनियरिंग और खगोल विज्ञान दोनों फिट हैं—बस डायलॉग बिहारी हो या बनारसी, मज़ा तो देसीपन में ही है। यात्रा समाप्त हुई, पर स्मृतियाँ अब भी उड़ान पर हैं।



चारुमित्रा

संस्मरण

# सीधी सरल रेखा से बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्रद्धेय सिद्धनाथ कुमार जी





अनिता रश्मि

वे दिन बड़े शानदार थे, जब बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्रद्धेय सिद्धनाथ कुमार जी के चुटीले व्यंग्य राँची एक्सप्रेस में आते थे। सुधि पाठक इस साप्ताहिक स्तंभ की प्रतीक्षा करते थे। उनमें हम भी थे। उस समय वे रांची विश्वविद्यालय में हिन्दी के प्रोफेसर थे। संयोग ऐसा कि मैं एक बार राँची एक्सप्रेस के दफ्तर गई थी तो सामने कुर्सी पर बलबीर दत्त जी, बगल में सिद्धनाथ कुमार जी बिराजमान। मैं उन्हें तत्काल पहचान गई। तीक्ष्ण व्यंग्यधार से पाठकों को नित्य सुबह नहलानेवाले लेखक तस्वीर से निकलकर साक्षात् बगल में बैठे थे। बेहद पतली-दुबली काया, झक सफ़ेद सन से केश, चौड़े फ्रेम का चश्मा, गोरा रंग सब तो वही था। अभिवादन किया था लेकिन अपना परिचय देने में आदतन संकोच कर गई।

फिर व्याह कर रांची से दूर चली गई। वहाँ भी पढ़ती रही उनके व्यंग्य, कविताएँ, समीक्षाएँ, नाटक।

13 अगस्त 1927 को बक्सर, बिहार में जन्मे सिद्धनाथ कुमार जी की धाक पटना, राँची से लेकर दिल्ली तक थी। राजकमल प्रकाशन से आई नाट्य शैली की बहुपयोगी किताब की बहुत चर्चा थी।





रेडियो नाटक के बहुचर्चित हस्ताक्षर सिद्धनाथ जी और गोस्वामी जी के नाटक हवा महल से भी प्रसारित होते रहे थे।

उनकी विद्वता के सब कायल। वे पाँच वर्षो तक आकाशवाणी केंद्र, पटना में नाटक के लेखक एवं सहायक प्रोडयुसर रहे थे। नाटक जैसे उनकी रगों में बहता था। लेकिन समीक्षा और व्यंग्य भी उन्होंने प्रचूर मात्रा में लिखा था।

चतरा में रहते हुए मैंने उनकी नाट्य पुस्तक "रोशनी शेष है", "रेडियो नाटक की कला" मँगाई, अब तक अलमारी की शोभा है, उनकी याद दिलाती है। जब लौट कर बुद्धू राँची आए, चार साहित्यिक नाम प्रसिद्धि की ऊँचाई पर। खूब नाम सुना था। उनमें से एक सिद्धनाथ जी से ही मुख़्तसर सी भेंट, वह भी अपरिचय की कश्ती पर सवार।

अब मिलने की इच्छा बलवती। महिलाओं की साहित्यिक संस्था सुरभि में वे आमंत्रित किये जाते तो कभी-कभार दर्शन होते, दूर के दर्शन। असली मुलाक़ात हुई, प्रथम स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान लेते वक्त। मंच पर अध्यक्ष दिनेश्वर प्रसाद जी, सिद्धनाथ कुमार जी, अशोक प्रियदर्शी जी, सूचना आयुक्त वैद्यनाथ मिश्र जी, माया प्रसाद दी वगैरह थे। दो वर्षों का प्रथम और द्वितीय स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान (छतीसगढ़ के व्यंग्यकार विनोद साव को) इकट्ठे 2008 में दिया जा रहा था। उस दिन उन्होंने पहली बार मंच से उतरने पर धीरे से कहा, "बहुत अच्छा लिखती हैं आप।" चेहरे पर वही परम सुकूनवाली हँसी। उनकी विशेषता थी, वह हँसी। सिद्धनाथ कुमार जी की एक और खासियत थी, बहुत मद्धिम वाणी में बात करना। उनमें विनम्रता जैसे कूट-कूट कर भरी थी। टपकती थी। वक्र व हास्य व्यंग्य लिखनेवाले लेखक सीधी सरल रेखा जैसे सहज-सरल थे। बाद में भी सम्मान समारोह में कुछेक बार जाने पर सपत्नीक नजर आए थे। प्रणाम-पाती, हाल-चाल के आदान-प्रदान के दौरान शिद्दत से महसूस की।

## संस्कृति का शोकेस

### जगन्नाथपुर मेला : पारंपरिक झारखंडी अंदाज



जगन्नाथपुर मंदिर, रथ यात्रा और जगन्नाथपुर मेला, ये शब्द ये स्थान और ये दिन हर राँचीवासी के जेहन में हमेशा के लिए अंकित होगा ऐसा मैं समझती हूँ। आज भले सब रांची में न हों,देश विदेश के किसी भी कोने में हों,ये बातें जेहन में अवश्य अंकित होंगी ,जो यदा कदा विशेष कर दिवस विशेष में हुलस जगाती ही होंगी। वही हाल मेरा भी है। मेरी निजी स्मृतियाँ इस मेले को लेकर बहुत पुरानी तो है पर धुंधलाई अब तक नहीं है।वर्षों अपनी राँची से दूर रहने के बाद जब वापस लौटी तो बहुत कुछ बदल चुका था। ये शहर,यहां की आबोहवा,यहाँ के लोग,भीड़ और स्वयं मैं भी। जाहिर है मेले का स्वरूप भी बदला। बचपन में घूमे हुए मेले की जो स्मृतियाँ मानस पटल पर रही हैं उससे अब बहुत भिन्न हो गया है आज का मेला। आधुनिक मेले की तरह आधुनिक साज-सज्जा के सामान,घरेलू उपकरण, जरूरत की चीजें तो बिकती ही हैं, साथ ही पारंपरिक ताल पत्ते के सुंदर सुंदर खिलौने, बांसुरी,पिंजरा सहित तोते,रंग बिरंगी चिड़ियाँ,पारंपरिक हथियार औजार, मछली पकड़ने के जाल आदि मुख्यता से मिलते हैं जिसे खरीदने दूर दराज गांवों से लोग आते हैं।



रश्मि सिंह

उसी तरह आजकल मॉडर्न फूड स्टॉल पर चाउमिन,रोल जैसी चीजें ज्यादा मिलने लगी हैं , फिर भी कुछ-कुछ रंग बिरंगी देहाती मिठाईयों की दुकान भी दिख ही जाएँगी।मेले का मुख्य आकर्षण अब तरह-तरह के हाईटेक झूले होते हैं तो मौत का कूआं जैसे पारंपरिक शो भी हैं। मतलब मनोरंजन का पूरा इंतजाम। एक अजब सा समां बन जाया करता है मेले का जो खत्म हो जाने के बाद भी कायम रहता है।

सच उन दिनों जब मनोरंजन के साधन और उनपर खर्च की जाने वाली धनराशि भी बहुत सीमित होती थी तब यहाँ घूमना पूरे वर्ष के लिए मानो तरोताजा कर देता था। मेले के दिन की तो बात ही निराली। सुबह से हम बच्चे रेडी रहते। अकसर सब दोस्त मुहल्ले वाले हम साथ ही जाते थे। वहां जाकर बस खरीदारी खाना और झूले यही था हमारा मेला।झूले भी उन दिनों एक दो बहुत साधारण वाले होते,जादू के खेल मौत का कुआं सब बारी-बारी पूरी कर ही लेते और खाने पीने की तो मत पूछिए खुले में रखी तेल वाली जलेबियां समोसे सब डकार जाते, मजाल है कभी पेट में गुड़गुड़ भी हुई हो।

आज तो मेले की चीजें न माता-पिता खाने देते न बच्चों को उनका क्रेज रहा। मेले में खेती से जुड़े औजार, पारंपरिक औजार,मछली पकड़ने का जाल, नक्काशीदार घरेलू उपकरण, अस्त्र-शस्त्र वगैरह से लेकर सस्ते सरल बच्चों की तरह मासूम खिलौनों की भी लंबी फेहरिस्त होती, जिसे खरीदने के लिए महिने भर से हम दिन गिनना शुरू कर देते थे। अब बात करें मेले के साइड इफेक्ट्स की। समझ लीजिए उस दिन तो शाम तक भटकते ही बिता देते पर रास्ते से ही जो बांसुरी की स्वरलहरी बिखेरते आते (जो अकसर बेसुरी ही होती थी)कि पूरा मुहल्ला जान जाता कि हम मेला घूम आए। फिर तो जबतक बांसुरी अंतिम सांस न ले लेती मुहल्ला गुंजायमान रहता। डमरू की ढमढम,ताल पत्ते की उड़ने वाली चिड़िया, डांस करने वाला गुड्डा ये सब जब तक पूरी तरह नेस्तनाबूद नहीं हो जाते मेले की फीलिंग बनी रहती थी। सच सीमित साधन, सीमित पैसों में जो खुशियाँ उन दिनों हम खरीद पाते थे वो आज संभव ही नहीं । भौतिकता में हम जितने धनी होते जा रहे हैं आत्मिक सुख से उतने ही दूर होते जा रहे हैं। डवो बचपन वाला उत्साह यहाँ के ग्रामीणों में अब भी देखने को मिलता है। जगन्नाथपुर मेला, एक पारंपरिक मेला है जिसके जरिए हमें छोटानागपुरी संस्कृति का अवलोकन करने का मौका मिलता है। कितनों के लिए यह साल भर की रोजी रोटी का जरिया होता है। कितनों के लिए खालिस ग्रामीण एकरस जीवनशैली में एक उमंग, एक उल्लास भर देता है वहीं नवविवाहितों के लिए एक रंगीन याद! कितने ही ग्रामीण और आदिवासी परिवेश के लोग साल भर पैसे जमा कर-कर के इस दिन के लिए रखते हैं। खास पोशाक, खास साज-श्रृंगार के साथ लोग, विशेषकर महिलाएँ इस मेले में शिरकत करती हैं। पारंपरिक सामानों का यह एक सर्वोत्तम बाजार साबित होता है!

धार्मिक मान्यता अनुसार उस दिन भगवान जगन्नाथ अपने दाऊ बलराम और सुभद्रा संग नौ दिन के प्रवास हेतु अपनी मौसी के घर जाते हैं। लाखों की भीड़ उस रथ को खींचने के लिए लालायित रहती है। हर कोई कैसे भी उस पुण्य का भागी बनना चाहता है। उन नौ दिनों तक मेले की बहार रहती है। नवें दिन फिर उनका रथ वापस अपने धाम को लौट आता है और इसके साथ ही एक भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक प्रयोजन आधारित उत्सव आयोजन का पटाक्षेप हो जाता है।

## गजल



अभिनव अरुण

दुश्मनी सबसे पुरानी है तो है।
मेरी आदत ख़ानदानी है तो है।
झूठ को मैं झूठ कहता हूँ सदा,
गर ये मेरी बदज़ुबानी है तो है।
तुझमे देखे पीर मुर्शिद औलिया,
माँ तेरा चेहरा नूरानी है तो है।
मेरे आँगन बारिशें होती नहीं,
फिर भी फस्ले ज़ाफ़रानी है तो है।
बा अदब वो शेर पढ़ते हैं मेरे,
फ़िक्र ही मेरी रूहानी है तो है।
गुलशनों की सैर मैं करता नहीं,
शेर में ख़ुशबू लोबानी है तो है।
इस सियासत में कई पैबंद हैं,
पर यही चादर बिछानी है तो है।
सैकड़ों करते बसर फुटपाथ पर,
ये तरक्क़ी की निशानी है तो है।
हुक्म चलता है मेरा कोल्हान में,
दिल्ली तेरी राजधानी है तो है।
नून रोटी पर करोड़ों जी रहे,
ये हक़ीक़त की बयानी है तो है।
इक घड़ा लाते हैं हम दो कोस चल,
बाथ टब में तेरे पानी है तो है।
शेर बोते है ग़ज़ल उपजाते हैं,
अपनी ये खेती किसानी है तो है।
बाँध तुमने बाँध डाले सैकड़ों,
अब ये गंगा सूख जानी है तो है।

## दोहे

हृदय विदारक हादसा, सुनकर मन है स्तब्ध।
निगला सबको काल ने,ये कैसा प्रारब्ध।।
बैठी मौत विमान में, हर कोई अनजान।
पलक झपकते ही मिटे, जीवन के अरमान।।
टकराया वह मौत से, भड़कीं लपटें,आग।
पल भर में ही बुझ गये, खुशियों भरे चिराग।।
नाता नहीं विमान से,ना ही भरी उड़ान।
हॉस्टल में बैठे गयीं, मासूमों की जान।।
रब की आज्ञा के बिना, मौत न आए पास।
देखो कैसे बच गया, वह रमेश विश्वास।।
कितने रस्ते मौत के, जाने कितने रूप।
किसको, कैसे घेर ले,ये जीवन की धूप।।
दुर्घटना की चोट ने,छोड़े गहरे घाव।
एक धमाके से हुआ, सपनों का बिखराव।।
प्रभु चाहे तो मोड़ दे, तूफानों की चाल।
राई को पर्वत करे, निर्धन मालामाल।।
उम्मीदों के ढेर में,सुलग रही है आस।
ख्वाबों के मलवे तले,दबी हुई है प्यास।।



डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

## आर्द्रा पर्व प्रकृति की पूजा का उत्सव है

हमारा देश भारत विविध सतरंगी संस्कृतियों पर्वों परंपराओं का उत्सव धर्मी देश रहा है। प्रकृति के अनेक रुप कभी उग्र कभी कोमल, कभी वर्षा की फुहारों में भींगती धरती तो कभी रंगों में डूबा और पूजा के गीतों से गूंजता परिवेश मानसिक शांति और संतुष्ट भी प्रदान करता है। वर्षा ऋतु यहां का प्रमुख पर्व है और किसान ग्राम देवता। वह धरती का उपकार है श्रृंगार है ..समाज को श्रम व् लगन, त्याग और तपस्या का सर्वोत्तम पाठ पढ़ाने वाला गुरु भी है तो युग निर्माता भी। कवियों कृतिकारों की कल्पना का मुख्य विषय भी वर्षा ऋतु ही रही है। महाकवि जायसी ने 'चढा आषाढ़ गगन घन गाजा साजा विरह दुंद दल बाजा"कहकर आषाढ के बादलों का स्वागत किया था तो साकेत में गुप्त जी ने उर्मिला के मुख से कहलाया था 'आओ हे घनश्याम। यशोधरा के गौतम तो लौटे पर हमारे देश की यशोधरा की सूना पंथ निहारती आंखों. में मेघों की प्रतीक्षा जैसे ठहर जाती है। आषाढ़ के बादलों को आकाश में उमड़ते घुमड़ते देखने की कल्पना, रोज सुबह प्रातःकाल शीतल हवाओं और रिमझिम बूंदों का अहसास हमारे जीवन में उल्लास ले आता है। जिसकी प्रतीक्षा किसान, भूमिसुतायें करती हैं ताकि खेतों की हरियाली लौटे, फसलों का वैभव लौटे। इसी आषाढ़ मास में बिहार उत्तर प्रदेश और देश के कई भागों में आर्द्रा नक्षत्र का स्वागत किया जाता है आर्द्रा नक्षत्र आर्द्र शब्द से लिया गया जिसका अर्थ है गीला या भींगने का भाव। नयी फसलों विशेष रुप से धान को बोने का समय, आमों तथा अन्य मौसमी फलों फसलों के घर लाने का उत्सव। इस दिन बरसते बादलों के बीच घर में तरह तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। चने की दाल भरी पूरी, खीर, कोंहडे या चने की सब्जी, आम, मीठी चटनी आदि बनायी जाती है भगवान शिव को भोग लगाकर पूरा परिवार इस उत्सव को मनाता है। आर्द्रा नक्षत्र का संबंध भगवान शिव के रुद्र रूप से है, जो विनाश और परिवर्तन के देवता हैं। रुद्र को आंधी, तूफान का स्वामी भी माना जाता है। यह भी माना जाता है कि जब सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करता है, तो धरती रजस्वला होती है, और यह समय बीज बोने के लिए उपयुक्त माना जाता है। वर्षा ऋतु में लोकगीतों का विशेष महत्व रहता है। लोकगीत ही किसी देश की संस्कति व परंपरा के प्राण होते हैं। जैसे उत्तर प्रदेश में कजरी।कजरी, उत्तर प्रदेश के अवध और पूर्वांचल क्षेत्र का एक प्रसिद्ध लोकगीत और लोक नृत्य है। यह गीत वर्षा ऋतु में गाया जाता है और इसे गाते समय नृत्य भी किया जाता है। कजरी में आमतौर पर प्रेम, विरह, और प्रकृति का वर्णन होता है। अरे रामा सावन में घनघोर बदरिया छायी हे हरी ।या शिवशंकर चले कैलाश बुंदियां पडने लगी।इन गीतों को धान बोते समय या झूला झूलते समय भी सखियों मिलकर गाती है। बिरहा, बिहार में लोकप्रिय एक लोकगीत है। वर्षाकाल में गाए जाने वाले अन्य लोकगीतों में चैती और लंगुरिया भी शामिल हैं, के अनुसार Brainly.in. इसके अलावा, बुंदेलखंड में आल्हा, फाग, लामटेरा, दादरे, और गारी जैसे गीत भी गाए जाते हैं। प्रकृति संबंधी सृजन करने और खेती अकाल आदि की सटीक भविष्य वाणी करने वाले महाकवि घाघ याद आते हैं। उन्होने कहा था। घाघ रोहनी बरसे मृग तपे, कुछ दिन आर्द्रा जाय। कहे घाघ सुनु घाघिनी, स्वान भात नहिं खाय। महा कवि घाघ अपनी पत्नी (भड्डुरी) से कहते हैं कि अगर रोहिणी नक्षत्र में जोरदार तपन काल रहता है और मृगशिरा नक्षत्र में जोरदार आंधियां चले तथा आर्द्रा नक्षत्र के कुछ दिन बीतने पर अगर बरसात होती है तो इतना अच्छा समय आता है कि मनुष्य तो क्या श्वान (कुत्ता)भी भूखा नहीं रहता है। यह पर्व अत्यंत महत्वपूर्ण एवं लोकप्रिय है। कृषि प्रधान प्रदेशों में अनिवार्यतः अपनी सामर्थ्य के अनुसार इसे मनाते हैं। यह एक सामूहिकता का त्योहार भी है, जिसमें घर पर बने पकवान पूरे गाँव और इष्ट मित्र को भी बांटे जाते हैं। खेतों में धान बोने वाले मजदूरों और करमचारियों को भी भोजन कराया जाता है। ऐसे ऋतु पर्व हमारे देश की शान हैं और प्रकृति की अभ्यर्थना का उत्सव भी।



पद्मा मिश्र



काव्य कोना

### रिश्तों की उम्र

कभी कहीं कारण
कभी रिश्तों की उम्र पूछते हैं
पैमाना बने तो नापे
भावनाओं के अंदाज अपने हैं
वायु-सा सरल बहाव है ।
रिश्ते और संबंध
संवाद अहम है
अहम् का अहम न होगा जहाँ
वहम नहीं आयेगा वहाँ
रिश्ते और संबंध
वायु-सा सरल बहाव है ।
संयम और विश्वास
संयोग हमेशा बनाते हैं ।
ढोल , ताशा , तुरही , वीणा
मधुर स्वरांजलि , मंगल ध्वनि
नूतन आभा संबंधों में , रिश्तों में।
कभी कहीं कारण
कभी रिश्तों की उम्र पूछते हैं
पैमाना बने तो नापे
भावनाओं का अंदाज अपना है
वायु-सा सरल बहाव है ।
नाग मणि

नाग मणि

## महान होने का सुख



ललन शर्मा



इन्सान पैदा होते ही सबसे पहले जो काम करता हैं वह हैं अपने लिए सुख-सुविधा की तलाश, कबीला संस्कृति से लेकर आधुनिक व सभ्य संस्कृति तक आप नज़र दौड़ाये तो आपको दिखेगा कि इन्सान ने अपने सुख के लिए क्या-क्या नहीं किया, मुझे कुछ ज्यादा मालूम नहीं कि लोग पहले अपने लिए किस प्रकार सुख प्राप्त करते थे लेकिन जहाँ तक मेरी कमजोर और दुष्ट नज़र जाती है उसमें मुझे पिछले पचास-साठ सालों का रिकार्ड दिखाई देता है। इसमें कई किस्म के सुख प्राप्त किए गये मसलन भैया होने का सुख, सरकारी साँड़ होने का सुख, माफिया होने का सुख, भ्रश्टाचारी और घोटालेबाज होने का सुख, लूटमार, हत्या, कब्जा एवं माल हड़पने का सुख, हेराफेरी करने का सुख इत्यादि अनेक ऐसे सुख हैं जिनका भोग कर लोग सुखी-सम्पन्न हो गये, फले-फूले और पूरे मुल्क में फैल गये। पर इन्सान की इन्सानी फितरत, इन सुखों का भोग करते-करते बोर होने लगे तो उन्हें लगा की अब कोई नई किस्म के सुख की तलाश की जानी चाहिए चूंकि ऐसे सुख के अविष्कारों पर शोध करने और उन्हें देशभर में फैलाने का कापीराईट मुझे है इसलिए आकाओं की सुख-सुविधा का ध्यान रखते हुए इस नये किस्म के सुख पर शोध करना शुरू कर दिया। इसके दौरान एक स्लोगन हाथ लगा, स्लोगन था - 'मेरा भारत महान', इसी महानता पर अथक विचार करते-करते एक फार्मूला मेरे हाथ लग ही गया - वह था "महान होने का सुख"। मेरे इस शोध से पता चलता हैं कि आप लाख रूपया पैसा कमा ले, बंगला-गाड़ी के मालिक हो जाय लेकिन महान न हुए तो इन चीजों का कोई मोल नहीं, आपकी कोई भी पहचान नहीं। गली का कुत्ता भी आप पर भौंकेगा। अस्तू, मैंने इस नये फार्मूले को लोगों के बीच बांटा,लोग बाग बाग हुए।

मेरे शोध के हिसाब से, महान होने के सुख प्राप्त करने के लिए कुछ मापदण्ड हैं। अगर आप शरीफ हैं, पास-पड़ोस के सुख-दुख में हिस्सा लेते हैं, ईमानदारी से अपना काम पूरा करते हैं, आप सीमित हैं आपके पास कोमल-भावुक दिल हैं, आदर्शवादी हैं, सच बोलने की बीमारी हैं, नैतिक मूल्यों को मानते है तो आप महान नहीं हो सकते हैं, अगर आप इन सबके अलावा कुछ भी है तो इस सुख का आनंद उठा सकते ।

एक तरह से देखा जाय तो महान होना अलादिन का चिराग पाने जैसा है। बटन दबाया, सारे काम हो गये। जो वर्दीवाला पहले आपको हड़काता था वह आपसे हड़केगा और अपने बाल बच्चों की सलामती की दुआ आपसे मांगेगा। जितने भी लोग आज महान हुए हैं। सभी ने यही फार्मूला अपनाया हैं और प्रसिद्धि पायी हैं। भ्रष्टाचार के दलदल में नाक तक डूबे लोग महान होते ही उससे निकल आये हैं। उनके दामन में दाग-धब्बा नहीं दिखता है। महान होने से एक टिकाऊ लाभ यह हैं कि इससे उस व्यक्ति के व्यक्तित्व एवं जीवनी पर शोध होने लगते हैं। लेखकगण चालिसा लिखते हैं, भक्ति गीतों की रचना होने लगती हैं। इसके साथ-साथ उस व्यक्ति के परिवार के गधे-बैल भी महान हो जाते हैं। उन्हें भी उद्घाटनों में फीता काटने, भाषण देने का मौका मिलता है। महान होने का दूसरा टिकाऊ लाभ यह भी हैं कि महान होते ही आदमी हाथी हो जाता हैं शरद जोशी जी ने ऐसे लोगों को अंधों का हाथी कहा हैं यानी आम आदमी अंधे हो जाते हैं, हाथी हाथी हो जाता हैं, हाथी के लिए कोई परेशानी नहीं, लाख कुत्तें भौंकते रहे। अब ऐसा सुखद अहसास तो महान होकर ही प्राप्त किया जा सकता हैं। चूंकि महान होना एक बहुत बड़ा सम्मान हैं, पर हैं इसलिए ऐसा होने से कई समस्याएँ आसानी से सुलझने लगती हैं अगर महान व्यक्ति पर पिछली जिन्दगी में हत्या, बलात्कार, जालसाजी जैसे पुण्य कार्य पर पुलिसिया रिकार्ड हैं तो ऐसे रिकार्डो की फाईल गायब किए जा सकते हैं, उन्हें समाज द्वारा क्लीन चीट दिया जा सकता हैं। आदमी काला कपड़ा छोड़ सफेद कपड़े पहनना शुरू कर सकता हैं।

महान होने से आजकल एक लाभ सीधे मिलने लगा हैं। टी० वी० एवं प्रेसवालों की भीड उन्हें घेर लेती है, तस्वीरें सुर्खियों में रहती हैं जिन व्यक्ति को उनके मुहल्ले वाले दुत्कारते रहते हैं उससे प्रेस वाले क्लोज-अप मांगते हैं, इतना ही नहीं, महान व्यक्ति के घर की हरेक वस्तु का भी प्रचार-प्रसार होता हैं इससे अख़बारी बन्धुओं की कुछ रोजगार बढ़ जाता हैं। अब आप ही समझिए कि आज के जमाने में किसी को रोजगार दिलाना कितना महान काम हैं। अब तो महान लोगों का बहुराष्ट्रीयकरण हो गया है। लोग महान होकर विदेशों में चक्कर लगा रहे हैं और वहाँ महान होने का फार्मूला बांट रहे हैं। एक वक्त आयेगा जब विश्व का हर व्यक्ति महान होगा और हरदम महानता का सुख भोगेगा। मेरी तो इच्छा हैं कि हर व्यक्ति जो थोड़ा भी समझदार हैं आज से ही मेरे फार्मूले पर अमल कर महान बनना शुरू कर दे और दूसरों को भी प्रेरित करे ताकि मेरा यह शोध गांव-गांव तक पहुँच सके और जन-जन तक फैले।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

### आज का दोहा

प्रेम न कोई ज्वार है, चांद घटे घट जाए।
प्रेम सिंधु जल राशि है, कभी न मापा जाए।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# रामलला के दर्शन को पांच करोड़ श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे

**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या में राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा के बाद से अब तक करीब साढ़े पांच करोड़ श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर दर्शन-पूजन कर चुके हैं।उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। ऐसा नहीं है की यहां आने वालों में सिर्फ आम आदमी शामिल है बल्कि अब तक साढ़े चार लाख के करीब अति विशिष्ट व्यक्ति भी अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन पूजन कर चुके हैं। इनमें केंद्रीय मंत्री, राज्यों के गवर्नर और मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह सुनिश्चित किया है कि दर्शन की व्यवस्था कुशल और सुविधाजनक हो तथा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए कि सभी आगंतुक, चाहे वे आम भक्त हों या विशिष्ट अतिथि, सुचारू यात्रा का अनुभव करें।भव्य मंदिर के निर्माण के साथ ही अयोध्या एक प्रमुख वैश्विक धार्मिक स्थल बन गया है। बढ़ती मांग के मद्देनजर राज्य सरकार ने सार्वजनिक परिवहन संपर्क बढ़ाने पर काम किया है, जिससे तीर्थयात्रियों और पर्यटकों दोनों के लिए यहां पहुंचना आसान हो गया है।



## रामलला के दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के वक्त अभिनेता अमिताभ बच्चन से लेकर क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर जैसी हस्तियां अयोध्या पहुंची थीं। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया," लगभग अब तक साढ़े पांच करोड़ श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर चुके हैं। अयोध्या पहुंचने वालों में सर्वाधिक तीर्थ यात्री शामिल है। हमारी कोशिश रहती है कि सभी को सुरक्षा मानकों के अनुसार दर्शन कराया जाए। वीआईपी की संख्या भी कम नहीं है। अब तो प्रथम तल पर राजाराम भी विराजमान हो गए हैं। यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ेगी।"

# जयंती पर याद किए गए नरसिम्हा राव पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पूर्व पीएम पी.वी. नरसिम्हा राव की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने उनके नेतृत्व और बुद्धिमता की प्रशंसा की। पीएम मोदी ने भारत के विकास में उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा, "विकास पथ के महत्वपूर्ण चरण के दौरान उनके प्रभावी नेतृत्व के लिए भारत उनका आभारी है। उनकी बुद्धि, ज्ञान और विद्वत्तापूर्ण स्वभाव की भी व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है।" केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अर्थव्यवस्था में नई दिशा दिखाने वाले उनके प्रयासों की सराहना करते हुए लिखा, "लोकप्रिय राजनेता एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' पी.वी. नरसिम्हा राव की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दिखाने के अभिनव प्रयासों के लिए आपको सदैव याद किया जाएगा।" दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्व पीएम को सच्चा राष्ट्रभक्त बताते एक्स पर लिखा, "भारत के पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' स्व. पी.वी. नरसिम्हा राव की जयंती पर उन्हें सादर नमन। आधुनिक अर्थशास्त्र की गहरी समझ रखने वाले नरसिम्हा राव सच्चे अर्थों में राष्ट्रभक्त, विद्वान और युगद्रष्टा थे। उनकी नीतियां और विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा हैं।" हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूर्व पीएम को आर्थिक सुधारों का शिल्पकार बताया।



### असम में घुसपैठ रोकने के लिए सख्त इंतजाम

# आधार कार्ड बनवाने के लिए लगेगी डीसी की परमिशन

**एजेंसी। असम**

अवैध अप्रवासियों को आधार कार्ड प्राप्त करने से रोकने के लिए, असम में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार आधार कार्ड जारी करने और जन्म और मृत्यु पंजीकरण के नियमों को सख्त बनाने की योजना बना रही है। वयस्कों (18 वर्ष से ऊपर) के लिए आधार कार्ड अब केवल डिप्टी कमिश्नर द्वारा जारी किए जाएंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी में बात करते हुए कहा कि बहुत जल्द, हम एक निर्णय लागू करेंगे, जिसके तहत वयस्क नागरिकों को आधार कार्ड केवल डीसी द्वारा जारी किए जाएंगे। इससे यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी अवैध अप्रवासी आधार नहीं बनवा सकता है, और हम उन्हें आसानी से ट्रैक करके वापस भेज सकते हैं। हिमंत बिस्वा सरमा ने आगे कहा कि अवैध प्रवासियों का पता लगाने और उन्हें वापस भेजने के हमारे चल रहे प्रयासों के तहत कल रात हमने 20 और बांग्लादेशियों को वापस भेजा। सरमा ने कहा कि सरकार आधार कार्ड जारी करने के नियमों को सख्त बनाने पर विचार कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल वास्तविक नागरिक ही राष्ट्रीय पहचान पत्र के रूप में वर्गीकृत इस महत्वपूर्ण दस्तावेज़ को प्राप्त कर सकें।



# बिहार में चुपचाप एनआरसी लागू कर रहा चुनाव आयोग

**एजेंसी। पटना**

- विधानसभा चुनाव से पहले ओवैसी का बड़ा आरोप

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने चुनाव आयोग पर आगामी विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में गुप्त रूप से राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नए नियमों के तहत लोगों को अपने और अपने माता-पिता के जन्म विवरण को दस्तावेजों के माध्यम से साबित करना होगा, जो कई गरीब नागरिकों, खासकर बाढ़ प्रभावित सीमांचल में, के पास नहीं है। अपने एक्स पोस्ट में ओवैसी ने कहा कि निर्वाचन आयोग बिहार में गुप्त तरीक़े से एनआरसी लागू कर रहा है। वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवाने के लिए अब हर नागरिक को दस्तावेज़ों के ज़रिए साबित करना होगा कि वह कब और कहाँ पैदा हुए थे, और साथ ही यह भी कि उनके माता-पिता कब और कहाँ पैदा हुए थे। विश्वसनीय अनुमानों के अनुसार भी केवल तीन-चौथाई जन्म ही पंजीकृत होते हैं। ज़्यादातर सरकारी कागज़ों में भारी ग़लतियाँ होती हैं। उन्होंने आगे लिखा कि बाढ़ प्रभावित सीमांचल क्षेत्र के लोग सबसे ग़रीब हैं; वे मुश्किल से दिन में दो बार खाना खा पाते हैं।



### प्रस्तावना में बदलाव संविधान की आत्मा से धोखा, बना नासूर : उपराष्ट्रपति

# आपातकाल में प्रस्तावना में बदलाव संविधान से विश्वासघात

- उपराष्ट्रपति ने कहा, "प्रस्तावना संविधान की आत्मा है और उसमें परिवर्तन आत्मा को ठेस पहुंचाना है
- समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को उन्होंने "नासूर" की संज्ञा दी, जो संविधान की आत्मा में उथल-पुथल पैदा करते हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को भारतीय संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दौरान किए गए बदलावों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने 1976 के 42वें संविधान संशोधन के तहत प्रस्तावना में जोड़े गए शब्दों को संविधान की आत्मा से धोखा और भारतीय सभ्यता के साथ विश्वासघात करार दिया।

उपराष्ट्रपति निवास में आयोजित एक समारोह में कर्नाटक के पूर्व एमएलसी और लेखक डीएस वीरैया ने 'अंबेडकर के संदेश' पुस्तक की पहली प्रति उपराष्ट्रपति को भेंट की। इस अवसर पर धनखड़ ने कहा कि प्रस्तावना संविधान की आत्मा है और इसका परिवर्तन उस आत्मा को ठेस पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भारत को छोड़कर किसी भी देश की संविधान की प्रस्तावना में कोई बदलाव नहीं हुआ। क्योंकि प्रस्तावना एक मूल, अपरिवर्तनीय आधार होती है, लेकिन भारत में इसे उस समय बदला गया, जब देश आपातकाल के अंधकार में था। उपराष्ट्रपति ने कहा कि समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष जैसे शब्द 1976 में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में जोड़े गए, जो न केवल संविधान निर्माताओं की भावना के साथ धोखा है बल्कि सनातन आत्मा के अपमान के बराबर है। उन्होंने कहा, "ये शब्द नासूर की तरह हैं, जो संविधान की आत्मा में उथल-पुथल पैदा करते हैं। यह बदलाव भारतीय लोकतंत्र के सबसे अंधकारमय काल में हुआ, जब लोगों के मौलिक अधिकार निलंबित थे और न्याय व्यवस्था तक पहुंच संभव नहीं थी। धनखड़ ने कहा कि यह विचारणीय है कि हम भारत के लोग के नाम पर संविधान की आत्मा में परिवर्तन तब किया गया जब वे लोग स्वयं स्वतंत्र नहीं थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक केसों- केसवानंद भारती बनाम केरल राज्य (1973) और गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य (1967) का हवाला देते हुए कहा कि न्यायपालिका ने भी प्रस्तावना को संविधान की मूल संरचना का हिस्सा माना है। उन्होंने भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे राजनेता नहीं, बल्कि राष्ट्रपुरुष और एक महामानव थे।



## पीएम के नेतृत्व में नारीशक्ति, राष्ट्रशक्ति बन रही : सीएम



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को आपातकाल की 50वीं बरसी पर दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा की ओर से महाराष्ट्र सदन में आयोजित मॉक पार्लियामेंट में शामिल हुईं। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला कल्याण के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों की चर्चा की। महिलाओं का आह्वान किया कि वो राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। रेखा गुप्ता ने पीएम मोदी की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा, "पीएम मोदी के नेतृत्व में नारीशक्ति, राष्ट्रशक्ति बन रही है। महिलाओं को आवास, शौचालय, गैस कनेक्शन और स्वच्छ जल जैसी बुनियादी सुविधाएं मिली हैं। मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति और महिलाओं को संसद व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण के माध्यम से लोकतंत्र में बराबरी की भागीदारी सुनिश्चित हुई है। अब समय है हम महिलाएं न केवल जागरूक बनें, बल्कि जिम्मेदारी लें और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं। वहीं, आपातकाल पर सीएम ने कहा कि वो एक ऐसा दौर था जहां कोई आवाज नहीं उठा सकता था। 21 महीने तक यातनाएं दी गईं। जिन्होंने भी आवाज उठाई उन्हें कुचल दिया गया, देश ने इतिहास में ऐसा काला अध्याय कभी नहीं देखा। पूर्व पीएम ने सत्ता में बने रहने के लिए लोगों को जेल में डाल दिया। मीडिया की आजादी पर पाबंदी, शासन-प्रशासन कुछ भी नहीं बोल सकते थे। युवाओं की जबरन नसबंदी कराई गई। रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट भी साझा की।

# भ्रष्टाचार के आरोपी जेल अधिकारियों पर गिरी गाज, 20 से ज्यादा सस्पेंड

**एजेंसी। चंडीगढ़**

पंजाब की मान सरकार ने शनिवार को भ्रष्टाचार के मामले में 25 जेल अधिकारियों को सस्पेंड किया है। इसमें 3 डिप्टी सुपरिंटेंट, 2 असिस्टेंट सुपरिंटेंट और शेष जेल कर्मचारी शामिल हैं। पंजाब सरकार के प्रवक्ता के अनुसार जेल में ड्रग्स नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। इससे पहले सरकार को जेल में भ्रष्टाचार की जानकारी मिली थी, तब जाकर यह कार्रवाई की गई है। सरकार के प्रवक्ता ने इस कार्रवाई के बारे में पूरी जानकारी दी। सरकार की ओर से यह कार्रवाई जेल की कार्यशैली में सुधार लाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए की गई है। सोच यही है कि अधिकारी अपने पद को गंभीरता से लें, लापरवाही न करें। उम्मीद जताई जा रही है कि इस कार्रवाई से जेल अधिकारी अपने काम को निष्ठापूर्वक करेंगे। बता दें कि नशे को लेकर पंजाब सरकार का रवैया शुरू से ही सख्त रहा है। नशे पर अंकुश लगाने के लिए अब तक प्रदेश सरकार की तरफ से कई कदम उठाए जा चुके हैं। इससे पहले, 26 जून को पंजाब सरकार ने डेटा इंटेलिजेंस और तकनीकी सहायता इकाई स्थापित करने के लिए अनन्या बिड़ला फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था।



### महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे की बढ़ी मुश्किलें!

# मुंबई की अदालत ने जारी किया गैर-जमानती वारंट

**एजेंसी। मुंबई**

मुंबई की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने गुरुवार को महाराष्ट्र के बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे के खिलाफ गैर-जमानती वारंट (NBW) जारी किया। यह वारंट उनके वकील द्वारा दायर छूट आवेदन को खारिज करने के बाद जारी किया गया। राणे अदालती कार्यवाही में अनुपस्थित थे और मामले में उनकी लगातार गैर-हाजिरी के कारण छूट याचिका को खारिज कर दिया गया। इससे पहले अदालत ने सुनवाई में शामिल न होने के कारण पिछले महीने राणे के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। 2 जून को, भाजपा नेता ने उपस्थिति से स्थायी छूट की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था, जिसे अदालत ने भी खारिज कर दिया था। यह पहली बार नहीं है जब राणे के खिलाफ इस मामले में वारंट जारी किया गया है, यह मामला शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत द्वारा दायर किया गया था। इससे पहले एक गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था, लेकिन बॉम्बे हाईकोर्ट ने इसके निष्पादन पर रोक लगा दी थी। मजिस्ट्रेट अदालत ने अब पुलिस को 18 जुलाई तक वर्तमान गैर जमानती वारंट के निष्पादन पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।



# आज का राशिफल

**मेष :** सुख-आनंद कारक समय है। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**वृष :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मिथुन :** नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी।

**कर्क :** आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**सिंह :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें।

**कन्या :** आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शनैः-शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**तुला :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें।

**वृश्चिक :** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**धनु :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**मकर :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा।

**कुंभ :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**मीन :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें।

### मोहन भागवत का बड़ा बयान

# आरएसएस का मिशन हिंदू समाज को अपनेपन की भावना से एक सूत्र में बांधना है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को समाज में स्नेह और करुणा को बढ़ावा देने के लिए संगठन के मिशन पर प्रकाश डाला, खासकर हिंदू समुदाय को एकजुट करने के लिए। उन्होंने कहा कि ऐसे दौर में जब सामाजिक स्नेह कम होता जा रहा है, आरएसएस इन मूल्यों को फिर से स्थापित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। भागवत ने ये टिप्पणियां बालगंधर्व सभागार में प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक परशुराम यशवंत वैद्य खादीवाले के जीवन पर आधारित एक पुस्तक के विमोचन के दौरान कीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि आरएसएस का मिशन यह सुनिश्चित करना है कि संपूर्ण हिंदू समाज ''अपनापन और स्नेह की भावना'' से एक सूत्र में बंधा रहे। वह यहां प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक स्वर्गीय पी वाई खडीवाले, जिन्हें 'वैद्य खडीवाले' के नाम से जाना जाता है, की जीवनी के विमोचन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। भागवत ने कहा,पशुओं के विपरीत, मनुष्य के पास बुद्धि होती है। बुद्धि के विवेकपूर्ण उपयोग से वह और भी बेहतर बन सकता है, लेकिन उसी बुद्धि का गलत तरीके से उपयोग करने से वह और भी बुरा बन सकता है। एकमात्र चीज जो उसे बुरा बनने से रोकती है, वह है स्नेह और अपनेपन की भावना।'' उन्होंने कहा कि ऐसे उदाहरण हैं कि लोग स्वार्थी हो जाने पर बुराई की ओर झुक जाते हैं।



# लॉ कॉलेज गैंगरेप केस में सिक्योरिटी गार्ड की गिरफ्तारी

**एजेंसी। कोलकाता**

- छात्रा ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि गार्ड ने आरोपियों के कहने पर जगह खाली कर दी और मदद की गुहार को अनसुना कर दिया

कोलकाता के लॉ कॉलेज गैंगरेप केस में एक और गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने कॉलेज के सिक्योरिटी गार्ड (55 वर्षीय पिनाकी बनर्जी) को गिरफ्तार किया है। घटना के समय वो कॉलेज में ड्यूटी पर मौजूद था। इस गिरफ्तारी के साथ ही अब तक गैंगरेप केस में कुल चार लोगों को पकड़ा जा चुका है। गैंगरेप केस में सिक्योरिटी गार्ड की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे थे। पीड़ित छात्रा ने शिकायत में सिक्योरिटी गार्ड का जिक्र किया था। छात्रा ने कसबा थाने में दर्ज कराई शिकायत में आरोप लगाए कि गार्ड घटनास्थल पर मौजूद था लेकिन उसने कोई मदद नहीं की। शिकायत में छात्रा ने कहा, "मुख्य आरोपी ने अन्य दो आरोपियों के साथ गार्ड रूम में मौजूद सिक्योरिटी गार्ड को बाहर जाने के लिए कहा था, ताकि उसके साथ छेड़छाड़ की जा सके। गार्ड ने वैसा ही किया। मैंने गार्ड से मदद की भीख मांगी, लेकिन उसने मना कर दिया।"फिलहाल कोलकाता पुलिस ने आरोपी सिक्योरिटी गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले गिरफ्तार मुख्य आरोपी मोनोजित मिश्रा के अलावा जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी को एक जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। कोलकाता पुलिस ने कहा कि लॉ छात्रा से जुड़े यौन उत्पीड़न की शिकायत पर तेजी से और निर्णायक रूप से कार्रवाई की गई है। कोलकाता पुलिस लोगों से भ्रामक जानकारियों से बचने की अपील भी कर रही है।मुख्य आरोपी मोनोजित मिश्रा टीएमसी की छात्र इकाई का सदस्य बताया जाता है।



## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की घटना की निंदा जांच के लिए कमेटी बनाई

**कोलकाता।** कोलकाता में लॉ छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जांच कमेटी बनाई है। छात्रा के साथ कॉलेज में कथित तौर पर तीन युवकों ने गैंगरेप किया था, जिसमें एक आरोपी टीएमसी की छात्र इकाई का सदस्य बताया जाता है। शुक्रवार को गैंगरेप का मामला सामने आने के बाद भाजपा लगातार पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी को घेर रही है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ हुए गैंगरेप की निंदा की। इसी बीच पार्टी ने 4 सदस्यीय एक कमेटी का गठन किया है, जो कोलकाता में घटनास्थल का दौरा करेगी। भाजपा की ओर से दी गई आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, 4 सदस्यीय जांच कमेटी में पूर्व केंद्रीय मंत्री सतपाल सिंह शामिल हैं।

## कोलकाता गैंगरेप केस : संबित पात्रा ने ममता बनर्जी का इस्तीफा मांगा

**नई दिल्ली।** कोलकाता सामूहिक बलात्कार मामले पर सियासत तेज हो गई है। इस जघन्य घटना को लेकर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश में महिला मुख्यमंत्री हों, वहां इस तरह की घटनाएं होना कहीं न कहीं उनकी विफलता का प्रमाण है। भाजपा सांसद ने कहा, "हम (मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी से स्पष्टीकरण नहीं मांग रहे हैं। हम उनसे माफी मांगने और इस्तीफा देने के लिए कह रहे हैं। वह जल्द से जल्द इस्तीफा सौंपें।"उन्होंने कहा कि जिस राज्य में महिला मुख्यमंत्री हों, वहां महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता होनी चाहिए। इतनी असंवेदनशीलता और क्रूरता क्यों है? पीड़िता ने खुद बयान जारी किया है। अगर इसे ध्यान से पढ़ें तो एक बात साफ हो जाती है कि गैंगरेप का यह पूरा दुष्चक्र कहीं न कहीं राज्य प्रायोजित है।

### जगन्नाथ रथयात्रा | पुरी रथ यात्रा के दौरान करीब 700 लोगों की तबीयत बिगड़ी

# भीषण गर्मी और भीड़ बनीं परेशानी का कारण

- 485 लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दी गई, 4 लोगों को आईसीयू में भर्ती

**एजेंसी। पुरी**

पुरी में रथ यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन में भारी चूक के कारण भगदड़ जैसी स्थिति बन गयी थी। पुरी में आयोजित विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा के दौरान भीषण गर्मी और भीड़भाड़ के कारण लोगों की तबियत बिगड़ने लगी थी। शुक्रवार को जिला मुख्यालय अस्पताल (डीएचएच) सहित विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं में 724 लोगों को भर्ती कराया गया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि उनमें से 485 को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि चार को उनकी हालत बिगड़ने के बाद आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया। ओडिशा के पुरी में शुक्रवार को आयोजित विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा के दौरान भीषण गर्मी और भीड़भाड़ के कारण करीब 724 लोग बीमार पड़ गए और कई लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुरी के मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी (सीडीएमओ) डॉ. किशोर सतपथी ने बताया कि कई लोगों ने मामूली चोटें, उल्टी और बेहोशी की शिकायत की है और इसका मुख्य कारण भीड़भाड़ की स्थिति थी। उन्होंने कहा, ''अधिकांश लोगों को ओपीडी में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। कोई हताहत नहीं हुआ।'' ओडिशा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग ने कहा कि श्रद्धालुओं के बीमार होने का मुख्य कारण अत्यधिक गर्मी और उमस है। एक अधिकारी ने बताया कि पुरी के जिला मुख्यालय अस्पताल में करीब 70 लोगों का इलाज चल रहा है, जिनमें से नौ की हालत गंभीर बताई गई है। इस बीच, सूत्रों ने दावा किया कि बालागंडी क्षेत्र के पास कई लोग घायल हो गए, जहां भगवान बलभद्र का रथ, तलध्वज, एक घंटे से अधिक समय तक फंसा रहा।



## रथ खींचने में देरी पर पटनायक ने जताई गहरी चिंता

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजेडी) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने शनिवार को पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान नंदीघोष रथ खींचने में "अत्यधिक देरी" पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि वे प्रशासन को सीधे तौर पर दोष नहीं देना चाहते, लेकिन राज्य के इतने बड़े और पवित्र आयोजन में जो गड़बड़ी हुई, उस पर चुप भी नहीं रहा जा सकता। नवीन पटनायक ने लिखा, "हम किसी पर उंगली उठाने या दोष देने नहीं बैठे हैं, लेकिन कल नंदीघोष रथ खींचने में जो भारी देरी हुई, उस पर अपनी गहरी चिंता और पीड़ा व्यक्त किए बिना रहना असंभव है।"

### 'नेचर मेडिसिन' नामक पत्रिका में प्रकाशित हुई है एक रिपोर्ट

# जानलेवा ब्लड कैंसर का अब जल्दी पता लगेगा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इजरायल और अमेरिका के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा रक्त परीक्षण विकसित किया है, जो ल्यूकेमिया जैसे जानलेवा रक्त कैंसर का शुरुआती जोखिम आसानी से पता लगा सकता है। यह अध्ययन 'नेचर मेडिसिन' नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। यह खोज मायलोडिस्प्लास्टिक सिंड्रोम (एमडीएस) नामक रक्त विकार की पहचान में मददगार होगी, जो गंभीर एनीमिया और माइलॉयड ल्यूकेमिया का कारण बन सकता है। वर्तमान में एमडीएस का पता लगाने के लिए बोन मैरो नमूने की जांच की जाती है, जिसमें लोकल एनीस्थीसिया की जरूरत होती है। यह प्रक्रिया मरीजों के लिए दर्दनाक और असुविधाजनक होती है। लेकिन, नया रक्त परीक्षण इस मुश्किल प्रक्रिया की जगह ले सकता है।



इजरायल और अमेरिका के वैज्ञानिकों ने विकसित किया है यह नया रक्त परीक्षण

इजरायल के वीजमैन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के शोधकर्ताओं ने पाया कि रक्तप्रवाह में मौजूद दुर्लभ स्टेम कोशिकाएं एमडीएस के शुरुआती संकेत दे सकती हैं।

शोधकर्ताओं ने उन्नत तकनीक, सिंगल-सेल जेनेटिक सिक्वेंसिंग का उपयोग कर इन कोशिकाओं का विश्लेषण किया। इससे एक साधारण रक्त नमूने से बीमारी का पता लगाया जा सकता है। यह परीक्षण न केवल एमडीएस, बल्कि भविष्य में अन्य आयु-संबंधी रक्त विकारों की पहचान में भी उपयोगी हो सकता है। अध्ययन में यह भी खुलासा हुआ कि ये स्टेम सेल्स एक बायोलॉजिकल क्लॉक की तरह काम करती हैं, जो व्यक्ति की उम्र के बारे में जानकारी देती हैं। शोध में पाया गया कि पुरुषों में इन कोशिकाओं में बदलाव महिलाओं के मुकाबले जल्दी आता है, जिसकी वजह से पुरुषों में रक्त कैंसर अधिक देखने को मिलता है। वीजमैन इंस्टीट्यूट की डॉ नीली फ्यूरर ने बताया, ये कोशिकाएं उम्र के साथ बदलती हैं और पुरुषों में इनका बदलाव जल्दी होता है, जिससे उनका कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

यह नया रक्त परीक्षण रक्त कैंसर के इलाज को आसान और कम दर्दनाक बना सकता है। साथ ही, भविष्य में दूसरी उम्र से जुड़ी खून की बीमारियों का पता लगाने में भी मददगार हो सकता है। इस खोज को लेकर दुनिया के कई अस्पतालों में बड़े स्तर पर परीक्षण चल रहे हैं।

## बेंगलुरु सीट ब्लॉकिंग घोटाला : 17 ठिकानों पर छापेमारी में ईडी को मिले अहम सबूत

**बेंगलुरु (आईएएनएस)।** ईडी को बेंगलुरु के निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में सीट ब्लॉकिंग घोटाले में अहम सुराग हाथ लगे हैं। ईडी की टीमों ने 25 और 26 जून को सीट ब्लॉकिंग घोटाले के सिलसिले में 17 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की थी। ये कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम के तहत की गई। ईडी को इस छापेमारी में काफी सफलता मिली। मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों से संबंधित कई आपत्तिजनक दस्तावेज और अन्य डिजिटल डिवाइस मिले, जिन्हें ईडी ने जब्त कर लिया। इसके अलावा कार्रवाई में निजी संस्थानों में कुछ मुख्य कोर्सेज में प्रवेश प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर सीट ब्लॉकिंग और नकदी के इस्तेमाल से जुड़े साक्ष्य सामने आए। दस्तावेजों से पता चला है कि इन कॉलेजों में व्यापक स्तर पर सीट ब्लॉकिंग की जाती थी और नकद पैसे के जरिए एडमिशन कराए जाते थे, खासतौर पर अहम प्रोफेशनल कोर्सेज में। प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने जिन जगहों पर छापे मारे, उनमें बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, आकाश इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और इनसे जुड़े लोगों के दफ्तर शामिल थे। साथ ही कुछ एजुकेशन कंसल्टेंसी कंपनियों और निजी एजेंटों के ठिकानों पर भी तलाशी ली गई, जो इस घोटाले से जुड़े हैं। ईडी की जांच में सामने आया कि एजेंट और एजुकेशन कंसल्टेंसी का व्यापक नेटवर्क बना हुआ था, जिसका इस्तेमाल इन संस्थानों में दाखिले के लिए देशभर से छात्रों को लाने के लिए किया जाता था। मैनेजमेंट कोटे की सीटों पर एडमिशन पारदर्शी तरीके से नहीं, बल्कि नकद पैसे और बाहरी दबाव के आधार पर किया जाता था।

जांच एजेंसी की हालिया कार्रवाई में अहम सबूतों के अलावा करीब 1.37 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की गई, जो आपराधिक तरीके से कमाई गई थी। इस मामले की शुरुआत तब हुई जब कर्नाटक परीक्षा प्राधिकरण ने एक एफआईआर दर्ज कराई।

## पाकिस्तान : उत्तरी वजीरिस्तान में आत्मघाती बम विस्फोट में 13 सैनिकों की मौत, 29 लोग घायल

**इस्लामाबाद(आईएएनएस)।** खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खादी इलाके में शनिवार सुबह हुए आत्मघाती हमले में 13 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 29 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट मशरिक टीवी ने सुरक्षा एजेंसियों का हवाला देते हुए बताया कि सेना के काफिले के गुजरने के कारण इलाके में कर्फ्यू के दौरान एक आत्मघाती हमलावर ने बम निरोधक टीम से संबंधित एक माइन-रेसिस्टेंट इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) वाहन से विस्फोटक से लदा एक वाहन टकरा दिया। शक्तिशाली विस्फोट के कारण 13 सैन्यकर्मी मारे गए और 19 आम नागरिकों सहित 29 लोग घायल हो गए। क्षेत्र में अंधाधुंध गोलीबारी की भी खबरें हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों सहित 19 नागरिक घायल हो गए। रिपोर्टों में कहा गया है कि विस्फोट के तुरंत बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, महिलाओं और बच्चों सहित कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है जिससे मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है।

## आईपीएस पराग जैन को 'रॉ' का नया प्रमुख नियुक्त किया गया, रवि सिन्हा की जगह लेंगे



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्र सरकार ने पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी पराग जैन को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया है। वह रवि सिन्हा की जगह लेंगे, जिनका मौजूदा कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। जैन 1 जुलाई 2025 को दो साल के निश्चित कार्यकाल के लिए पदभार ग्रहण करेंगे। पराग जैन सिन्हा के बाद दूसरे नंबर पर थे। उन्होंने आतंकवाद निरोधक विशेषज्ञ माना जाता है और उन्हें खास तौर पर अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल है। अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने वाले आतंकवाद निरोधी विशेषज्ञ के रूप में उनकी विशेषज्ञता, विशेष रूप से सीमा पार आतंकी नेटवर्क को डिकोड करने में, आने वाले वर्षों में रॉ की स्थिति को आकार देने की उम्मीद है। जैन की नियुक्ति भारत के कुछ सबसे संवेदनशील सुरक्षा परिदृश्यों में सामने आई है। वह वर्तमान में एविएशन रिसर्च सेंटर का नेतृत्व कर रहे हैं।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया दावा

# गाजा में अगले हफ्ते तक लागू हो सकता है सीजफायर : ट्रंप

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल-ईरान युद्ध विराम के बाद बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा है कि एक हफ्ते के अंदर अब गाजा पट्टी में भी युद्ध विराम हो जाएगा। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि उन्होंने युद्धविराम विराम और बंधकों की रिहाई के लिए समझौते को सुरक्षित करने की कोशिश में शामिल कुछ लोगों से बात की है। हालांकि, ट्रंप ने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। 'व्हाइट हाउस' में ट्रंप कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और रवांडा के विदेश मंत्रियों की मेजबानी कर रहे थे। इस दौरान ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, गाजा में स्थिति भयावह है, और इसे देखते हुए हम उस क्षेत्र में बहुत सारा पैसा और बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री पहुंचा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, सैद्धांतिक रूप से हम इसमें शामिल नहीं हैं, लेकिन हम इसमें शामिल भी हैं, क्योंकि लोग मर रहे हैं। मैं उन लोगों की भीड़ को देखता हूं, जिनके पास न तो भोजन है, न ही कुछ और। इसके साथ ही ट्रंप ने अफसोस जताते हुए कहा कि कुछ सहायता को 'बुरे लोग' चुरा रहे हैं, लेकिन नई गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) प्रणाली 'काफी अच्छी' है। ट्रंप ने कहा कि अन्य देशों को मदद के लिए आगे आना चाहिए।



● ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कही यह बात

अमेरिका के अलावा, अन्य देश गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) से दूर रहे हैं। इसकी विवादास्पद प्रणाली के कारण गाजा के लोगों को भोजन लेने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, उन्हें आईडीएफ रेखा को पार करना पड़ता है। इजरायली मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह बयान अहम है, क्योंकि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के शीर्ष सहयोगी और स्ट्रैटेजिक अफेयर्स मिनिस्टर रॉन डर्मर अगले हफ्ते वॉशिंगटन जाने वाले हैं। ज्ञात हो कि 7 अक्टूबर 2023 में इजरायल के नोवा फेस्टिवल में हमास के अचानक किए गए हमले के बाद इलाके में तनाव बढ़ा। हमास के हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए और 251 को बंधक बना लिया गया था। हमले के बाद ही इजरायल ने गाजा पर हवाई हमले शुरू कर दिए थे।

## आईडीएफ कभी भी नागरिकों को निशाना नहीं बनाता : इजरायल



**तेल अवीव (आईएएनएस)।** इजरायल के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के बयानों की आलोचना की। गुटेरेस ने गाजा में भेजी जा रही मानवीय मदद को लेकर इजरायल को जिम्मेदार ठहराया था और वहां युद्धविराम की अपील की थी। मंत्रालय ने यह भी कहा कि इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) नागरिकों पर हमला नहीं करता है। गुटेरेस ने कहा था कि गाजा में हालात बेहद भयानक हैं, लोग सिर्फ अपने और अपने परिवार के लिए खाना जुटाने की कोशिश में मारे जा रहे हैं, और किसी के लिए खाना तलाशना मौत की सजा नहीं होना चाहिए। यूएन महासचिव ने गाजा मानवीय सहायता संगठन (जीएचएफ) पर कथित हमलों की भी चर्चा की और कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून का बार-बार उल्लंघन हो रहा है, और ऐसा होने पर जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि संयुक्त राष्ट्र की विफलताओं और हमास की करतूत के लिए इजरायल को दोषी ठहराना एक जानबूझकर की गई रणनीति है। जीएचएफ अब तक फिलिस्तीनी नागरिकों को सीधे 46 मिलियन से अधिक भोजन उपलब्ध करा चुका है, हमास को नहीं। फिर भी संयुक्त राष्ट्र इस प्रयास का विरोध करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। इजरायल ने कहा कि यूएन इस तरह हमास का साथ दे रहा है, जबकि हमास खुद जीएचएफ के राहत कार्यों में बाधा डालता है। मंत्रालय ने कहा, इजरायल की सेना (आईडीएफ) कभी भी आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाती। जो ऐसा कहता है, वह झूठ बोल रहा है।

### आचार्य विद्यानंद भारतीय परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तंभ

## हमें विकास और विरासत को साथ लेकर बढ़ना है : पीएम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को दिल्ली में जैन मुनि आचार्य श्री विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम मोदी ने कहा कि हमें विकास और विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ना है। इसी संकल्प को केंद्र में रखकर हम भारत के सांस्कृतिक स्थलों और तीर्थ स्थानों का भी विकास कर रहे हैं।

जैन मुनि आचार्य श्री विद्यानंद जी महाराज की सराहना करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि प्राकृत भारत की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक है। ये भगवान महावीर के उपदेशों की भाषा है। लेकिन अपनी संस्कृति की उपेक्षा करने वालों के कारण ये भाषा सामान्य प्रयोग से बाहर होने लगी थी। हमने आचार्य श्री जैसे संतों के प्रयासों को देश का प्रयास बनाया। हमारी सरकार ने प्राकृत को 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा दिया। हम भारत की प्राचीन पाण्डुलिपियों को डिजिटाइज करने का अभियान भी चला रहे हैं। आचार्य विद्यानंद महाराज कहते थे कि जीवन तभी धर्ममय हो सकता है, जब जीवन स्वयं ही सेवामय बन जाए। उनका ये विचार जैन दर्शन की मूल भावना से जुड़ा हुआ है, ये विचार भारत की चेतना से जुड़ा हुआ है। भारत सेवा प्रधान देश है, मानवता प्रधान देश है।

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में जब हजारों वर्षों तक हिंसा को हिंसा से शांत करने के प्रयास हो रहे थे, तब भारत ने दुनिया को अहिंसा की शक्ति का बोध कराया। हमने मानवता की सेवा की भावना को सर्वोपरि रखा। सब साथ चलें, हम मिलकर आगे बढ़ें। यही हमारा संकल्प है। इस अवसर पर आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज के चरणों में नमन करता हूं। उनका आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे, ये प्रार्थना करता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने आचार्य विद्यानंद जी महाराज की 100वीं जयंती के अवसर पर उनके शताब्दी समारोह के दौरान डाक टिकट और सिक्के जारी किए।



### 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि को मां भारती के चरणों में अर्पित करता हूं

पीएम ने कहा कि आज इस अवसर पर आपने मुझे 'धर्म चक्रवर्ती' की उपाधि देने का जो निर्णय लिया है, मैं खुद को इसके योग्य नहीं समझता हूं। लेकिन हमारा संस्कार है कि हमें संतों से जो कुछ मिलता है उसे प्रसाद समझकर स्वीकार किया जाता है। इसलिए मैं आपके इस प्रसाद को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं और मां भारती के चरणों में अर्पित करता हूं।

# पहली बार मोबाइल ऐप से बिहार विधानसभा चुनाव में होगा मतदान

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पहली बार मोबाइल ऐप के जरिए मतदान होने जा रहा है। कहां? बिहार विधानसभा चुनाव में। जो लोग मतदान केंद्र पर जाने में सक्षम नहीं हैं जैसे-वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग व्यक्ति, गर्भवती महिलाएं और दूसरे राज्य में रहने वाले मतदाता, इन सबके लिए यह सुविधा देने की बात है। तब क्या इस वोटिंग ऐप में छेड़छाड़ करके तंत्र पर नियंत्रण रखने वाली सत्ता या लोग इसका बेजा लाभ उठा धांधली कर सकते हैं? क्या इस वोटिंग ऐप का गलत इस्तेमाल भी हो सकता है? इस बारे में चुनाव आयोग वही कह रहा है जो महाराष्ट्र चुनावों का दस्तावेज माँगने या इसी तरह कहीं विवादित जगह का प्रमाण मांगने पर जवाब देता है। जो भी हो, चुनाव आयोग के अनुसार-ऑनलाइन वोट डालने के लिए मतदाताओं के पास अपने फोन में ऐप होना चाहिए तब ही वे मतदान कर पाएंगे।इस सुविधा का लाभ लेने के लिए मतदाता को E-SECBHR ऐप को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करना होगा। इसके बाद मतदाता सूची में एड अपने नंबर को इससे लिंक करना होगा। यह ऐप फिलहाल एंड्रॉयड मोबाइल में ही काम करेगा। इस ऐप का निर्माण सेंटर फॉर डेवलपमेंट फॉर एडवांस कंप्यूटिंग ने बनाया है। वहीं एक और ऐप को बिहार चुनाव आयोग ने बनाया है। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए, केवल दो पंजीकृत मतदाताओं को एक मोबाइल नंबर का उपयोग करके लॉग इन करने की अनुमति है। प्रत्येक वोट की जांच और सत्यापन मतदाता पहचान पत्र का उपयोग करके किया जाएगा। चुनाव आयोग ने कहा कि लगभग 10,000 मतदाता पहले ही ई-वोटिंग प्रणाली के लिए पंजीकृत हो चुके हैं तथा लगभग 50,000 से अधिक मतदाता मतदान केन्द्रों पर जाने के बजाय ऑनलाइन मतदान करेंगे।जब उनसे पूछा गया कि मतदान प्रक्रिया कैसे सुरक्षित और निष्पक्ष रहेगी, तो उन्होंने मजबूत डिजिटल सुरक्षा उपायों की रूपरेखा बताई जो लागू किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली में ब्लॉकचेन तकनीक, फेस मैचिंग और स्कैनिंग जैसी सुविधाएं शामिल होंगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इसके साथ छेड़छाड़ न की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि वोटों का रिकॉर्ड रखने के लिए एक ऑडिट ट्रेल होगा - विधानसभा व लोकसभा चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के साथ इस्तेमाल किए जाने वाले वीवीपीएटी (वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल) के समान।




● वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग व्यक्ति, गर्भवती महिलाएं व दूसरे राज्य में रहने वाले मतदाताओं को मिलेगी सुविधा

## आईएसआईएस से जुड़े आतंकी साकिब नाचन की इलाज के दौरान मौत

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) से जुड़े साकिब अब्दुल हमीद नाचन की शनिवार सुबह सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में दिसंबर 2023 से बंद था। साकिब पहले भी देश विरोधी गतिविधियों में शामिल रहा है और उस पर 2002-03 में मुंबई में हुए सीरियल बम धमाकों में शामिल होने का आरोप भी था। तिहाड़ जेल प्रशासन के प्रवक्ता अरविंद कुमार के अनुसार, साकिब नाचन को 22 जून को तबीयत खराब होने के बाद जेल की डिस्पेंसरी में ले जाया गया। वहां से स्थिति गंभीर होने पर उसे डीडीयू अस्पताल और फिर 25 जून को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। साकिब नाचन महाराष्ट्र के ठाणे जिले के पधगा का निवासी था। वह प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) का पूर्व पदाधिकारी था।




# मशहूर एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का निधन

कांटा लगा गर्ल के नाम से मशहूर एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला ने अचानक इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। उनकी मौत की खबर से उनके फैंस और इंडस्ट्री में गहरा सदमा है। शेफाली मात्र 42 साल की थीं। उनके निधन की पुष्टि विक्की लालवानी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शेफाली को अस्पताल लाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल उनकी मौत की वजह सामने नहीं आई है और इसे लेकर जांच जारी है। अस्पताल स्टाफ के मुताबिक, शेफाली जरीवाला को जब अस्पताल लाया गया, तब तक उन्होंने दम तोड़ दिया था। बताया जा रहा है कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उनके पति पराग त्यागी उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। अब शेफाली हमारे बीच नहीं रहीं।

### डॉक्टर की पुष्टि

विक्की लालवानी की सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी दावा किया गया है कि उन्होंने अस्पताल के डॉ. सुशांत से बातचीत की थी। डॉक्टर ने शेफाली जरीवाला के निधन की पुष्टि करते हुए कहा, "हम शव को पोस्टमार्टम के लिए कूपर अस्पताल भेज रहे हैं।" अब सबकी निगाहें पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे पता चल सकेगा कि उनकी मौत की असली वजह क्या थी। शेफाली जरीवाला ने अपने करियर की धमाकेदार शुरुआत 'कांटा लगा' गाने से की थी, जिसने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। हालांकि ये गाना लंबे समय तक विवादों में भी रहा। दिलचस्प बात ये है कि करियर के शुरुआती दौर में ही किसी ने उनकी मौत की झूठी अफवाह भी फैला दी थी।






17 साल बाद भी कारवाई नहीं हुई तो राजधानी के नदी-नालों के आस-पास जीवन बन जाएगा नर्क

### घंटों जाम था एनएच 75, फंसी रही एंबुलेंस

# नाले के उपर बने अवैध निर्माण टूटे तो बनेगा इतिहास

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** डालटनगंज, लोहरदगा रूट का प्रवेश द्वार पंडरा के पास स्थित पंचशील नगर चौक है जहां पिछले 17 वर्षों से प्रशासन की कारवाई का इंतजार करते लोगों की आंखे पथरा गई है वहीं वे निराश भी हैं। उनका कहना है कि वे वर्ष 2008 से ही नगर निगम को लिखित सैकड़ों बार सूचना दिए थे कि पंचशील नगर के नाले का अतिक्रमण हो रहा है जिसपर नगर निगम कारवाई करे। मगर हुआ ठीक इसके विपरीत शिकायतें जाती रही और अतिक्रमण बढ़ता रहा। एक दो कर दर्जनों अतिक्रमण हुए अब हजारों घर बन गए और बड़ी बस्ती बन गई। पंचशील नगर, शाहदेव नगर, शांति नगर, राधानगर में कई ऐसे घर है जो नाले का अतिक्रमण कर बनाए गए हैं। इसमें से सबसे प्रमुख पंचशील नगर चौक पर बनी घर- दुकानें हैं प्रमुख इसलिए कहा जाता है कि ये एनएच 75 के ठीक किनारे स्थित हैं और चंद लोगों के स्वार्थ ने पूरी राजधानी या यूं कहे आधे से अधिक झारखंड का बंटाधार कर रखा है।

एनएच 75 में स्थित पंचशील नगर चौक के ठीक किनारे हुए अतिक्रमण में बरसात के मौसम में भारी जलजमाव होता है। वहीं पंचशील नगर, शाहदेव नगर, शांति नगर और राधा नगर के घरों से लेकर सड़कों में पांच फीट तक पानी जमा हो जाता है ,लोगों के घरों में पानी घुस जाता है। घरों में पानी घुसने की घटना दूर से दिखाई देती है मगर अनेक घरें बनहोरा नदी के बहाव में बनी है जिस कारण उनके घरों में पानी घुसता है। दूसरी ओर अगर आगे के हिस्से को अतिक्रमण कर दिया जाए तो पानी पीछे के क्षेत्र को डुबाएगी ही, पानी इक्ट्ठा होगा ही। अब भी अगर नाले को अवरूद्ध मुक्त न कराया गया तो भविष्य में बड़े खतरे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। खतरा अभी भी है लोग बह रहे हैं अब तक चार लोगों की जानें भी जा चुकी है मगर सबको लगता है कि मुझे क्या होगा मेरे घर को क्या होगा। खुद तो नुकसान कर ही रहे हैं लोगों की जानें भी संकट में डाल रहे हैं।

अभी कुछ दिनों पहले हुई बारिश के पहले झोंके ने पंचशील नगर चौक में बाढ़ ला दी, हजारों गाड़ियां रातू रोड से लेकर पंडरा तक में फंसी रही इसमें एंबुलेंस भी थी।

### अगर जमाबंदी अवैध पायी जाएगी तो जमाबंदी रद्द कर होगी कारवाई : एलआरडीसी



भूमि सुधार उप-समाहर्त्ता (एलआरडीसी)सदर, रांची मुकेश कुमार से राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने प्रश्न किया कि खतियान में नदी नाले का जिक्र हो और उसपर मकान दुकानें बनायी गई हो। जमीन का रजिस्ट्री, दाखिल-खारिज हुआ हो और लगान रशीद कट रही हो तो क्या यह मान्य होगा। इस पर मुकेश कुमार ने कहा कि अगर जमाबंदी अवैध पायी जाएगी तो जमाबंदी रद्द कर कारवाई होगी लेकिन यह सब्जेक्ट ऑफ वैरिफिकेशन पर निर्भर करेगा।

एंबुलेंस राजधानी में मरीजों के अच्छे इलाज के लिए ला रही थी मगर भारी जल-जमाव में फंस गई, इनके तकलीफों का अंदाजा लगाना भी बेहद पीड़ादायक होता है । 17 साल पहले की शिकायत पर कारवाई अब तक नहीं हुई है, वहीं नदी -नाले पर घर बनाकर रहने वालों का जीवन नर्क बन गया है जो रोज-रोज भयावह होता जा रहा है। इस पर राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र ने मौनसून से पहले से अब तक लगातार खबरें प्रकाशित की है जिसके बाद से विभागीय बड़ी सक्रियता बढ़ी है और अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजा गया है, उनके कागजातों को हेहल अंचल में जांच की गई है। कागजात के फर्जी पाए जाने पर हेहल अंचल ने जमाबंदी रद्द करने का प्रस्ताव एलआरडीसी को भेजा है। आइए जानते हैं कि अग्रतर कारवाई में क्या होगा और एलआरडीसी ने नदी नाले के उपर बने मकान दुकानों के बार में क्या कहा। वहीं पूरे क्षेत्र में चर्चा की जा रही है कि अगर नाले के उपर अवैध निर्माण टूटेंगे तो यह इतिहास बनेगा और नदी नाले के उपर अतिक्रमण करने के बारे में लोग सौ बार सोचेंगे वहीं अतिक्रमण किए लोगों के लिए एक साफ संदेश होगा।

### आज से अगले दिनों तक कई जिलों में भारी बारिश की संभावना

**रांची।** झारखंड में अगले चार दिनों तक भारी बारिश होने कि संभावना है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। जारी अलर्ट में कहा है कि राज्य में 29 जून से 2 जुलाई तक भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने 29 जून से एक जुलाई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि दो जुलाई के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी रांची सहित कई जिलों में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक उत्तरी बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर का क्षेत्र बनने की संभावना है, जो झारखंड की ओर बढ़ेगा। इसके अलावा, एक पूर्वी और पश्चिमी ट्रफ झारखंड के ऊपर से गुजरेगा, जो भारी बारिश का कारण बनेगी। मौसम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट्स के अनुसार रविवार को रांची, खूंटी, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, गुमला, लोहरदगा के लिए अलर्ट जारी कर सावधान रहेने कि अपील की है।

# चुनाव आयोग की नई प्रक्रिया से भाजपाई वोटर बढ़ेंगे, घटेंगे ईसाई-मुस्लिमों की वोटर : सुप्रियो

- **व्यवस्था समाज को मतदान से वंचित करने, और राष्ट्रपति शासन की जमीन तैयार करने की कोशिश है**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि देश में संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने की सोची-समझी साजिश चल रही है। बिहार से शुरू हुई नई वोटर सत्यापन प्रक्रिया का मकसद साफ है किसी हाल में भाजपा समर्थकों की संख्या बढ़ाना और दलित, आदिवासी, ईसाई व मुस्लिम समुदाय के वोटरों को सूची से बाहर करना। भट्टाचार्य शनिवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव ने कहा कि आगामी अगस्त 2025 से झारखंड में भी इसी तरह की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। इसमें नागरिकों से ऐसे दस्तावेज मांगे जाएंगे, जो ग्रामीण और गरीब तबके के पास नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यूआईडी या ईपीआईसी कार्ड मान्य नहीं होंगे। वर्ष 2003 के बाद के मतदाताओं को अपने निर्वाचन मंडल और माता-पिता की जन्मस्थली तक साबित करनी होगी।

उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था समाज को मतदान से वंचित करने, और राष्ट्रपति शासन की जमीन तैयार करने की कोशिश है। उन्होंने आरएसएस नेता दत्तात्रेय होसबोले के बयानों की आलोचना करते हुए कहा कि समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता को हटाने की बात संविधान की आत्मा पर प्रहार है।

# कुचल दिए गए नौकरी की आस लगाए बैठे हजारों युवाओं के सपने

- **बाबूलाल मरांडी ने लगाया राज्य सरकार और प्रशासनिक तंत्र में मिलीभगत का आरोप**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर शनिवार को लिखा है कि राज्य सरकार और प्रशासनिक तंत्र की मिलीभगत ने झारखंड के नौकरी की आस लगाए बैठे हजारों युवाओं के सपनों को कुचल कर रख दिया है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा है, एक ओर जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा परिणाम पर उच्च न्यायालय की रोक अब तक जारी है, और सीआईडी हर बार अधूरी जांच का बहाना बनाकर समय को घसीटती जा रही है। दूसरी ओर, सरकार ने जिस परीक्षा कैलेंडर को बड़े दावे के साथ जारी किया था, उस पर अमल करने की जिम्मेदारी निभाने में अधिकारी पूरी तरह नाकाम रहे हैं। हर बीतता दिन युवाओं की उम्मीदों को कमजोर कर रहा है, लेकिन बीते साढ़े पांच साल तो मानो उनके भविष्य पर एक भारी बोझ बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संवेदनशीलता का परिचय दे और जल्द से जल्द बहाली की प्रक्रिया शुरू करे।

### डालसा ने किया मासिक लोक अदालत का सफल आयोजन

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रांची ने शनिवार को दिन में 10:30 बजे से व्यवहार न्यायालय, रांची में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया। इसके लिए 8 बेंच का गठन किया गया था। आज के इस लोक अदालत में कुल 6,757 वादों का निष्पादन किया गया एवं विभिन्न वादों में 75,53,454 रुपए का निष्पादन किया गया। डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने कहा कि मासिक लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए पूर्व से ही न्यायालयों द्वारा वादकारियों को नोटिस भेजा जा रहा था, ताकि अधिक से अधिक लंबित वादों का निस्तारण हो सके।

### 50 डिग्री तापमान में भी हमारी मेडिकल टीम तत्पर रही : डॉ. साकिब जमाल

**रांची।** झारखंड से हज यात्रा 2025 में गए हाजियों को चिकित्सीय सुविधा प्रदान कर झारखंड की मेडिकल टीम शुक्रवार रात वापस आ गई। ज्ञात हो कि भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा हज यात्रा 2025 के लिए हजयात्रियों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने के लिए पूरे भारत से चिकित्सकों का चयन किया गया था ।इसी कड़ी में इटकी निवासी डॉ. साकिब जमाल जो गिरिडीह के बिरनी प्रखंड के प्रभारी हैं उनको झारखंड की मेडिकल टीम में भेजा गया था ।



मेन रोड में खड़ी गाड़ी के ऊपर गिरा पेड़, गाड़ी हुई क्षतिग्रस्त

### भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम ने कहा

# मुसलमानों को वोट बैंक समझा

- **संशोधित वक्फ कानून गरीब मुसलमानों के हित में**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य जफर इस्लाम ने शनिवार को जमकर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास में विश्वास करती है। भाजपा किसी का तुष्टीकरण नहीं करती। जो जरूरतमंद हैं उन तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, यह मोदी सरकार की सोच है। आज केंद्र सरकार की योजनाएं बिना भेदभाव के मुस्लिम समाज तक पहुंच रही है। इस्लाम आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

जफर इस्लाम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 60 वर्षों तक अपने शासन काल में मुसलमानों को केवल वोट बैंक समझा और आज भी ऐसा ही समझ रही है। लेकिन, आज समाज जाग चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब मुस्लिम समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना चाहते हैं। इसलिए धार्मिक मामलों में बिना हस्तक्षेप किए समाज के हित में कानून बनाए जा रहे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता इस्लाम ने कहा कि वक्फ संशोधित कानून में धार्मिक मामलों में कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया है। केवल कानून के दुरुपयोग को रोकने की दिशा में संशोधन किए गए हैं, जिससे करोड़ों लोगों को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वक्फ में मुस्लिम समाज के लोग गरीबों के कल्याण केलिए दान देते हैं। लेकिन, चंद लोग उसपर मनमानी करते हुए उसका या तो निजी उपयोग करते हैं, यह फिर औने-पौने दाम पर करोड़ों की संपत्ति को लीज में दे देते है। इस कारण जो लाभ समाज को मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल पाता।

पूर्व राज्यसभा सदस्य इस्लाम ने कहा कि जितनी संपत्ति वक्फ के पास है, उससे करोड़ों गरीब मुसलमानों तक स्कूल, अस्पताल, यूनिवर्सिटी, कॉलेज की सुविधा पहुंचाई जा सकती है, लेकिन इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं किए गए। आज मोदी सरकार ने इस दिशा में कानून के माध्यम से पहल की है।

जफर इस्लाम ने कहा कि वक्फ संपत्ति के प्रबंधन में गैर मुस्लिम को शामिल किया गया, जो बिल्कुल सही है। योग्य लोगों की सहायता से वक्फ संपत्ति का प्रबंधन ठीक होगा। आय में कई गुना वृद्धि होगी, जिसका फायदा समाज को मिलेगा। धार्मिक मामले तो मुस्लिम समाज के लोग ही देखेंगे। उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय ने भी नए कानून को सही ठहराते हुए केवल कुछ जानकारियां चाही है।




**संशोधित वक्फ कानून संसद के दोनों सदनों में लोकतांत्रिक तरीके से पारित**

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता इस्लाम ने कहा कि कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी भले शायरी के माध्यम से शब्दों का खेल खेल सकते हैं, लेकिन संशोधित वक्फ कानून का विरोध कर मुस्लिम समाज का भला नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के दुष्प्रचार और विरोध के बावजूद यह संसद के दोनों सदनों में लोकतांत्रिक तरीके से पारित और महामहिम राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से बना हुआ कानून है। और , यह गरीब मुस्लिम समाज के चेहरों पर मुस्कान लाने वाला है। कांग्रेस पार्टी को लोगों को गुमराह करने से बाज आना चाहिए।

### वीरों की इस धरती से एक बार फिर हूल होगा : चंपाई सोरेन

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शनिवार को कहा कि वीरों की इस धरती से एक बार फिर हूल होगा। सोशल मीडिया 'एक्स' पर शनिवार को लिखा है कि आदिवासी अस्मिता एवं अस्तित्व को लेकर चल रहे आंदोलन को एक नई दिशा देने के लिए हम लोग इस बार हूल दिवस भोगनाडीह में मनाएंगे। उन्होंने लिखा है, आज से 170 साल पहले, जब फोन नहीं था, संवाद के साधन नहीं थे, गाड़ी नहीं थी, तब भी हमारे समाज के इन नायकों ने आदिवासी समाज को, हमारी परंपरा को और हमारी संस्कृति को बचाने के लिए हजारों-लाखों लोगों को एकजुट कर के अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे लिखा है, आज हमारे समाज की जमीन पर बांग्लादेशी घुसपैठिए कब्जा कर रहे हैं।

### रांची विवि में कल हूल दिवस का अवकाश

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में संथाल हूल दिवस का अवकाश 30 जून 2025 को रहेगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि विश्वविद्यालय के 31 दिसंबर 2024 की अधिसूचना में संशोधन करते हुए यह निर्णय लिया गया है। ज्ञात हो कि हूल दिवस 30 जून 1855 को सिदो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो के नेतृत्व में हुए संथाल विद्रोह की याद में मनाया जाता है।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड-हनोई में हुए...**

उद्यमों को वैश्विक अवसरों तक पहुंच प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में वियतनाम के साथ झारखंड के व्यापारिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे। इससे राज्य के उद्यमियों को नए अवसर मिलेंगे। एफजेसीसीआई अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में इंचैम हनोई के साथ हुई वार्ता में झारखंड चैंबर के महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, विकास विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, शैलेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, रंजीत गाड़ोदिया और सदस्य मनोज मिश्रा शामिल थे। एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर इंचैम हनोई की ओर से चेयरमैन नवेंदु कुमार, वाइस चेयरमैन चैतन्य रेड्डी, जनरल सेक्रेटरी प्रभज्योत शर्मा और अन्य सदस्य मौजूद थे। उन्होंने झारखंड चैंबर के साथ इस साझेदारी को दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाई देनेवाला कदम बताया।

**आपकी यात्रा भारत के लिए...**

अंतरिक्ष यात्री ने कहा कि अंतरिक्ष से कोई सीमा दिखाई नहीं देती, हम भारत को मैप पर देखते हैं, भारत सच में बहुत भव्य दिखता है। शुभांशु ने बताया कि उन्होंने अपने पैर बांध रखे हैं, क्योंकि वहां जीरो गुरुत्वाकर्षण है। चुनौतियों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में सोना बहुत बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चंद्रयान की सफलता के बाद देशभर के बच्चों में अंतरिक्ष को एक्सप्लोर करने का जज्बा बढ़ा है और शुभांशु की यात्रा बच्चों को जज्बा देती है। प्रधानमंत्री के आग्रह पर देश की युवा पीढ़ी के लिए संदेश में शुभांशु ने कहा, हमने बड़े सपने देखे हैं, उन्हें पूरा करने के लिए कहूंगा कि सफलता का कोई एक रास्ता नहीं होता। इसलिए, कभी प्रयास करना मत छोड़िए, सफलता जरूर मिलेगी। अंतरिक्ष के क्षेत्र में देश के सपने के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने शुभांशु से कहा कि हमें अपना स्टेशन बनाना है और चंद्रमा पर एस्ट्रोनॉट की लैंडिंग करानी है, इसके लिए आपका यह अनुभव काफी काम आएगा। जवाब में शुभांशु ने कहा कि हर बात का वे बारीकी से अध्ययन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी यह यात्रा विकसित भारत यात्रा को नई गति देगी। इस पर शुभांशु ने कहा कि यह यात्रा अद्भुत रही। यहां पहुंचने के बाद उन्हें लगता है कि यह देश के लिए बड़ा अचीवमेंट है। उन्होंने कहा, मैं देश के बच्चों से कहूंगा कि आप अपना भविष्य बेहतर बनाइए, क्योंकि इससे देश का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। हमेशा एक बात मन में रखें कि 'स्काई इज नेवर द लिमिटि।' शुभांशु ने कहा, मेरे पीछे जो आप तिरंगा देख रहे हैं, यह पहले नहीं था। मैंने कल (शुक्रवार को) ही इसे यहां लगाया है। यह मुझे बहुत भावुक करता है। पीएम मोदी ने अंत में शुभांशु शुक्ला से अपना ध्यान रखने, मां भारती का मान बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने 140 करोड़ देशवासियों की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दी। इस पर शुभांशु ने कहा, 'अंतरिक्ष से भारत माता की जय।'

**दिशोम गुरु के स्वास्थ्य में तेजी से हो...**

पर लिखा, बाबा का स्वास्थ्य बिल्कुल स्थिर है और किसी तरह की चिंता की कोई बात नहीं है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी दिल्ली पहुंचकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को मिलकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुलाकात करने वाले में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ,पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह एवं अन्य शामिल थे। माकपा की वरिष्ठ नेता कामरेड वृंदा करात भी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को देखने दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल पहुंचीं। मौके पर उन्होंने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और विश्वास व्यक्त किया की शिबू सोरेन जल्द स्वस्थ्य होकर झारखंड लौटेंगे। मौके पर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन से भी मुलाकात की। यह जानकारी शनिवार को माकपा के झारखंड राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने दी। इधर, फुरकान अंसारी ने कहा कि शिबू सोरेन सिर्फ नेता नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा हैं। उन्होंने हमेशा शोषितों और वंचितों की आवाज को बुलंदी दी है। आज जब वे अस्वस्थ हैं, तो हम सबका कर्तव्य बनता है कि उनके ठीक होने के लिए प्रार्थना करें। हमारी दुआएं उनके साथ हैं। वहीं, श्रम नियोजन मंत्री ने शिबू सोरेन के पुत्र और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दिल्ली में उपस्थिति को सराहा। कहा कि हेमंत सोरेन एक बेटे के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरी तरह निभा रहे हैं। व्यस्तताओं के बावजूद, वे अपनी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन के साथ अस्पताल में डटे हुए हैं। यह हर पिता-पुत्र के रिश्ते के लिए प्रेरणा देने वाला है।

### प्रधानमंत्री क्रिश्चियन नत्साय से मिले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, कहा

# भारत मेडागास्कर की विकास यात्रा में एक विश्वसनीय भागीदार

**नवीन मेल संवाददाता**

- **मेडागास्कर की स्वतंत्रता की 65वीं वर्षगांठ पर पीएम मोदी की ओर से बधाई और शुभकामनाएं दी**



**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार (27 जून) को एंटानानारिवो में मेडागास्कर के प्रधानमंत्री क्रिश्चियन नत्साय से मुलाकात की। उन्होंने मेडागास्कर की स्वतंत्रता की 65वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने 'विजन महासागर' के अनुरूप भारत के साथ विकास संबंधी अनुभव और विशेषज्ञता को साझा करने की मेडागास्कर की प्रतिबद्धता को और भी मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया। यह मुलाकात आने वाले दिनों में भारत और मेडागास्कर के संबंधों को और भी दृढ़ता प्रदान करेगा।

ज्ञात हो कि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मेडागास्कर के सशस्त्र बल मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल साहिबेलो लाला मोनजा डेल्फिन के निमंत्रण पर 25 से 27 जून 2025 तक एंटानानारिवो की आधिकारिक यात्रा पर एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

रक्षा राज्य मंत्री ने विगत 25 जून को एंटानानारिवो में दूतावास द्वारा आयोजित भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह में भाग लिया। उन्होंने मेडागास्कर में भारतीय प्रवासियों के सदस्यों और भारत के मित्रों को भारत में हाल के घटनाक्रमों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत में चल रहे आर्थिक परिवर्तन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उसी दिन शाम को एंटानानारिवो में आयोजित आतिशबाजी का प्रदर्शन भी देखा।

संजय सेठ ने विगत 26 जून को मेडागास्कर के स्वतंत्रता दिवस की 65वीं वर्षगांठ और मालागासी सशस्त्र बलों के गठन के समारोहों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 26 जून 2025 की शाम को सशस्त्र बल मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल साहिबेलो लाला मोनजा डेल्फिन द्वारा आयोजित रात्रिभोज में भी भाग लिया।

रक्षा राज्य मंत्री ने 27 जून (शुक्रवार) को सशस्त्र बल मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल साहिबेलो लाला मोनजा डेल्फिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की और भारत और मेडागास्कर के बीच रक्षा सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की, विशेष रूप से समुद्री सुरक्षा और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में। उन्होंने 27 जून को ही मेडागास्कर के प्रधानमंत्री क्रिश्चियन नत्साय से भी शिष्टाचार भेंट की। हिंद महासागर क्षेत्र में निकटतम पड़ोसी और साथी विकासशील देशों के रूप में, भारत और मेडागास्कर के बीच दोस्ती और नागरिकों के बीच लंबे समय से संबंध हैं। उन्होंने कहा, भारत मेडागास्कर की विकास यात्रा में एक विश्वसनीय और प्रतिबद्ध भागीदार बना रहेगा। रक्षा राज्य मंत्री की यात्रा ने 'विजन महासागर' (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए आपसी और समग्र उन्नति) के अनुरूप मेडागास्कर के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने की भारत की इच्छा की पुष्टि की है।

# प्रगनानंद ने उज्बेकिस्तान में जीता खिताब



**नई दिल्ली।** भारतीय शतरंज सनसनी आर. प्रगनानंद ने वर्ष की अपनी शानदार जीत का सिलसिला जारी रखते हुए यूजेडशतरंज कप मास्टर्स 2025 में खिताब जीता, जो इस साल उनकी तीसरी प्रमुख क्लासिकल टूर्नामेंट जीत है। 19 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने असाधारण लचीलेपन और संयम का प्रदर्शन करते हुए नाटकीय समापन में ताज हासिल किया। उन्होंने टूर्नामेंट के नौवें और अंतिम दौर में काले मोहरों के साथ स्थानीय जीएम नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि प्रगनानंद दो अन्य खिलाड़ियों, जावोखिर सिंडारोव और अब्दुसत्तोरोव के साथ शीर्ष स्थान पर बराबरी पर हैं, सभी ने नौ गेम के अंत में 5.5 अंक हासिल किए। चेन्नई के 19 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने टाईब्रेक मैचों के दो राउंड के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया, वे 3.5 अंकों के साथ अपने दो उज्बेकिस्तान प्रतिद्वंद्वियों से आगे रहे। सिंडारोव 3.0 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अब्दुसत्तोरोव टाईब्रेक राउंड में 2.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस साल की शुरुआत में नीदरलैंड के विज्क आन जी में टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट और रोमानिया में ग्रैंड शतरंज टूर सुपरबेट क्लासिक जीतने वाले प्रगनानंद ने इस सीजन का अपना तीसरा क्लासिकल खिताब जीता। इस जीत के साथ, प्रगनानंद ने न केवल वैश्विक एलीट वर्ग के बीच अपनी स्थिति मजबूत की, बल्कि लाइव रेटिंग में सर्वोच्च रेटिंग वाले भारतीय शतरंज खिलाड़ी बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी हासिल की - जो शतरंज की दुनिया में उनके बढ़ते प्रभुत्व का प्रमाण है।

**तीसरी प्रमुख क्लासिकल टूर्नामेंट जीत**




# भारत और पाकिस्तान हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के एक ही पूल में

**लुसाने।** भारत के तमिलनाडु में नवम्बर-दिसंबर में होने वाले आगामी विस्तारित एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप में मेजबान भारत और पाकिस्तान को एक ही पूल में रखा गया है। प्रतियोगिता का ड्रा शनिवार को लुसाने, स्विटजरलैंड में निकाला गया जिसमें पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी जिन्हें छह पूल में बांटा गया है। एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु, भारत में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। जर्मनी वर्तमान जूनियर पुरुष विश्व चैंपियन है, जिसने 2023 संस्करण के फाइनल में फ्रांस को 2-1 से हराकर रिकॉर्ड सातवां खिताब जीता था। एफआईएच अध्यक्ष तैयब इकराम ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और हॉकी इंडिया के महानिदेशक कमांडर आरके श्रीवास्तव के साथ ड्रा समारोह में भाग लिया। ड्रॉ समारोह से पहले, तैयब इकराम ने कहा, "मेरे लिए यह बहुत खुशी की बात है कि हम इस महत्वपूर्ण क्षण से पहले यहां आए हैं, क्योंकि हम पहली बार 24 टीमों वाले जूनियर हॉकी विश्व कप की ओर यात्रा शुरू कर रहे हैं! यह उभरते देशों सहित सभी देशों के युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें शामिल करने की एफआईएच रणनीति का एक हिस्सा है, और यह आयोजन ऐसा करने की दिशा में पहला कदम होगा।

**जूनियर विश्व कप के पूल**

**पूल ए:** जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा, आयरलैंड
**पूल बी:** भारत, पाकिस्तान, चिली, स्विटजरलैंड
**पूल सी:** अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, जापान, चीन
**पूल डी:** स्पेन, बेल्जियम, मिस्र, नामीबिया
**पूल ई:** नीदरलैंड, मलेशिया, इंग्लैंड, ऑस्ट्रिया
**पूल एफ:** फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, कोरिया, बांग्लादेश

# सूर्यवंशी की आतिशी पारी, भारत अंडर-19 ने इंग्लैंड को रौंदा



**होव।।** 14 वर्षीय भारतीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने महज 19 गेंदों पर 48 रन ठोककर इंग्लैंड में भारत की अंडर-19 टीम को यूथ वनडे सीरीज के पहले मैच में जबरदस्त शुरुआत दिलाई। यह मैच पांच मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच था, जो होव में खेला गया।

इस साल की शुरुआत में आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए 38 गेंदों पर 101 रन की पारी खेलकर पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले सूर्यवंशी ने इंग्लैंड में प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट में धमाकेदार डेब्यू किया। उन्होंने कप्तान आयुष म्हात्रे के साथ 7.3 ओवर में 71 रन जोड़े और भारत ने 26 ओवर शेष रहते छह विकेट से जीत हासिल की। इंग्लैंड दौरे की यह शुरुआत भारतीय युवाओं के लिए यादगार रही। इससे तीन दिन पहले उन्होंने लॉफबरो में यंग लायंस इनविटेशनल XI के खिलाफ एक अन्य 50 ओवर के मैच में 231 रन से जीत दर्ज की थी। इस मैच में सूर्यवंशी केंद्र बिंदु रहे। उन्होंने पांच छक्के और तीन चौके जड़े। जैक होम का पहला ओवर 21 रन का रहा, जिसमें उन्होंने पुल शॉट पर टॉप-एज के जरिए छक्का लगाया, फिर मिड ऑन के ऊपर और काउ कॉर्नर की दिशा में दो और छक्के जड़े। हालांकि जैसे ही धीमे बाएं हाथ के स्पिनर राल्फी अल्बर्ट गेंदबाजी पर आए, सूर्यवंशी पहली ही गेंद पर प्वाइंट पर कैच आउट हो गए।

इसके बाद भारत ने तीन और विकेट गंवाए, लेकिन विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू ने नाबाद 45 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।



## यूएस ओपन बैडमिंटन: तन्वी शर्मा, आयुष शेट्टी का शानदार प्रदर्शन, सेमीफाइनल में जगह

**काउंसिल ब्लफ्स (अमेरिका)।** उभरते भारतीय शटलर तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। इन युवा शटलर ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। 16 वर्षीय तन्वी ने सीधे गेम में उच्च रैंकिंग वाली मलेशियाई खिलाड़ी करुपथेवन लेत्शाना के खिलाफ आसान जीत दर्ज की। तन्वी ने 33 मिनट तक चले इस मुकाबले को 21-13, 21-16 से अपने नाम किया। वहीं, दूसरी ओर आयुष ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर विश्व चैंपियन चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। सेमीफाइनल में तन्वी का सामना यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की सुंग शुओ-युन को हराकर उलटफेर किया है। यह तन्वी का 'बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300' इवेंट में पहला सेमीफाइनल है।

## सचिन सर की पारियों को देखकर अपनी बल्लेबाजी को सुधारा : शेफाली वर्मा



**नॉटिंघम।** भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने खुलासा किया कि पिछले साल टीम से बाहर होने के बाद उन्होंने अपनी फिटनेस पर काम किया और प्रक्रिया में विश्वास किया। युवा खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने टीम से दूर रहने के दौरान असफलताओं से निपटना सीख लिया और सचिन (तेंदुलकर) सर की पारियों को देखकर अपनी बल्लेबाजी को सुधारा। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए चुनी गई शेफाली आठ महीने बाद पहली बार शनिवार को भारतीय जर्सी पहनेंगी। शेफाली ने बीसीसीआई को दिए इंटरव्यू में कहा, "मैंने 20-25 दिनों तक अपनी फिटनेस पर काम किया। मैंने 20-25 दिनों के बाद बल्ला उठाया और मुझे बहुत अच्छा लगा। इससे मुझे एक अलग तरह की ऊर्जा, एक अलग एहसास मिला। समय आपको बहुत कुछ सिखाता है।

## स्टीव स्मिथ को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में वापसी की उम्मीद



**ब्रिजटाउन।** स्टीव स्मिथ बारबाडोस में ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं, क्योंकि वह ग्रेनेडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में वापसी के लिए अपनी कोशिशें तेज कर रहे हैं। उंगली की चोट के कारण सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की 159 रन की जीत में चूकने वाले स्टार बल्लेबाज ने अपने पुनर्वास के हिस्से के रूप में न्यूयॉर्क में बल्लेबाजी अभ्यास फिर से शुरू कर दिया है। स्मिथ 13 जून को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान अपनी दाईं छोटी उंगली के खिसकने के बाद से ही मैदान से बाहर हैं। चोट के बाद वह न्यूयॉर्क चले गए और अपनी रिकवरी पर काम कर रहे हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने केंसिंग्टन ओवल में तीन दिनों के भीतर पहला टेस्ट मैच खत्म कर दिया। उम्मीद है कि वह 3 जुलाई से शुरू होने वाले ग्रेनेडा के नेशनल स्टेडियम में दूसरे टेस्ट से पहले रविवार तक टीम से जुड़ जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने अपनी टीम की शानदार जीत के बाद खुलासा किया, "न्यूयॉर्क में उन्होंने कुछ हिट लगाए हैं, जो मुझे लगता है कि टेनिस बॉल और इनक्रेडी-बॉल से लगाए गए थे।मुझे लगता है कि उनका घाव ठीक लग रहा है, इसलिए अगला चरण यहां आकर नेट पर कुछ गेंदें मारना है। इसलिए हमें अगले कुछ दिनों में और जानकारी मिल जाएगी।

### ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज

## हेजलवुड बने ऑस्ट्रेलियाई 'जीत के हीरो'



**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज का पहला मैच 159 रन से जीत लिया। बारबाडोस में भले ही ट्रेविस हेड को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, लेकिन जीत का श्रेय काफी हद तक तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी जाता है। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए 301 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा था, लेकिन जोश हेजलवुड की कहर बरपाती गेंदबाजी के सामने महज 33.4 ओवरों में ही मेजबान टीम ढेर हो गई।बारबाडोस की तेज पिच पर जोश हेजलवुड ने 12 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 43 रन देकर पांच विकेट झटके। यह हेजलवुड का 13वां 'फाइव विकेट हॉल' रहा।इससे पहले वेस्टइंडीज की पहली पारी में जोश हेजलवुड ने 18 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 41 रन देकर दो विकेट चटकाए थे।

मुकाबले की शुरुआत से देखें तो ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में महज 180 रन पर सिमट चुकी थी। इस पारी में ट्रेविस हेड ने 59 रन बनाए, जबकि उस्मान ख्वाजा ने 47 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम के लिए जायडेन सील्स ने पांच और शमार जोसेफ ने चार विकेट झटके।इसके जवाब में वेस्टइंडीज पहली पारी में 190 रन बनाकर महज 10 रन की मामूली बढ़त हासिल कर सकी। टीम के लिए शाई होप ने सर्वाधिक 48 रन बनाए, जबकि मेहमान टीम की ओर से मिचेल स्टार्क ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके।

## श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रन से पीटा, सीरीज जीती



**एजेंसी**

**कोलंबो।** प्रभात जयसूर्या ने श्रीलंका को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश पर पारी और 78 रनों से जीत दिलाई। उन्होंने चौथे दिन शनिवार को आधे घंटे के भीतर मैच समाप्त कर दिया और 1-0 से सीरीज पर कब्जा कर लिया। बाएं हाथ के स्पिनर को टर्निंग ट्रैक पर खेलना मुश्किल था, उन्होंने दूसरी पारी में 56 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 133 रन पर ढेर हो गई।

सुबह 6 विकेट पर 115 रन से आगे खेलने उतरी बांग्लादेश को मुकाबले को आगे बढ़ाने के लिए चमत्कार की जरूरत थी। जयसूर्या ने सुनिश्चित किया कि कोई राहत न मिले, उन्होंने दिन के अपने पहले ओवर में लिटन दास को 14 रन पर आउट कर दिया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत ने बांग्लादेश से जूट आयात पर रोक लगाई



**नई दिल्ली।** भारत ने शनिवार को बांग्लादेश से जूट और उससे जुड़े फाइबर उत्पादों के आयात पर तत्काल प्रभाव से बंदरगाह प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है, जिससे पड़ोसी देश से सस्ते और सब्सिडी वाले आयातों को रोका जा सके। बांग्लादेश से सस्ते आयात के चलते जूट की कीमतें कम हो गई हैं, जिससे किसानों की आय प्रभावित हुई है और भारतीय जूट मिलों की क्षमता का उपयोग कम हुआ है। इस कारण मिल बंद हो रही हैं और बेरोजगारी भी बढ़ रही है। सरकार के आधिकारिक बयान के अनुसार, ये प्रतिबंध न्हावा शेवा बंदरगाह को छोड़कर सभी भूमि और बंदरगाहों से भारत में बांग्लादेशी जूट और उससे जुड़े फाइबर उत्पादों के आयात पर लागू होंगे। प्रतिबंधों का उद्देश्य अनुचित व्यापार प्रथाओं का मुकाबला करना, आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना और भारत की घरेलू जूट अर्थव्यवस्था से जुड़ी ग्रामीण आजीविका की रक्षा करना है। साथ ही कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए भी कदम उठा रही है कि प्रतिबंधों को दरकिनार करते हुए बांग्लादेश से आयात तीसरे देशों के माध्यम से न भेजा जाए। दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र के प्रावधानों के तहत, बांग्लादेश से जूट को भारत में शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त है। लेकिन, पड़ोसी देश ने भारत द्वारा अपने बाजार तक विस्तारित पहुंच देने का दुरुपयोग किया गया और देश के आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचाया।

# फीस देकर पता कर सकेंगे कि फोन करने वाला फ्रॉड है या नहीं

**ब्यूरो**

- **इसके लिए दूरसंचार विभाग बनवा रहा नया प्लेटफॉर्म**

**नई दिल्ली।** तमाम लोग साइबर फ्राड के शिकार हो रहे हैं। इसको रोकने के लिए हर कुछ माह बाद दूरसंचार विभाग साइबर सुरक्षा कड़ा करने की बात करता है।इस क्रम में दूरसंचार विभाग एक और नये तरीक़ा लाने की बात कहा है। यह कि तय फ़ीस पर लोग/कंपनियां नये प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल ग्राहकों के मोबाइल नंबर वेरीफाई करने के लिए कर सकते हैं।इसके लिए अब दूरसंचार विभाग टेलीकॉम कंपनियों, बैंक, वित्तीय संस्थाओं, ई-कामर्स कंपनियों व इन जैसी जैसी दूसरी संस्थाओं को ग्राहकों के मोबाइल नंबर या पहचान को एक सेंट्रलाइज्ड प्लेटफॉर्म के मार्फत वेरीफाई करने का निर्देश दे सकता है। कहा जा रहा है कि यह ऑनलाइन फ्रॉड व स्पूफिंग ( स्पूफिंग एक प्रकार का साइबर हमला है जिसमें एक हमलावर, किसी वैध या विश्वसनीय स्रोत की नकल करके, आपको धोखा देने या गुमराह करने का प्रयास करता है। यह कई तरीकों से किया जा सकता है, जैसे ईमेल, आईपी एड्रेस, वेबसाइट या कॉलर आईडी को स्पूफ करना ) को रोकने की दिशा में एक और कदम है।विभाग ने टेलीकम्युनिकेशंस ( टेलीकॉम साइबर सिक्योरिटी ) रूल्स, 2024 में बदलाव के लिए लाए गए एक ड्राफ्ट नोटिफिकेशन में यह प्रस्ताव दिया है। इसके मुताबिक, संबंधित लोग/कंपनियां इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल ग्राहकों के मोबाइल नंबर वेरीफाई करने के लिए कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें एक तय फीस देनी होगी। ड्राफ्ट नोटिफिकेशन में डाट ने कहा है कि टेलीकॉम साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने और सुरक्षा संबंधी घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से केंद्र सरकार खुद या अपनी अधिकृत किसी एजेंसी के जरिए एक मोबाइल नंबर वैलिडेशन प्लेटफॉर्म बनाएगी। साथ ही अधिकृत संस्थाओं और लाइसेंस धारकों को बताएगी कि वे इस प्लेटफॉर्म का हिस्सा कैसे बनें या इसका इस्तेमाल किस तरह करें। सरकार फोन बनाने वाली कंपनियों को निर्देश दे सकती है कि वे छेड़छाड़ किए गए उन डिवाइसों से जुड़ी जरूरत पड़ने पर मदद करें, जिन पर आईएमईआई नंबर होते हैं। मैन्युफैक्चरर से यह भी कहा जा सकता है कि वे भारत में बन रहे या इम्पोर्ट हो रहे नए टेलीकॉम उपकरणों को को ऐसे आईएमईआई नंबर न दें जो भारत के टेलीकॉम नेटवर्क में पहले से इस्तेमाल हो रहे हैं। ड्राफ्ट नियमों के मुताबिक, केंद्र सरकार सीधे या अपनी अधिकृत एजेंसी के जरिए ऐसे आईएमईआई नंबरों का डेटाबेस रखेगी जिनमें छेड़छाड़ हुई है या जिनके इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। यदि सरकार को लगता है कि जनहित में तुरंत कार्रवाई जरूरी है, तो वह बिना नोटिस जारी किए टेलीकॉम कंपनियों को किसी मोबाइल नंबर का इस्तेमाल अस्थायी रूप से सस्पेंड करने का आदेश दे सकती है।

## गुड़ के गुण : देह को डिटॉक्स करे खून बनाने की प्रक्रिया तेज करे

**आर पी सिंह**

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाने वाली जीवनचर्या, शारीरिक सक्रियता की कमी व जंक फूड के कारण शरीर में विषैले तत्व जमा होने लगते हैं। जिससे थकावट, पाचन की गड़बड़ी, त्वचा पर दाग व खून की कमी जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इसलिए खानपान का खास ध्यान रखना बहुत ज़रूरी है। ऐसे में सुबह खाली पेट गुड़ व गुनगुना पानी का सेवन करना बहुत ही लाभकारी हो सकता है। वैद्य लोग कहते हैं कि गुड़ न केवल शरीर को डिटॉक्स करता है, बल्कि यह खून बनाने की प्रक्रिया को भी तेज करता है। तमाम लोगों को तो गुड़ बहुत पसंद है। जो प्राकृतिक मिठास वाला उत्पाद है। यह कई रंग व अलग स्वाद में आता है। गुड़ में पोटैशियम का अच्छा खासा भंडार होता है, जो इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बनाए रखने में भी मदद करता है। यह कैल्शियम, जिंक, फास्फोरस व कॉपर जैसे विटामिन व खनिजों से भरपूर होता है। जो शरीर को जरूरी मिनरल्स देता है। इसलिए इसे पानी के साथ लेने पर और फायदा करता है। किसान यूं ही नहीं काम पर जाने या काम करके लौटने पर या गर्मी के दिनों में गुड़ - पानी पीना पसंद करते हैं। यदि रोज सवेरे खाली पेट 1 गिलास गुनगुना पानी लेकर उसमें लगभग 10–15 ग्राम शुद्ध देसी गुड़ मिला अच्छी तरह घोल कर पीएं तो यह शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक होगा। यदि आप स्वाद व कुछ और लाभ चाहते हैं तो उसमें नींबू की रस मिला कर पियें। गर्म पानी में गुड़ डालकर पीने से मौजूद पोषक तत्व सर्दी, खांसी व फ्लू जैसी समस्याओं को कम करते हैं। गुड़ में फेनोलिक मिश्रण भी होते हैं, जो ऑक्सीडेटिव तनाव से लड़ते हैं। यह शरीर को आराम देता है और हमें स्वस्थ रहने में मदद करता है। गुड़ मैग्नीशियम, विटामिन बी1, बी6, सी ,अन्य एंटीऑक्सीडेंट व खनिजों से भरपूर होता है। इससे शरीर संक्रमणों से बचा रहता है और बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।इसलिए यदि आप मधुमेह के मरीज नहीं है तो सुबह एक गिलास गुनगुने पानी में गुड़ घोलकर पी सकते हैं। यदि कोई रोग है तो वैद्य से पूछकर , उनके राय के अनुसार इसका सेवन कर सकते हैं।